जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 | वर्षः 15 | संख्याः 204 | प्रभात | हिण्डौन सिटी, शुक्रवार 26 मई, 2023 | पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.



*हाल ही में प्रकाशित एक शोध के अनुसार इण्डोनेशिया के जावा द्वीप में जावन लैपर्ड का आवास वर्ष 2000 से 2020 के बीच 1300 वर्ग किलोमीटर से अधिक घट गया है। शोधकर्ताओं ने लैपर्ड्स की उपस्थिति पर असर डाल सकने वाले कई कारकों को देखा, जैसे प्राइमरी और सैकण्डरी वनों का फैलाव, प्लान्टेशन्स, नदी और इंसानी बस्ती से दूरी आदि। वैज्ञानिकों ने पूर्व के मॉनिटरिंग डेटा का अध्ययन किया और अनुमान लगाया कि 12,900 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र जावन लैपर्ड के प्राकृतिक आवास के लिए अनुकूल होगा, जो कि जावा की कुल धरती का 10 वां भाग है। शोध में पता चला कि, वर्ष 2000 में लगभग 2481 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को लैपर्ड के एकदम अनुकूल माना गया था, पर 2020 तक यह क्षेत्र 40 प्रतिशत घटकर मात्र 1430 वर्ग किलोमीटर ही रह गया। जावन लैपर्ड इस द्वीप के जीवित बचे एक मात्र बड़े परभक्षी हैं, परंतु अवैध शिकार, भोजन की कमी, आवास विनाश व जंगल के विघटन से इनकी संख्या कम हो रही है। एक अनुमान है कि, गंभीर रुप से संकटग्रस्त इस प्रजाति के केवल 350 सदस्य ही रह गए हैं और ये भी जंगल के ऐसे खंडों में रहते हैं जो एक दूसरे से बहुत दूर हैं। इण्डोनेशिया के एक एन.जी.ओ. ''सिन्टास'' के डायरैक्टर हारियो ''वीबक'' वीबीसोनो ने इन नतीजों का स्वागत करते हुए कहा, यह शोध पत्र बताता है कि, जावन लैपर्ड जंगल की दुर्दशा और अलग-थलग विघटित आवासों व आबादी के कारण संकटग्रस्त स्थिति में आए हैं। आज जावन लैपर्ड की स्थिति, जितनी सोची थी, उससे भी ज्यादा कठिन है। सिन्टास और जावन लैपर्ड फोकस नाम की संस्था के संस्थापक अर्विन विलिआंतो ने कहा कि, शोध पत्र बताता है कि लैपर्ड के आवास में कोई कनैक्टिविटी नहीं है और इनका आवास निरंतर सिकुड़ रहा है। विलिआंतो ने कहा कि, उपयुक्त (सूटेबल) आवास का अनुमान लगाना इस प्रजाति की इकॉलजी के लिए आवश्यक है।*

# कर्नाटक में मंत्रिमण्डल के गठन पर चल रहे मंथन के कारण दिल्ली की मीटिंग स्थगित

## यह बैठक खड़गे ने आहूत की है, तथा राहुल गांधी भी भाग लेंगे

- बैठक में पायलट का आना भी निश्चित सा है, क्योंकि पायलट के खेमे व पायलट की शिकायत मु.मंत्री गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा व प्रभारी रंधावा से है, खड़गे व राहुल से नहीं।
- हाईकमान पूर्णतया प्रयासरत है कि, राजस्थान में शांतिपूर्ण सह अस्तित्व स्थापित हो, चुनाव के पहले। क्योंकि, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति ठीक है, पर, यह भी साफ जाहिर है कि, गहलोत व पायलट में झगड़ा बरकरार रहा तो, चुनाव में परिणाम काफी बिगड़े हुए आने की प्रबल संभावना बनती है।
- बैठक में काफी ''फ्री'' व ''फ्रैंक'' बातचीत होने की चर्चा है। क्योंकि, जब तक दोनों के गुबार नहीं निकलते, कांग्रेस की सरकार ''रिपीट'' होने की संभावना नहीं लगती।
- पर, क्या मौके का फायदा उठाकर गहलोत यह समझा पायेंगे कि, किन मजबूरियों के कारण वे पूर्व मु.मंत्री वसुंधरा राजे के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर पाये थे।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। तमाम अटकलों व संदेहों को दरकिनार करते हुए यह माना जा रहा है कि दिल्ली में राजस्थान के विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाए जाने के लिए बुलाई गई बैठक में सचिन पायलट भी शामिल होंगे। राजस्थान में इस वर्ष के अंत तक चुनाव होंगे।

मीटिंग 26 मई को शाम 4 बजे होने वाली थी पर अब इसे आगे खिसका दिया गया है क्योंकि कर्नाटक में मंत्रिमण्डल विस्तार पर अभी फैसला नहीं हुआ है। विधानसभा चुनावों की रणनीति से सम्बन्धित बैठक कर्नाटक का मसला हल होने के बाद ही होगी। राजस्थान की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुलाई है। इसमें राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे।

इस मीटिंग में अशोक गहलोत व सचिन पायलट के बीच तालमेल बिठाने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन यह एक बड़ी चुनौती है क्योंकि गहलोत किसी भी कीमत पर गहलोत के साथ सन्त में भागीदारी करना नहीं चाहते है।

सूत्रों का कहना है कि मीटिंग खड़गे ने बुलाई है इसलिए कोई कारण नहीं है कि राहुल व पायलट इसमें शामिल ना हों क्योंकि समस्या तो मुख्य रूप से गहलोत, डोटासरा व रंधावा के साथ है।

डोटासरा व रंधावा तो गहलोत के एजेंट के रूप के काम कर रहे है।

मीटिंग में खुली एवं निष्पक्ष चर्चा होने की संभावना है जिसमें नेता कांग्रेस के दूसरी बार सत्ता में आने का राह में आने वाली बाधाओं से सम्बन्धित प्रमुख मुद्दे उठा सकते हैं।

यद्यपि नेतृत्व जमीनी और वास्तविक मुद्दों से पूर्णतया वाकिफ है और पार्टी जीतने की सहज स्थिति में नहीं है, खासकर मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ की तुलना में जहां कांग्रेस काफी आगे है। देखने वाली बात यह है कि वसुंधरा राजे सरकार के भ्रष्टाचार मामलों की जांच के मुद्दे पर बैठक में चर्चा होगी या नहीं और क्या गहलोत यह बता सकते है कि उन्होंने वसुंधरा के खिलाफ कदम क्यों नहीं उठाया और उनके भ्रष्टाचार पर कोई भी कार्यवाही क्यों नहीं की।

# 'लोकसभाध्यक्ष से पत्रकारों पर लगी पाबंदी हटाने की मांग'

## प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया ने लोकसभाध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा कि, इन पाबंदियों के कारण, वरिष्ठ पत्रकार, जिन्हें प्रेस गैलरी का स्थायी पास भी मिला हुआ है, संसद में प्रवेश नहीं कर पा रहे

- प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया ने यह भी कहा कि, ये पाबंदियाँ, कोविड-19 के कारण लगायी गयी थीं, पर, अब पूरे देश में कोविड का प्रकोप काफी घट गया है, तथा लगभग सभी राज्यों ने कोविड की वजह से लगायी गयी पाबंदियाँ हटा दी हैं। अतः लोकसभा को भी अब पत्रकारों को संसद की कार्यवाही कवर करने की पूरी सुविधा व आज़ादी दे देनी चाहिये।
- कई सांसदों व राजनीतिक नेताओं ने पत्रकारों की इस मांग का पूरा समर्थन किया है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से अपील की है कि वे मीडिया पर लगे उन प्रतिबंधों को हटा दें, जिनके चलते पत्रकारों को संसदीय कार्यवाही की रिपोर्टिंग करने से रोका जा रहा है।

क्लब-अध्यक्ष उमाकांत लखेरा तथा महासचिव विनय कुमार द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में लोकसभा अध्यक्ष का ध्यान इस तथ्य की ओर खींचने की कोशिश की गई है कि पिछले कई सत्रों के दौरान संसद की कार्यवाही की कवरेज करने वाले पत्रकारों एवं संवाददाताओं के प्रवेश पर लगाये गये कठोर प्रतिबंध अभी भी जारी हैं, जबकि ये प्रतिबंध कोविड-19 के परिणामस्वरूप लगाये गये थे।

पत्र में कहा गया है कि जहाँ हमारे कुछ साथियों को संसद में पहुँचने की अनुमति प्रदान कर दी गई है, वहीं पिछले कई दशकों से संसद की कार्यवाही को कवर करते आ रहे बहुत से पत्रकारों को ऐसा अवसर देने से अब भी इंकार किया जा रहा है, जबकि उनके पास प्रेस गैलरी के स्थाई पास मौजूद हैं।

पत्र में जोर देते हुये कहा गया है कि पिछले कई सत्रों के दौरान स्थिति के धीरे-धीरे सहज होने के साथ ही हमने विभिन्न अवसरों पर इस मुद्दे को बार-बार उठाया है तथा इन अनावश्यक प्रतिबंधों, जिनका कोई तार्किक आधार या औचित्य नहीं है, की ओर आपका भी ध्यान आकर्षित किया है।

पत्र में यहाँ तक कह दिया गया है कि चूँकि संसद में पत्रकारों के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध के पीछे कोई ठोस कारण या तर्क नहीं हैं, इसलिये ऐसा प्रतीत होता है कि ये प्रतिबंध उस व्यापक एजेंडा का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य मीडिया पर नियंत्रण करना तथा प्रेस की स्वतत्रता को प्रतिबंधित कर देना है ताकि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता तक स्वतंत्र समाचारों तथा जानकारियों के मुक्त प्रवाह को रोका जा सके।

यह माँग करते हुये कि निष्क्रिय हो चुकी (डिस्फंक्शनल) लोकसभा प्रेस एडवाइज़री कमेटी तत्काल पुनर्गठित की जाये, प्रेस क्लब अध्यक्ष ने कहा कि कोविड-19 गाइडलाइन्स के नाम पर मीडिया से छुटकारा पाने की निरन्तर कोशिश की जा रही है, जबकि इस प्रकार के प्रतिबंध इस समय देश मे या दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों, समूहों या भीड़ में कहीं भी अस्तित्व में नहीं हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# 2021 से जबर्दस्ती ''फोर्टिफाइड'' चावल खिला रही है सरकार

**- जाल खंबाता -**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह 2021 से लोगों को फोर्टिफाइड चावल खाने को मजबूर कर रही है

- कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि, उनकी सरकार ने बिना किसी वैज्ञानिक प्रमाण के मान लिया कि, फोर्टिफाइड राइस फायदेमंद है और इसका वितरण शुरु कर दिया।

जबकि इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि ये चावल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं या हानिकारक।

कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 में स्वतंत्रता दिवस के भाषण में यह घोषणा की थी तब से सरकारी एजेंसियों ने इस चावल का वितरण शुरू कर दिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कर्नाटक में सैक्युलर, पर मध्य प्रदेश में सॉफ्ट हिन्दुत्व!'

## कर्नाटक में कांग्रेस ने बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का सोच दिखाया, पर, मध्य प्रदेश में पार्टी के मु.मंत्री पद के उम्मीदवार, कमलनाथ हिन्दुत्व से पूर्णतया सहानुभूति दिखा रहे हैं

- वे माथे पर तिलक लगा कर, कई सार्वजनिक आयोजनों में नज़र आते हैं।
- कांग्रेस जिलों में आंदोलन कर रही है, पुजारियों को मंदिरों की ज़मीन के स्वामित्व का अधिकार देने के लिये।
- कांग्रेस ने भोपाल में एक ''धर्म संसद'' का भी आयोजन किया, जिसमें लगभग 1600 पुजारियों ने भाग लिया था।
- भारत जोड़ो यात्रा के तर्ज पर मध्य प्रदेश में कांग्रेस ''धर्म यात्रा'' भी आयोजित करने की सोच रही है। यात्रा के बाद, गांव स्तर पर, ''धर्म चौपाल'' भी आयोजित होगी।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। कांग्रेस ने भले ही कर्नाटक में बजरंग दल पर प्रतिबंध का मुद्दा बहुत कुशलता से उठाया हो पर मध्यप्रदेश, जहां इस वर्ष के अंत तक चुनाव होने हैं, में पार्टी ''सॉफ्ट हिंदुत्व'' (नर्म हिन्दुत्व) पर चलेगी। कांग्रेस राज्य के विभिन्न जिलों में रैलियां कर रही है और कलैक्टरों को ज्ञापन दे रही है कि मंदिरों की जमीन पर पुजारियों को पूर्ण अधिकार दिया जाए। कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी कमलनाथ वॉटस एप पर प्रचलित संदेशों और पोस्टर्स में माथे पर सिंदूर का टीका लगाए हुए दिख रहे हैं। इस वर्ष के पूर्व में पार्टी ने भोपाल में धर्म संसद भी आयोजित की थी जिसमें 1000 पुजारियों ने भी भाग लिया था। पार्टी की योजना है कि राज्य में भारत जोड़ो यात्रा की तरह धर्म यात्रा करवाई जाए इसके साथ ही हर गांव में ''धर्म चौपाल'' भी होगी और यह सब होगा नवम्बर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले।

हरियाणा और पंजाब के डेरों की तरह मध्यप्रदेश में विभिन्न राजनैतिक दल कथावाचकों, संतों व पुजारियों का समर्थन हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकांश संत और कर्थावाचक जिनमें धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री भी शामिल हैं, भाजपा समर्थक माने जाते हैं। पर कांग्रेस ने भी अपने समर्थक पुजारियों का एक समूह तैयार कर लिया है। ये वे हैं जो कई दशकों से मंदिर की जमीन पर स्वामित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पुजारियों का समर्थन जीतने के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रवीण सूद सी.बी.आई. के नए डायरैक्टर

नई दिल्ली, 25 मई। भारतीय पुलिस (भा.पु.) सेवा के 1986 बैच (कर्नाटक संवर्ग) के अधिकारी प्रवीण सूद ने आज सी.बी.आई. के निदेशक का पदभार संभाला। सी.बी.आई. से जुड़ने के पहले, वे कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक के तौर पर कार्यरत थे।

- कर्नाटक कैडर के प्रवीण सूद 1986 बैच के आई.पी.एस. अफसर हैं और 37 साल अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं।

सूद ने भा.पु. सेवा में अपने लगभग 37 वर्षों के लंबे कार्यकाल के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इनमें बेल्लारी व रायचूर के पुलिस अधीक्षक; अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) बेंगलुरु शहर; पुलिस आयुक्त, मैसूर शहर एवं बेंगलुरु शहर;

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा पासपोर्ट के झमेले में फंस सकती है

## अगर दिल्ली का कोर्ट राहुल गांधी को ''साधारण पासपोर्ट'' लेने के लिये, ''नो ऑब्जैक्शन सर्टिफिकेट'' देने से इंकार कर देता है, तो राहुल की अमेरिका यात्रा गफलत में फंस सकती है

- भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने कोर्ट में अर्जी दे रखी है कि, राहुल गांधी को नया पासपोर्ट जारी नहीं होना चाहिये।
- जैसा कि, विदित ही है, राहुल की संसद की सदस्यता, न्यायालय के आदेश से रद्द हो जाने के बाद राहुल गांधी ने अपना ''डिप्लोमैटिक पासपोर्ट'' सरैण्डर कर दिया था।
- अभी तक तो न्यायालय का सोच है कि, यात्रा करने की स्वतंत्रता एक ''फण्डमैंटल अधिकार'' है किसी भी नागरिक का, और, राहुल कई बार विदेश यात्रा पर गये हैं, तथा उन्हें कभी न्यायालय से अनुमति लेने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी है।
- पर, राहुल गांधी नैशनल हैरल्ड केस में आरोपित हैं, तथा दिसम्बर, 2005, को उन्हें इस मुकदमें में जमानत मिली हुई है, और जमानत देते समय कोई शर्त नहीं लगायी गयी थी।
- पर, सुब्रमण्यम स्वामी नैशनल हैरल्ड केस में मुख्य शिकायती हैं, अतः न्यायालय स्वामी को, राहुल को पासपोर्ट नहीं जारी होने के लिये, उनका पक्ष सुनने का मौका देना चाहती है।
- राहुल अपनी छः दिवसीय अमेरिका की यात्रा में सैनफ्रांसिस्को, वॉशिंगटन व न्यूयॉर्क जाना चाह रहे हैं, जहाँ वे प्रवासी भारतीय प्रेस को संबोधित करने का इरादा रखते है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी 30 मई को अमेरिका में तीन शहरों की 6 दिन की यात्रा पर जा रहे हैं, इस दौरान वे एन.आर.आई. समुदायों, बिज़नैस लीडर्स और मीडिया से वार्ता करेंगे, पर उनकी यात्रा कैंसिल हो सकती है, अगर दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें साधारण पासपोर्ट के लिए एन.ओ.सी. देने से इंकार कर दिया तो, राहुल द्वारा सामान्य पासपोर्ट मांगे जाने के खिलाफ सुब्रमण्यम स्वामी ने याचिका दायर की है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल ने मंगलवार को दिल्ली कोर्ट में याचिका दायर कर और सामान्य पासपोर्ट के लिए एन.ओ.सी. मांगी। क्योंकि उन्होंने मार्च में संसद से अयोग्य ठहराए जाने के बाद अपना डिप्लोमैटिक पासपोर्ट सरैंडर कर दिया था। ज्ञातव्य है कि मानहानि के एक मुकदमे में दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहरा दिया गया था। राहुल की याचिका सुनते हुए एडिशनल चीफ मैट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने कहा कि, ट्रैवल करना मूल अधिकार है और अदालतों ने उनके विदेश जाने पर कभी भी रोक-टोक नहीं लगाई, वे पहले भी बिना अनुमति के कई बार विदेश जा चुके हैं।

इसी के साथ मेहता ने यह भी कहा कि पूर्व भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी को पूरा अधिकार है कि वे कांग्रेस नेता के प्रार्थना पत्र पर अपनी राय दे। राहुल गांधी नैशनल हैरल्ड केस में अभियुक्त हैं। इस केस में स्वामी शिकायतकर्ता हैं। कोर्ट ने स्वामी को शुक्रवार तक जवाब देने का कहा है। मजिस्ट्रेट मेहता ने कहा कि दिसम्बर 2015 को इस केस में राहुल को जमानत देते समय उनकी यात्रा पर कोई रोक टोक नहीं लगाई थी यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली स्वामी की याचिका खारिज कर दी थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'नई संसद के उद्घाटन में 16 पार्टियां शामिल होंगी'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया कि सभी पार्टियां नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार नहीं कर रही हैं।

- भाजपा ने यह घोषणा करते हुए उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने वाली 16 पार्टियों की लिस्ट जारी की और कार्यक्रम का बहिष्कार कर रहे विपक्षी दलों को जवाब दिया।

भाजपा ने बताया कि 19 पार्टियां रविवार को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार कर रही हैं, लेकिन 16 पार्टियां ऐसी हैं जिन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पर सहमति जताई है।

जिन पार्टियों ने अपनी सहमति दी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**घृणा हृदय का पागलपन है। –बायरन**

# दिल्ली का बॉस कौन?

देश की शीर्ष कोर्ट ने दिनांक 11.05.2023 को एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। इस फैसले में सार्वजनिक व्यवस्था (Public Order) पुलिस और जमीन को छोडकर दिल्ली में अफसरों के ट्रान्सफर, पोस्टिंग पर दिल्ली सरकार का अधिकार माना है। संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि नौकरशाहों पर निर्वाचित सरकार का ही नियन्त्रण होना चाहिये। इस प्रकार दिल्ली में अधिकारियों के तबादले, पोस्टिंग के संबंध में जो जंग केन्द्र सरकार व दिल्ली सरकार के मध्य चल रही थी, उसे विराम मिला किन्तु केवल कुछ समय के लिये क्योंकि केन्द्र सरकार ने दिनांक 12 मई को एक ऑर्डिनेन्स (Ordinance) के द्वारा उक्त निर्णय को ही पलट दिया। ऑर्डिनेन्स (No. 1 of 2023) है, उसका शीर्षक The Government of National Capital Territory of Delhi (Amendment) Ordinance, 2023 है। दिल्ली सरकार को जो अधिकार दिये थे, वे वापिस ले लिये। ऑर्डिनेन्स के माध्यम से एक प्राधिकरण बनाया है। यह प्राधिकरण दिल्ली में ट्रान्सफर, पोस्टिंग और विजिलेन्स के काम पर नजर रखेगा। प्राधिकरण बहुमत के आधार पर निर्णय लेगा और अन्तिम फैसला एलजी का मान्य होगा। प्राधिकरण में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, दिल्ली के मुख्य सचिव व प्रमुख गृह सचिव होंगे।

अध्यादेश लाने के तत्काल बाद दिल्ली सरकार ने रिव्यू पिटीशन सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी। इसमें दिनांक 11.05.2023 के निर्णय को चुनौती दी है। केन्द्र सरकार ने National Capital Civil Services Authority भी गठित कर दी। यह प्राधिकरण ट्रान्सफर व पोस्टिंग ग्रुप ए ऑफिसर्स व DANICS Officers अर्थात (DANICS) Delhi, Andaman & Nicobar, Lakshadweep, Daman and Diu and Dadra and Nagar Haveli (Civil) Services के आर्डिनेन्स के अनुसार करेगा। एलजी का निर्णय अन्तिम होगा, यदि प्राधिकरण के सदस्य एक मत न हों।

यह केस बहुत छोटा सा लगता है, किन्तु इसमें संवैधानिक कई प्रश्न हैं, वे कुछ इस प्रकार से हैं:–

क्या सुप्रीम कोर्ट का निर्णय दिनांक 11.05.2023 संविधान के आधारभूत स्ट्रक्चर को निष्प्राण करने वाला है यानी अवैध है?

क्या सुप्रीम कोर्ट का दिनांक 11.05.2023 का निर्णय FEDRALISM की भावना के विरूद्ध है?

क्या अध्यादेश अथवा अधिनियम बनाकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलटा जा सकता है?

क्या निर्णय दिनांक 11.05.2023 में Error Apparent on Face of Record प्रत्यक्ष है?

क्या NDMC vs State of Punjab के केस में Services की जो व्याख्या बडी बैंच कर चुकी है अत: मामले को 11 जजेज की और बडी बैंच को रेफर किया जाना चाहिये था या तत्सम्बंधित प्रार्थना पत्र पर निर्णय नहीं देना Error Apparent है?

क्या केन्द्र सरकार द्वारा दिल्ली की सरकार के अधिकारियों के ट्रान्सफर, पोस्टिंग के बाबत दिये गये निर्णय को नकारते हुये अध्यादेश के द्वारा नेशनल केपिटल सिविल सर्विस ऑथोरिटी का गठन किया है और नियुक्ति व पोस्टिंग के फाइनल अधिकार राज्यपाल को दे दिये जो दोषपूर्ण है?

यशस्वी विधिवेत्ताओं ने और अखबारों में अध्यादेश पर तीखी टिप्पणियां की गई हैं। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा है कि बदले की भावना से लाया गया है तथा अध्यादेश द्वारा संविधान के प्रावधानों को तोड़ा–मरोड़ा है। सिंघवी सीनियर एडवोकेट ने पुरजोर तरीके से कहा कि आफिसरों की जवाबदेही चुनकर आयी सरकार के प्रति होती है यह जाना–समझा सिद्धान्त है। विरोध के स्वर कई जगह से आ रहे हैं।

दिनांक 11.05.2023 के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरूद्ध केन्द्र सरकार ने रिव्यू पिटीशन दायर की है। सुप्रीम कोर्ट का मत था कि नेशनल केपिटल टेरीटरी ऑफ दिल्ली को लेजिसलेटिव व एक्जीकटिव के अधिकार नेशनल केपिटल में Administrative Services के अधिकार हैं अपवाद केवल पब्लिक ऑर्डर, पुलिस व जमीन का है। संविधान पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि एलजी को दिल्ली सरकार के आदेश को (सिवाय पब्लिक आर्डर, जमीन संबंधित विषय के। केन्द्र सरकार एक अध्यादेश लेकर आई है जिसमें नेशनल केपिटल सिविल सर्विस ऑथोरिटी के गढन का प्रावधान है। इस प्राधिकरण का हेड दिल्ली के चीफ मिनिस्टर होंगे। अब प्राधिकरण ही ट्रान्सफर, पोस्टिंग पर आदेश जारी करेगा। इस बाबत एक विज्ञप्ति जारी की गई थी। इसका उद्देश्य था कि संविधान के आर्टिकल 239एए की जो भावना थी उसे मुखरित किया है।

**सुप्रीम कोर्ट से बडी कोर्ट, सुप्रीम अपेलेट कोर्ट नहीं है अतः निर्णय फाइनल (अन्तिम होता है)। यदि संसद के कानून से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निरस्त करने का अधिकार माना जावे तो यह स्वीकार करना होगा कि संसद को अपेलेट जूरिसडिक्शन प्राप्त है। यह कानून की सही स्थिति नहीं है।**

संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड, जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्णमूर्ति, जस्टिस हीमा कोहली तथा जस्टिस पीए नरसिम्हा थे, जिन्होंने निर्णय सुनाया था।

राष्ट्रपति ने सर्वोच्च न्यायालय के 11.05.2023 के निर्णय को पलटने हेतु एक अध्यादेश निकाला है। यह अध्यादेश नं. 1 of 2023 है। इस अध्यादेश से जो 19 मई सन 2023 को भारत के राज पत्र मे प्रकाशित हुआ है। इसका उद्देश्य था, Government of National Capital Territory of Delhi Act, 1991 को संशोधित करना। दिल्ली भारत की राजधानी है, इसका Administration राष्ट्रपति करते थे, इसे यूनियन टेरिटरी माना गया था, इसको विशेष अधिकार दिया गया था यानी इसे यूनियन टेरीटरी का दर्जा दिया गया तथा इसे Legislature (विधायिका) का अधिकार दिया गया।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 11.05.2023 से माना गया कि दिल्ली की सरकार सभी सर्विसेज जिसमें, आईएएस भी हैं, कन्ट्रोल करेगी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहा कि चुनी गई सरकार ही सर्विसेज को कन्ट्रोल करेगी, किन्तु केन्द्र की सरकार का दखल नहीं होगा। नये अध्यादेश ने इसे स्पष्ट करते हुये बतलाया कि अब ये अधिकार दिल्ली के एलजी के होंगे। ऑर्डिनेन्स ने स्पष्ट किया कि नेशनल केपिटल, समस्त देश की है और समस्त देश अपेक्षा करेगा कि उनका हित नेशनल केपिटल में है। अनुच्छेद 239एबी व 239बी अध्यादेश लाने की प्रक्रिया से संबंध रखते हैं और अध्यादेश जो राष्ट्रपति की हिदायत से जारी किया जावेगा उसे अधिनियम का दर्जा दिया जावेगा। इसमें दी गई अध्यादेश की प्रक्रिया अनुच्छेद 213 में दी गई प्रक्रिया से भिन्न है। यह भी निर्विवाद कानूनी स्थिति है कि **Court cannot nullify the direction of the Court by a Legislature that unless the base is removed within the constitutionally permissible limits"-

ऑर्डिनेन्स के अनुसार प्राधिकरण की नियुक्ति हो चुकी है और वह नियुक्ति ट्रान्सफर, पोस्टिंग को कन्ट्रोल करेगा। एलजी को यह सिफारिश दुबारा भेजी जावेगी जो केन्द्र सरकार का प्रतिनिधित्व (नोमिनी) है एलजी व प्राधिकरण की सिफारिश में भिन्नता होने पर एलजी का निर्देशन माना जावेगा।

नये ऑर्डिनेन्स (No.1 of 2023) की धारा 3 जो बहुत महत्वपूर्ण है वह इस प्रकार है:–

3. After section 3, the following section shall be inserted, namely:--

"3A. Notwithstanding anything contained in any judgement, order or decree of any Court, the Legislative Assembly shall have the power to make laws as per Article 239AA except with respect to any matter enumerated in Entry 41 of List II of the Seventh Schedule of the Constitution of India or any matter connected therewith or incidental thereto."

इस केस में सबसे बडा प्रश्न है क्या अध्यादेश अथवा अधिनियम से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलटा जा सकता है। संविधान के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का निर्णय फाइनल होता है। यह सही है कि अन्तिम निर्णय के बाद रिव्यू अथवा Currative Petition हो सकती है, किन्तु संसद को कोर्ट के अन्तिम निर्णय का 'पलटने' का कोई विशिष्ट अधिकार नहीं है। कई निर्णयों में सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि संसद में कानून बनाकर निर्णय को निरस्त नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट से बडी कोर्ट, सुप्रीम अपेलेट कोर्ट नहीं है अत: निर्णय फाइनल (अन्तिम होता है)। यदि संसद के कानून से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निरस्त करने का अधिकार माना जावे तो यह स्वीकार करना होगा कि संसद को अपेलेट जूरिसडिक्शन प्राप्त है। यह कानून की सही स्थिति नहीं है।

इस केस में कई कानूनी प्रश्न पैदा हुये हैं। इसके अतिरिक्त बीजेपी जो अध्यादेश लेकर आई है, उसका विरोध भी हो रहा है। 'आप' पार्टी के केजरीवाल जी कांग्रेस का साथ दे सकते हैं और ममता जी केजरीवाल को सहयोग दे सकती हैं। विषय चिंता व चिन्तन का है और कानूनी स्थिति भी उलझी हुई दिखाई दे रही है। केस में शीघ्र ही बहस हो सकती है। जब केस में सुनवाई होने वाली हो तो केस के मेरिट पर लिखना उचित नहीं है। रिव्यू पिटीशन में यह प्रश्न नहीं उठाया गया प्रतीत होता है। यों भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है अत: प्रश्न नं. 3 पर लेखक के क्या विचार हैं, उस पर प्रकाश डालना चाहता हूँ। Lawteller नामक मेगजीन जो नवम्बर 2002 में प्रकाशित हुई थी लेखक का लेख पृष्ठ संख्या 506 पर प्रकाशित हुआ था। इसका शीर्षक था "Promulgation of Ordinance to Nullify the Directions of Election Commission, A Fraud on the Constitution" लेखक का मत इस लेख में सर्वोच्च न्यायालय के ही कई निर्णयों पर आधारित है। लेख के कुछ अंश इस प्रकार हैं:–

** By an Ordinance or Legislature enactment the Government cannot nullify the judgment of the Supreme Court **

इसके अतिरिक्त एस एस बोला बनाम बी डी सर [1997) (8) SCC 522] , ऐल्युमेनियम कम्पनी का केस [1966 (7) SCC 3] , में भी यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया है कि ऑर्डिनेन्स की सहायता से इलेक्शन कमीशन की डायरेक्शन को अथवा सुप्रीम कोर्ट की डायरेक्शन को निरस्त नहीं किया जा सकता है। चूंकि इस केस में ऑर्डिनेन्स से The Government of Natiional Capital Territory of Delhi 1991 को Ordinance No.1/2023 से संशोधित किया है। संशोधन से स्थिति में परिवर्तन हुआ है।

दिल्ली का बॉस कौन है यह समझ में आ जावेगा। माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की प्रतीक्षा करें।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश,**
**राजस्थान हाई कोर्ट**

# लिंग-विभेद रोधी तथा भ्रष्टाचार-रोधी प्रयास: जी-20 के लिए एजेंडे का निर्धारण



एस. राधा चौहान

जी–20 भ्रष्टाचार–रोधी कार्यसमूह की बैठक, जो इस महीने के अंत में ऋषिकेश में आयोजित की जायेगी, के महत्वपूर्ण विषयों में एक है–भ्रष्टाचार का लैंगिक आयाम। पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिए भ्रष्टाचार का अनुभव अलग होता है, क्योंकि वे आर्थिक और सामाजिक रूप से अधिक कमजोर होती हैं। भेदभाव के ऐतिहासिक पैटर्न पर आधारित लैंगिक शक्ति विभेद, भेदभावपूर्ण व्यवहार को बढ़ावा दे सकते हैं, जो महिलाओं को बलपूर्वक भ्रष्टाचार और शोषण के अन्य रूपों की पीड़ा देते हैं। इसके अलावा, सामाजिक मानदंडों के परिणामस्वरूप, रूढ़िबद्ध लैंगिक सामाजिक भूमिकायें और विशिष्ट आवश्यकतायें महिलाओं के लिए गतिविधि के क्षेत्रोंका निर्धारण करतीं हैं, जहाँ उन्हें भ्रष्टाचार के उच्च जोखिम का अक्सर सामना करना पड़ता है। जहां महिलाएं परिवार की प्राथमिक देखभाल करने वाली की भूमिका निभातीं हैं, वहां उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी और स्वच्छता जैसी सार्वजनिक सेवाओं की सुविधा के लिए नियमित रूप से भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। इस बात पर आम सहमति है कि भ्रष्टाचार का महिलाओं की शिक्षा के परिणामों पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है और यह उनके मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ लैंगिक समानता को प्रभावित करता है, जिससे अंतत: दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक प्रगति भी प्रभावित होती है।

भ्रष्टाचार–विभेद के प्रभाव को देखते हुए श्रम बाजार और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं के समावेश पर भी विचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि विविधता के विस्तार और समावेश में वृद्धि से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। आईएलओ के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि 25 से 54 वर्ष की आयु–वर्ग के लोगों के बीच श्रम बल भागीदारी में लैंगिक अंतर 29.2 प्रतिशत है, जिसमें महिला भागीदारी 61.4 प्रतिशत और पुरुष भागीदारी 90.6 प्रतिशत है। भ्रष्टाचार से संबंधित कानूनों समेत उपयुक्त विधायी और संस्थागत व्यवस्थाओं को लागू करने से औपचारिक अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सकती है। कई अध्ययनों ने निर्विवाद रूप से स्थापित किया है कि कैसे सूचना विषमता के परिणामस्वरूप महिलाओं की ऋण सुविधा तक पहुंच सीमित हो जाती है, जिससे उनके व्यापार निवेश और रोजगार सृजन के अवसरों में कमी आती है। वित्तीय सेवाओं का डिजिटलीकरण एक समाधान हो सकता है, लेकिन पूरी दुनिया में एक बहुत स्पष्ट डिजिटल लैंगिक अंतर मौजूद है। अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, केवल 57 प्रतिशत महिलाओं की इंटरनेट तक पहुंच है, जबकि पुरुषों के लिए यह संख्या 62 प्रतिशत है। इस कारण, ई–वाणिज्य और डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं के माध्यम से उपलब्ध असंख्य अवसरों के उपयोग करने के क्षेत्र में महिलायें गंभीर नुकसान की स्थिति में होतीं हैं।

विश्व के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया जाता रहा है। जैसा कि यूएनओडीसी की दिसंबर 2020 में प्रकाशित द टाइम इज नाउ शीर्षक रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है, लैंगिक समानता के पक्ष में किये गए कार्य, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं, लेकिन इसका विपरीत भी सत्य है। वैश्विक स्तर पर, यह सहजीवी संबंध लिंग–जागरूकता और साक्ष्य–आधारित नीति निर्माण के लिए बड़ी संभावनाओं के द्वार खोलता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 2021 के विशेष सत्र की राजनीतिक घोषणा के माध्यम से, सदस्य देश लैंगिक आधार और भ्रष्टाचार के बीच संबंधों की अपनी समझ में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जी20 भ्रष्टाचार–रोधी कार्यसमूह (एसीडब्ल्यूजी) भ्रष्टाचार से संबंधित उभरते मुद्दों का समाधान करने में सबसे आगे रहा है। 2019 जी20 राजनेताओं की घोषणा के माध्यम से, जी20 देशों ने भ्रष्टाचार और लैंगिक आधार के बीच संबंधों पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्यों का स्वागत किया। जी20 एसीडब्ल्यूजी कार्ययोजना 2019–21 और 2022–24 में सदस्य देशों द्वारा निम्न के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी है – सदस्य देश लैंगिक आधार और भ्रष्टाचार के बीच संबंधों की अपनी समझ को गहरा करना जारी रखेंगे और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यक्रमों व नीतियों में लैंगिक आयाम को कैसे शामिल किया जा सकता है, इस पर ध्यान देते हुए संभावित कार्रवाइयों पर चर्चा करेंगे।

शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में भारत सरकार द्वारा कई पहलें की गई हैं, जिनका महिला सशक्तिकरण पर और भ्रष्टाचार के प्रति उनकी कमजोरी में कमी लाने पर गुणात्मक प्रभाव पड़ा है। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) जैसी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजनाओं ने महिलाओं की आय और उनकी वित्तीय निर्णय लेने की क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि की है। जैम ट्रिनिटी, धन के सीधे अंतरण को सक्षम करने के लिए जन धन बैंक खातों, आधार के तहत प्रत्यक्ष बायोमेट्रिक पहचान और मोबाइल फोन को एकीकृत करता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने बैंक खाता स्वामित्व में लैंगिक अंतर को प्रभावी ढंग से कम किया है – 55.6 जन धन खाते महिलाओं के पास हैं। आधार आधारित प्रमाणीकरण और मोबाइल फिन–टेक सेवाओं के साथ, जेएएम ट्रिनिटी की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के माध्यम से महिला उद्यमियों को अत्यधिक समर्थन मिला है। 2030 तक, अनुमानित 30 मिलियन महिलाओं के स्वामित्व वाले एमएसएमई के भारत में फलने–फूलने की उम्मीद है, जिनसे 150 मिलियन लोगों को रोजगार मिलेगा। सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जेम) की वुमनिया पहल; महिला उद्यमियों को स्थानीय सरकारी खरीदारों के साथ दूर-दराज स्थित महिला उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं को जोड़कर बाजार, वित्त और मूल्य–संवर्धन तक पहुंच प्रदान करती है। 15 जनवरी, 2023 तक, 1.44 लाख से अधिक महिला सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई)–जेम पोर्टल पर विक्रेता और सेवा प्रदाता के रूप में पंजीकृत हैं और 21,265 करोड़ रुपये के सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) के लिए 14.76 लाख से अधिक ऑर्डर पूरे किए हैं।

ऋषिकेश में जी20 भ्रष्टाचार–रोधी कार्यसमूह की बैठक में जी20 सदस्य देशों के लैंगिक संवेदनशील शासन और लैंगिक आयाम के साथ भ्रष्टाचार–रोधी सर्वोत्तम तौर तरीकों से जुड़े वैश्विक और भारतीय अनुभवों को प्रस्तुत किया जाएगा, जिनके आधार पर सदस्य देश भविष्य की पहलों के लिए विषय–वस्तु निर्धारित करेंगे। जिन कुछ प्रश्नों पर आगे विचार–विमर्श किया जाएगा, उनमें शामिल हैं: (क) सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में नीति निर्माता; भ्रष्टाचार के लैंगिक अंतर प्रभाव को समझने की आवश्यकता तथा महिलाओं और पुरुषों की विशिष्ट चिंताओं और अनुभवों का समाधान करने वाली नीतियों को डिजाइन करने की आवश्यकता को किस प्रकार स्वीकार कर सकते हैं? (ख) सरकार, शासन में महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों के साथ भ्रष्टाचार–रोधी नीतियों को कैसे जोड़ सकती है? (ग) भ्रष्टाचार–रोधी उपायों में लैंगिक विश्लेषण तथा भ्रष्टाचार पर लिंग संबंधी अलग–अलग डेटा की क्या भूमिका है? भारत और विदेश के पैनल विशेषज्ञ इन मुद्दों पर व्यापक रूप से चर्चा करेंगे और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में लैंगिक संवेदनशील शासन और नीति–निर्माण के क्षेत्र में आगे का रास्ता दिखाएंगे।

**एस. राधा चौहान,**
**लेखिका कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार की सचिव हैं।**

# सांभर के देवयानी सरोवर में सुअरों का जमघट



सांभर के देवयानी सरोवर ( तीर्थ स्थल ) में लंबे समय से सूअरों का जमघट लगा हुआ है।

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर के देवयानी सरोवर (तीर्थ स्थल) में लंबे समय से सूअरों का जमघट लगा हुआ है। सभी तीर्थों की नानी के नाम से विख्यात यहां पर प्रदेशभर से श्रद्धालुओं का नियमित आना जाना रहता है। पर्यटन और पुरातत्व विभाग के माध्यम से सरकार ने यहां पर सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार पर करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया लेकिन लावारिस व पालतू जानवरों को तीर्थ स्थल में आने से रोकने के लिए कोई दूरदर्शिता नहीं दिखाई गई।

देवस्थान विभाग ने कभी भी यहां के धार्मिक तीर्थ स्थलों के रखरखाव व उनके संरक्षण की दिशा में कोई सुध नहीं ली और ना ही देवस्थान विभाग का यहां पर कोई उप कार्यालय है। नगर पालिका प्रशासन के पास हालांकि सीधे

**■ सरोवर में कमल गट्टे को खा रहे हैं सूअर, हजारों की तादाद में छोटी मछलियां भी हो रही है शिकार**

तौर पर तो कोई जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन नगर पालिका एक्ट में प्राप्त प्रावधानों के अनुसार ऐसे पालतू पशुओं को खुले में छोड़ने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सूअरों का झुंड जो कि सर्वहारि (सभी प्रकार का आहार खाने वाला) होता है वह इस देवयानी सरोवर में कमल के पौधों की जड़ों को अंदर तक जाकर खा रहा है। इस प्रकार कमलगट्टे को नष्ट करने से आने वाले समय में अब यहां पर लोगों को कमल खिलते दिखाई देना मुश्किल हो जाएगा जो कि सरोवर को सुंदरता प्रदान करते हैं। वहीं सूअरों का झुंड सरोवर में मौजूद छोटी मछलियों को भी अपना शिकार बना रहे हैं जो कि काफी चिंता का विषय है।

मंदिर के पुजारियों ने बताया कि बाहर से आने वालो श्रद्धालुओं की ओर से घाट पर कपड़े, नारियल के खोल, मालाएं आदि बहा दी जाती हैं जिससे भी सरोवर की पवित्रता दूषित हो रही है।

अनिल कुमार गट्टानी भाजपा पार्षद व नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि यह तो बहुत गंभीर मुद्दा है, आखिर नगरपालिका कर क्या रही है। अधिशाषी अधिकारी को हमारी ओर से सरोवर के खुले स्थानों पर तारबंदी करने हेतु लिखा जाएगा और इस काम के लिए दबाव भी बनाया जाएगा ताकि इन पर रोकथाम लगाई जा सके।

हरिनारायण यादव अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांभर का कहना है कि मेरे संज्ञान में यह मामला आज ही आया है। वैसे सरोवर पर निगरानी हेतु कुछ नरेगा कार्मिकों की ड्यूटी भी लगा रखी है। मौका निरीक्षण किया जाएगा। वैसे पालिका को सीधे तौर पर धार्मिक स्थलों के लिए अलग से कोई बजट नहीं मिलता है। देवस्थान विभाग की भी यह मुख्य जिम्मेदारी है। सरोवर में सूअरों को रोकने के लिए व्यवस्था की जाएगी तथा ऐसे पशु मालिकों को नोटिस देकर उन्हें बाडे में बंद रखने हेतु भी लिखा जाएगा अन्यथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे की सर्विस रोड पर जानलेवा गड्ढे

**पावटा,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के सर्विस रोड पर वाहन चालक मुश्किल भरा सफर कर रहे हैं। एक दिन की बारिश में मुख्य मार्ग सहित सर्विस रोड की हालत खराब हो गई है। सर्विस रोड तो जगह–जगह तालाब नजर आ रही है।

मुख्य मार्ग पर जहां कई जगह पैचवर्क उखड़ गए हैं वहीं सर्विस रोड पर तो आवागम मुश्किल हो गया है। बारिश की वजह से सर्विस रोड पर

**■ पानी भरने से तालाब जैसे हालात पैदा हो रहे हैं**

प्रागपुरा से लेकर पावटा तक बड़े–बड़े गड्ढों में पानी भर गया है। वाहन तेजी से चलाते हुए जब गड्ढों के निकट आते हैं तो अचानक ब्रेक लेने के प्रयास में संतुलन बिगड़ जाता है।

यह तो संयोग ही अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। यदि सर्विस रोड में सुधार न हुआ तो किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वहीं पावटा से कूनेड जाने वाले रोड पर करीब 3 फीट गहरा गड्ढे हो गये हैं। ऐसे ही कई और गड्ढे हैं जिसमें बड़े वाहन तो पार हो जाते हैं लेकिन छोटे वाहन अक्सर फंस जा रहे हैं। साइकिल व मोटरसाइकिल वालों के लिए यह सबसे बड़ी मुसीबत बने गए हैं। इस रास्ते से स्कूली वाहन सर्वाधिक आते जाते हैं। बुधवार की रात कई वाहन गड्ढे में फंसे थे जिन्हें क्रेन बुलाकर निकलवाना पड़ा। क्षेत्र में रात और सुबह बारिश होने के कारण हाईवे किनारे सर्विस मार्ग की सडक टूटने से बडे–बडे गड्ढे हो रहे हैं। सडक किनारे बनाया गया नाला भी जगह–जगह से टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया या कचरे से भरे हुए है। इस कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है।

## राशिफल शुक्रवार 26 मई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, आश्लेषा नक्षत्र रात्रि 8:50 तक, धुव्र योग सांय 7:03 तक, गर करण सांय 6:01 तक, चन्द्रमा रात्रि 8:50 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–कर्क, बुध–मेष, गुरू–मेष, शुक्र–मिथुन, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज रवियोग रात्रि 8:50 तक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:20 तक, लाभ–अमृत 7:20 से 10:42 तक, शुभ 12:24 से 2:05 तक, चर 5:27 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:09




**मेष**

घर–परिवार के खर्चों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। महत्वपूर्ण मामलों में संयम रखना ठीक रहेगा।




**वृष**

परिवार में मन को प्रसन्न करने का प्रयास करें। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।




**मिथुन**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




**कर्क**

महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।




**सिंह**

अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष और भय बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




**कन्या**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेंगे। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।




**तुला**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आवश्यक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।




**धनु**

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। परिवार में परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।




**मकर**

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।



**कुंभ**

विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।



**मीन**

परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

## चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण

**करौली ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में निरीक्षण के जरिए सुधार हेतु सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीणा ने चिकित्सा संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर मरीजों से रूबरू हुए और संस्थाओं पर पाई गई कमियों का मौके पर निस्तारण करवाया। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ . सतीशचंद मीना साथ रहे।

डॉ. मीना ने सीएचसी कुडगांव का निरीक्षण दौरान उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर कार्मिकों की उपस्थिति जांची, कोल्ड चैन, वैक्सीन रखरखाव और रिकॉर्ड संधारण सहित संस्था की साफ-सफाई से रूबरू हुए। जहां पानी की टंकी को मौके पर ही साफ कराया। उन्होंने यूपीएचसी स्टेडियम का निरीक्षण कर कार्मिकों की मौजूदगी जांची और क्षेत्र के मरीजों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश प्रदान किये। इसी क्रम में उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया जहां वार्डो के लैटबाथ में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई और तुरंत सफाई हेतू निर्देशित किया।उन्होंने वार्ड में बैड पर मरीजों के लोड को कम करने के लिए उचित प्रबंध के निर्देश प्रदान कर स्टाफ को नियमित जांच एवं उपचार के लिए पाबंद किया।

# विधायक ने किया सीसीटीवी सड़क का लोकार्पण



विधायक भरोसी लाल जाटव ने सड़क का लोकार्पण किया।

**हिण्डौनसिटी ।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत शहर में एक करोड़ अस्सी लाख रुपए की लागत से बनी सीसी सड़क का गुरुवार को लोकार्पण हुआ। रेलवे ओवर ब्रिज के पास बजरी मंडी रोड पर आयोजित समारोह में विधायक भरोसीलाल जाटव व नगर परिषद सभापति ब्रजेश कुमार जाटव ने शिलापट्टिका का अनावरण किया।

सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से हुए समारोह में विभागीय अभियंताओं ने विधायक, सभापति, शहर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष नरसी पराशर व अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। समारोह में विधायक ने कहा की मुख्य स्टेशन रोड से बजरी मंडी की वृद्धाआश्रम होते अग्रसेन कॉलेज एवं गणेश नगर सोसायटी तक बनी सीमेंट कंक्रीट सड़क आवागमन सुगम हुआ है। वहीं जलभराव की समस्या से निजात मिली है। विधायक ने कहा कि कांठोस सरकार से बीते साढ़े चार साल में मिली सौगातों में से कई विकास योजनाएं जल्द ही मूर्त रूप लेंगी। सभापति बृजेश जाटव ने कांठोस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही लोगों से पात्रता के अनुसार महंगाई राहत कैम्पों से लाभांवित होने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहर के सभी वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे है। अगर सभापति के पास पार्षद के अलावा किसी भी वार्ड का आमनागरिक किसी भी कार्य के लिए पहुँचता हैं तो उनकी तुरंत सुनवाई की जाती हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि गत वर्ष की मुख्यमंत्री बजट घोषणा में 179.21 लाख की लागत से स्टेशन रोड से बजरी मंडी की वृद्धाआश्रम होते अठासेन कॉलेज एवं गणेश नगर सोसायटी तक सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है। इस अवसर पर सूरौठ कांग्रेस मंडल अध्यक्ष बत्तूराम मीना, संवेदक विष्णु गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता,बंटी अठावाल, प्रदीप गुप्ता, दिनेश गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, विमल अग्रवाल,दिनेश शर्मा सहित क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## तम्बाकू निषेध सप्ताह की शुरुआत

**सवाई माधोपुर ।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई के उपलक्ष्य में जिले में 25 से 31 मई तक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से तंबाकू निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार से तम्बाकू निषेध सप्ताह का आगाज़ हुआ। सप्ताह के अंतर्गत विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें सभी मीडिया कार्मिकों ने भाग लिया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रुकम केश मीना ने सभी को तम्बाकू निषेध अभियान के बारे जानकारी दी। वार्ता में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधींद्र शर्मा, डीपीओ गिरिराज शर्मा, जिला आई ई सी समन्वयक प्रियंका दीक्षित, सोशल वर्कर राजीव सेन मौजूद रहे। सभी को जानकारी दी गयी कि अभियान से पूर्व अतिरिक्त जिला कलक्टर सूरज सिंह नेगी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन बुधवार को किया जा चुका है। ब्लॉक स्तर पर प्रेस वार्ता, एसडीएम की अध्यक्षता में समन्वय समिति की मीटिंग, पंचायती राज प्रतिनिधियों की कार्यशाला व तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने का कार्य किया जाएगा।

## सार-समाचार

### कॉलोनी में पानी की किल्लत

**गंगापुर सिटी ।** संजय कॉलोनी में करीब एक महीने से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने के कारण कॉलोनी के लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड रहा है। कॉलोनीवासियों ने गुरुवार को विशेष अधिकारी अंजलि राजोरिया को ज्ञापन देकर पेयजल समस्या के समाधान की मांग की। संजय कॉलोनी के लोग बेरवा समाज सेवा समिति के बैनर तले मिनी सचिवालय पहुंचे। इस दौरान कॉलोनी के लोगों ने बताया कि संजय कॉलोनी में करीब 1 महीने से जलापूर्ति नहीं हो रही है। जलदाय विभाग के द्वारा यदि जलापूर्ति की जाती है तो नलों में केवल 2 से 3 मिनट ही पानी आता है। उन्होंने बताया कि संजय कॉलोनी में वार्ड 23, 24 और 26 शामिल हैं और इन तीनों वार्ड में पेयजल समस्या बनी हुई है। कई बार पेयजल समस्या के समाधान के लिए जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन बार-बार अवगत कराने के बाद भी अभी तक पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया गया है। इसके कारण लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड रहा है। खासकर महिलाओं को काफी परेशानियां उठानी पड रही है।

### कार्यसमिति बैठक का आयोजन आज

**गंगापुर सिटी ।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश कार्यसमिति के पश्चात विभिन्न जिलों में जिला कार्यसमिति बैठक का आयोजन चौथ का बरवाडा ट्रस्ट धर्मशाला पर आयोजन किया गया जिसके पश्चात नियमानुसार शुक्रवार को गंगापुर शहर के नहर रोड स्थित गुलाब वाटिका में शाम 5 बजे से गंगापुर सिटी शहर मंडल कार्यसमिति का आयोजन किया जायेगा। उक्त मंडल कार्यसमिति के मंडल प्रभारी मनोज बंसल व भाजपा शहर मंडल प्रवक्ता धनेश शर्मा ने बताया कि उक्त मंडल कार्यसमिति में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। साथ ही मंडल कार्यसमिति की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित द्वारा की जाएगी।

# 'युवाओं को कला व संस्कृति के बारे में जानना जरुरी'

**करौली ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र करौली द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव श्रंखला के तहत प्रधानमंत्री द्वारा दिए अमृत काल के पंच प्रण की 2047 के भारत की संकल्पना थीम पर आधारित युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल करौली मे किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए नशा मुक्ति अभियान, मिडिया के सदुपयोग,सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार आदि के बारे में युवाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओबीसी एवं वित्त आयोग के वाइस चैयरमैन दर्शन सिंह गुर्जर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के किया। अतिथियों मे मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार गौतम,केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल पवन मीना,आरएसएलडीसी से डीएससी रणजीत सिंह एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नईम खान, पिरामल फाउंडेशन से मुकेश शर्मा,सत्यम पांडे, गोपाल सिंह,जिला उद्योग केंद्र,राजीविका आदि से उपस्थित रहे।कार्यक्रम विवेकानंद माडल स्कूल के प्रिंसिपल धर्म सिंह मीना की देखरेख में आयोजित किया गया।इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी हर्षित खंडेलवाल ने बताया की प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए अमृत काल के पंच प्रण ही भारत को आगामी 25 सालों मे नई उच्चाई पर ले जा सकते है उन्होंने कहा की जिस प्रकार से हमारी शक्ति बढ़ रही है आज पूरा विश्व भारत की ओर बड़ी उम्मीद से देख रहा है अब आने वाले दो दशक में हम विश्व के सबसे बडी शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे कैच द रेन 3.0 का पोस्टर विमोचन कर युवाओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई इस कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंच संचालन अमित कुमार शर्मा ने किया इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के विकास सिंह,जाकिर खान,प्रियंका चौधरी,उपस्थित रहे राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सहित 800 से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

**जताया आभार :** करौली शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही सेटअप परिवर्तन 6(3) व 6डी की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश नेतृत्व ने मुख्यमन्त्री,शिक्षामन्त्री व शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर व तीन बार वार्ता कर शिक्षको के हित में अपना पक्ष पुरजोर तरीके से रखा। इसके बाद निदेशक बीकानेर ने सेटअप परिवर्तन की प्रक्रिया को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया है। जिला अध्यक्ष गोविन्द देव मीणा ने बताया कि संगठन के प्रदेश महामन्त्री महेन्द्र लखारा व अतिरिक्त महामन्त्री रवि आचार्य के लगातार संघर्ष व अथक प्रयास से उक्त प्रकिया के स्थगित होने से पूरे प्रदेश के शिक्षकों में खुशी की लहर है। इस प्रक्रिया को स्थगित किये जाने पर संगठन के विभाग संगठन मन्त्री पुखराज मीणा, इंदिरा गुर्जर,जिला कोषाध्यक्ष मदन लाल बरदाला जिले के समस्त उपशाखा पदाधिकारियों ने इसे संगठन के संघर्ष की जीत बताते हुए मुख्यमन्त्री,शिक्षामन्त्री व निदेशक का आभार व्यक्त किया है।

## चंबल पानी के लिए पंचायत 28 को

**करौली ।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति की ओर से 28 मई को सुबह 11:00 बजे नांगल शेरपुर के खेल मैदान में महिला पंचायत होगी। इस दौरान ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए संघर्ष की कार्य योजना बनाई जाएगी।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति से जुडी महिलाओं ने बताया कि यह महिला पंचायत पूर्व में 25 मई को बुलाई गई थी। लेकिन तेज बारिश और अंधड़ के कारण महिला पंचायत को स्थगित करना पड़ा था। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना और मुख्य संयोजक रविन्द्र मीना के आव्हान पर अब नांगल शेरपुर के ही खेल मैदान पर 28 मई को प्रातः 11:00 बजे महिला पंचायत आयोजित होगी। गौरतलब है कि ईआरसीपी के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए 7 मई को पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में महिला रैली निकाली गई थी। इसके अलावा टोडाभीम उपखंड के 250 से ज्यादा गांवों में 10 दिन तक महिला रैली निकाली गई।

# सभापति का किया अभिनंदन



गंगापुर सिटी में सभापति का माला पहना कर सीताराम गुप्ता एडवोकेट ने अभिनंदन किया।

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल के निलंबन को राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा स्टे मिलने पर दुबारा सभापति का पदभार ग्रहण करने पर गुरुवार को पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सीताराम गुप्ता के नेतृत्व में सैकडों लोगों ने उनके निवास पर पहुँच कर माला साफा पहनाकर कर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर मिट्ठू सिंह गुर्जर, श्योदान गुर्जर, निरंजन गुर्जर, प्रहलाद गुर्जर, हुकम सिंह गुर्जर,एड.नीरज खंडेलवाल, एड.कृष्णा शर्मा, एड. अभिदीपसिह अरोडा, लक्ष्मण बैरवा, राजू बैरवा, विश्वजीत सिंह फौजी, प्रेमचंद्र मास्टर, राधामोहन मास्टर, मुकेश राव, विजेंद्र गुर्जर प्रधानाचार्य, रजत गुप्ता एड. सत्यभान सिंह एड., विमल जैन, किशन सिंह, गिर्राज सैनी, मनोज कोलीपाडा, भानु पारिक, ओमप्रकाश गुर्जर, सीताराम गुर्जर, मनोज सैनी, नागेश लोढी, मुकेश माली, मनोहर माली, नेमी गुर्जर, विट्ठू खेडा पति, राहुल गर्ग, रिजूल गर्ग, रामभरोसी जांगिड, विजय बांसरोठा, संतोष गूर्जर, प्रवीण गोयल भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, सोनू बैरवा, विकास रेकवाल, राहुल गुप्ता सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## जनजागरूकता अभियान 12 जून से

**करौली ।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी मुरलीधर प्रतिहार ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिये ईवीएम,वीवीपेट की कार्यप्रणाी से आमजन को जागरूक करने के लिये सम्भवतः 12 जून से जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों मे जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जायेगा। जिसके अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र स्तर पर मोबाईल बैन द्वारा ईवीएम, वीवीपैट के प्रचार प्रसार हेतु ईवीएम,वीवीपेट की कार्यप्रणाली का हैंडऑन कराने,एलईडी, एलसीडी टीवी द्वारा उक्त विषयक लघु फिल्मों को प्रसारण किया जायेगा।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम, वीवीपेट कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध मे 12 जून से 30 सितम्बर 2023 तक राजकीय अवकाशों को छोडकर कार्यदिवसों मे विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर पारस्परिक दूरी को दृष्टिगत रखते हुए मोबाईल बैन के उपयोग के संबंध मे मतदान केन्द्रवार कार्ययोजना बनाकार 30 मई तक भिजवान सुनिश्चित करें। इस संबधं मे उन्होने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी को निर्देश भी जारी किये है।

## खिलाड़ियों के बीच हुआ मैत्री मैच

**करौली ।** जिला क्रिकेट संघ करौली द्वारा सौरभ एजुकेशन कैंपस खेड़ा में आयोजित किया जा रहे ग्रीष्मकालीन क्रिकेट शिविर मे बुधवार को शिविर में रह रहे क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच मैत्री मैच का आयोजन किया गया।

मैच रॉयल ए एवं रॉयल बी के बीच 40-40 ओवर का खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल ए ने 39,3 ओवर में 289 रन बनाए जिस में सर्वाधिक स्कोर ऋषि ठाकुर 94 रन, हिमेश गुर्जर 74 रन द्वारा बनाए गए।इसके जवाब में रॉयल बी ने बल्लेबाजी करते हुए 31 ओवर में 221 रन बनाए एवं पूरी टीम आउट हो गई। रॉयल बी की तरफ से सर्वाधिक स्कोर लक्ष्मण 55 रन एवं अंकित मीना का 33 रनों का योगदान रहा। इस प्रकार रॉयल ए टीम ने यह मैच 68 रन से जीत लिए।मैच के मैन ऑफ द मैच ऋषि ठाकुर रहे। मैच के दौरान जिला क्रिकेट संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष ओम प्रकाश पाठक एवं उपाध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय किया गया।

# 'समाज सेवा के कार्य में स्काउट गाइड अग्रणी'

**करौली ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किए जा रहे डीएलएड स्काउट गाइड ग्रुप शिविर के संभागीय को संबोधित करते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार गौतम ने कहां की स्काउट गाइड शिविरों में बालक बालिकाओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है एवं शिविरों के माध्यम से बालक बालिकाओं में समाज सेवा की भावना जागृत होती है।

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की 23 से 29 मई तक जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किए जा रहे डीएलएड स्काउट गाइड ग्रुप शिविर का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार गौतम ने झंडा फहरा कर उद्घाटन किया इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थी बालिकाओं को संबोधित करते हुए गौतम ने कहा कि स्काउट गाइड शिविरों के माध्यम से बालक बालिकाओं में राष्ट्रीय एकता राष्ट्र के विकास के लिए योगदान की भावना विकसित होती है एवं शिविरों के माध्यम से वह समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय आपदाओं के समय स्काउट गाइड अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर सेवा के लिए तत्पर रहते हैं शिविरों के माध्यम से स्काउट गाइड का शारीरिक मानसिक बौद्धिक एवं चारित्रिक विकास होता है जिसके माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास होता है।

राज्य सरकार इस गतिविधि को प्रत्येक विद्यालय में अनवर कर रही है उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की की प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थी बालिकाएं अपने सेवाकाल में अपने विद्यालय के बच्चों को अधिकाधिक स्काउट गाइड से जोडे। इससे पूर्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के शिविर में पहुंचने पर ट्रेनिंग काउंसलर मेघराज माली के नेतृत्व में गाइड्स के एक दल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया ।

## तम्बाकू निषेध जागरूकता दी जानकारी

**भरतपुर (निस)।** स्वास्थ्य भवन सीएमएचओ कार्यालय में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रेस वार्ता का आयोजन गुरूवार को किया गया। राज्य सरकार की जन घोषणा "युवाओं में नशे की लत को रोकने हेतु कारगर कदम उठाना" एवं तम्बाकू निषेध सप्ताह की कार्ययोजना की जानकारी देने एवं मीडिया के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि तम्बाकू निषेध सप्ताह अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला, विभिन्न विभागों द्वारा कोटपा अधिनियम की क्रियान्विति एवं चालानिंग की कार्यवाही, कोटपा अधिनियम की क्रियान्विति मासिक अपराध समीक्षा बैठक में शामिल करना, इलेक्ट्रिक सिगरेट के प्रतिबंध की क्रियान्विति, तम्बाकू मुक्त विद्यालय के 9 इंडिकेटर्स की पालना, जिला स्तर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया।

# कवि सम्मेलन में देर रात तक चले व्यंग बाण


■ श्रोताओं ने तड़के तक लिया वीर रस, हास्य रस की कविताओं का आनन्द

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद की ओर से आयोजित कल्याणजी मेले में बुधवार रात को कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे देशभर से आए कवियों ने विभिन्न रसों में काव्य पाठ कर देर रात तक समा बाधा। दिल्ली से आईं डॉक्टर कीर्ति ने सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मध्य प्रदेश के आलोट से आए कवि नंदकिशोर अकेला ने अपनी हास्य व्यंग्य कविताओं से लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया। उज्जैन की युवा कवयित्री निशा पंडित ने प्रेम और श्रृंगार की कविताएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 2000 के गुलाबी नोट को बंद किए जाने पर उन्होंने जिसका रंग गुलाबी मनभावन लगता था सबको प्यारा, 2000 का नोट हमारा, यह भ्रष्ट तंत्र ही आज बना सच में इसका हत्यारा, 2000 का नोट हमारा सुनाया। इसके बाद गंगापुर सिटी के गोपीनाथ चर्चित ने अपने चिर परिचित अंदाज में व्यंग चुटकियां और छंद सुनाकर एक हास्य गजल तेरा हुश्न है चौदवीं के चांद सा ठंडा ठंडा, तुझे देखलूं कुछ देर तो जुकाम हो जाए सुनाकर श्रोताओं को हंसाया। डॉक्टर कीर्ति काले ने जहां कई हास्य गीत सुनाए, वहीं बिटिया चली ससुराल के माध्यम से बेटी की विदाई का गीत सुनाकर श्रोताओं की आंखों को नम कर दिया। उसके बाद अयोध्या में अगर ढूंढोगे तो श्रीराम मिलते हैं, कि वृंदावन में ढूंढोगे तो फिर घनश्याम मिलते हैं, अगर काशी में ढूंढोगे तो भोलेनाथ मिल जाएं, मगर मां बाप के चरणों में चारों धाम मिलते हैं की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय कर दिया। जयपुर के वरिष्ठ कवि अब्दुल अय्यूब गौरी ने सांप्रदायिक, सद्भाव और राष्ट भक्ति की अनेक कविताएं सुनाकर श्रोताओं में वीर रस का संचार किया। देवास (मध्य प्रदेश) के कवि शशिकांत यादव ने अपनी छोटी-छोटी चुटकियों से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, वहीं अनेक राष्ट भक्ति की रचनाएं सुनाई। दिल्ली के कवि सरदार प्रताप फौजदार ने अपने चिर परिचित अंदाज में श्रोताओं को ठहाके लगाने को मजबूर कर दिया, उनके एक प्रसिद्ध गीत मैं हूं बहुत हैरान तब से जब से उसने बात की, जाने क्या मंशा थी उसकी किस सबब से बात की, तुम बताओ दोस्तों क्या शक्ल से गुंडा हूं मैं, एक पुलिस वाले ने मुझसे कल अदब से बात की। कवि सम्मेलन का संचालन प्रसिद्ध कवि शशिकांत यादव ने किया।

## छात्रावास का भूमि पूजन किया

**नदबई (निस)।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिन्दर अवाना ने नदबई क्षेत्र के गांव बैलारा में बजट घोषणा में स्वीकृत बालिका छात्रावास का भूमि पूजन किया। इस दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया। इससे पहले ठामीणों ने माला व साफा पहनाकर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष का अभिनंदन किया। बाद में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने भूमि पूजन करते हुए निर्धारित समयावधि में बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण होने का आश्वासन दिया। साथ ही छात्रावास से ग्रामीण छात्राओं को सहूलियत मिलने के बारे में बताते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता रखने के दिशा-निर्देश दिए। समारोह दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने करीब 4.50 करोड़ रुपए की लागत से कन्य महाविद्यालय का निर्माण होने के बारे में बताते हुए विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यो को लेकर चर्चा की।

# भाजपा भरतपुर कार्यसमिति की बैठक आयोजित



भारतीय जनता पार्टी मुखर्जी मण्डल शहर भरतपुर की कार्यसमिति बैठक गिरधारी गुप्ता ( खडे होकर जानकारी देते ) के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई।

**भरतपुर (निस)।** भारतीय जनता पार्टी मुखर्जी मण्डल शहर भरतपुर की कार्यसमिति बैठक अग्रवाल धर्मशाला खिरनी घाट भरतपुर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंघल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, जिला महामंत्री ब्रजेश अग्रवाल, जिला मंत्री मुकेश सिंघल, जिला कोषाध्यक्ष सीए हेमन्त अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष रूपेन्द्र सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राकेश सर्राफ, मण्डल अध्यक्ष विष्णु लोहिया, चिकसाना मण्डल अध्यक्ष गोविन्द सिंह, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष तेजवीर मीणा रहे। सर्वप्रथम बैठक की शुरूआत भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं राष्ट्रगीत के द्वारा की गई। बैठक में मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंघल ने मंचासीन अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ी हुई है अपराध दिन पर दिन बढ रहे हैं व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, बिजली की कटौती, फ्यूल सरचार्ज, हिन्दू विरोधी सरकार, यू.डी. टैक्स, महिला उत्पीडन, रीट में चीट कर युवाओं के साथ धोखा किया है एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया।

## आर्टस के परिणाम बेहतर

**भरतपुर (निस)।** जिले में कुम्हेर तहसील के महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल कूम्हा ने 12 कला वर्ग में पूरे जिले में अपना परचम लहराया है। महात्मा गांधी स्कूल कूम्हां विद्यालय की छात्रा 'पायल पुत्री ओमवीर ने 96.40 प्रतिशत, वही हनुमान सीनियर सेकेंडरी सितारा कुम्हेर संचालित किरण गयात्री शिक्षण संस्था कुम्हेर की छात्रा हिमानी सिंगल पुत्री विनोद वोबदिया 95 प्रतिशत में प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वही हनुमान सीनियर सेकेंडरी सितारा कुम्हेर की छात्रा कनिष्का जैन पुत्री पारस जैन ने 92.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल कूम्हा की छात्रा दीप्ती पुत्री नीतेंद्र ने 91.20 प्रतिशत, क्षमा पुत्री गंगा सिंह ने 12वीं कला वर्ग में 86.80 प्रतिशत, मीरा 83.40 प्रतिशत और अंजु पुत्री मुनेश ने 81.40 प्रतिशत अंक हांसिल किए। विद्यालय के 7 छात्राओं में से 5 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। सभी छात्राओं ने अपनी सफलता के लिए अध्यापकों और माता पिता का आभार व्यक्त किया।

# प्रजापति समाज का माहकुंभ 28 को जयपुर में



करौली में आयोजित प्रजापति समाज कि बैठक में महाकुंभ में चलने को लेकर चर्चा कि गई।

**करौली।** प्रजापति समाज कि आयोजित हुई बैठक मे 28 मई को आयोजित होने वाले महाकुंभ मे भाग लेने का निर्णय लिया गया।

गुरुवार को शहर गोबर्धन पैलेस में प्रजापति समाज के लोगो की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता डॉ0 रामप्रसाद प्रजापति ने की जिसमे विद्याधर नगर जयपुर में 28 मई को प्रजापति समाज के महाकुम्भ में भाग लेने का निर्णय लिया है दक्ष प्रजापति विकास संस्थान के संयोजक छीतर लाल प्रजापति ने बताया कि प्रजापति समाज की आराध्य देवी श्री यादे माता के नाम पर प्रजापति समाज के विकास के लिए आयोग गठन,दक्ष प्रजापति श्री यादे माता जयंति पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने,एवं प्रजापति समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने आदि माँग रखने के लिए समाज की एकता प्रदर्शित की जावेगी ।

सम्पूर्ण राजस्थान के हर गाँव ढाणी से प्रजापति समाज के लोग भाग लेंगे। करौली जिले से सभी तहसील मुख्यालयों से जयपुर तक वाहनों की तहसील कार्यकरणी द्वारा व्यवस्था की गई है,करौली जिला मुख्यालय से भी एक बस एवं निजी वाहनों से समाज के लोग भाग लेंगे डॉ. रामप्रसाद प्रजापति ससेडी, ठंडी प्रजापति ठेकेदार, गोपाल प्रजापत, बाबू लाल माढ़ई, दिनेश ठेकेदार भूर सिंह प्रजापति, दिनेश प्रजापति हौंडा, रमेश प्रजापति ठेकेदार, चेतन उदयवाल एसस्टेट मैनेजर, रमेश प्रजापति अध्यापक, गंगाराम प्रजापति, सचिव बाबूलाल ठेकेदार, अजय प्रजापत, धन सिंह प्रजापत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## प्रतिमा का 28 को अनावरण

**डीग (निस)।** मास्टर आदित्येंद्र फाउंडेशन की ओर से राजस्थान गांधीवादी युगपुरुष व स्वतंत्रता सेनानी मास्टर आदित्येंद्र की 28 मई को 25 वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी एवं इसी दिन डीग के मास्टर आदित्येंद्र राजकीय कॉलेज पर मास्टर आदित्येंद्र की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम होगा। फाउंडेशन के कार्यकारी सचिव संजीव गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एवं राजस्थान के गांधीवादी युगपुरुष व समाजसेवी मास्टर आदित्येंद्र की 28 मई को 25 वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस दिन सुबह 9.30 बजे डीग में स्थित मास्टर आदित्येंद्र राजकीय कॉलेज पर मास्टर आदित्येंद्र की प्रतिमा का अनावरण होगा।

जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह होंगे। जबकि इस कार्यक्रम के पूर्व सांसद पण्डित रामकिशन, नगर विधानसभा के विधायक व राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष वाजिब अली, नगर पालिका डीग के चेयरमैन व व्यापार संघ डीग के अध्यक्ष निरंजन टकसालिया विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम के स्वागत कर्ता व सस्थापक सुरेशगुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता तथा क्षेत्र की समस्त सरदारी व कॉलेज प्रशासन होगा।

# आई.पी.एल. मैच पर 25 करोड़ का सट्टा पकड़ा, पांच गिरफ्तार

## 16 मोबाइल, तीन लेपटॉप, 26 नई मोबाइल सिम जब्त

**राजसमंद**, (निसं)। ऑनलाईन आईपीएल सट्टे के खिलाफ राजनगर पुलिस ने अब तक की सबसे बडी कार्रवाई करते हुए करीब 25 करोड़ का सट्टा पकड़ा है। पुलिस ने 16 मोबाइल, तीन लेपटॉप, 26 नई

- 'मुम्बई इंडियन्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान सट्टा लगाया जा रहा था'
- आरोपियों के लेनदेन करने वाले 5 बैंक खातों को भी पुलिस ने फ्रीज करवाया



राजसमंद में पुलिस ने क्रिकेट पर ऑनलाईन सट्टा लगाने के आरोपियों को गिरफ्तार किय।

मोबाइल सिम जब्त की है।

जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशन में एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा के सुपरविजन में ऑनलाइन सट्टे पर कार्यवाही के लिए राजनगर थाना अधिकारी डॉ हनवंतसिंह के नेतृत्व में विषेश टीम का गठन किया। ऑनलाईन आईपीएल सट्टे के खिलाफ राजनगर पुलिस ने करीब 25 करोड़ का सट्टा पकड़ा है।

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि शहर में 100 फीट रोड स्थित एक मकान में बीती बुधवार रात मुम्बई इंडियन्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान सट्टा लगाया जा रहा है। इसकी सूचना पर राजनगर थाना पुलिस और जिला विशेष शाखा ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। जहां 25 करोड का सट्टा लगाते पांच आरोपियों को राजनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सट्टेबाजों के कब्जे से पुलिस ने 16 मोबाइल, तीन लैपटॉप और एक एलईडी टीवी जब्त की है। आरोपियों के लेनदेन करने वाले 5 बैंक खातों को भी पुलिस ने फ्रीज करवाया जिसमें करीब पांच करोड से अधिक की राशि जमा थी। एसपी जोशी ने बताया कि अम्बेडकर सर्कल के पास स्थित प्रवीण माली अपने मकान में लंबे समय से आईपीएल मैचों पर सट्टा लगवा रहा था। इसके लिए उसने कुछ लड़कों को नौकरी पर भी रखा था। कमरे से पांच आरोपियों को मैच पर सट्टा लगाते पकडा। उनके कब्जे से करीबन 25 करोड रुपए के सट्टे का हिसाब-किताब मिला है। मौके से मुख्य आरोपी मकान मालिक प्रवीण माली फरार हो गया। पुलिस उसे तलाश रही हैं। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दीपक जोशी (20) पुत्र शिवशंकर निवासी बामनहेडा (नाथद्वारा), पूरण जोशी (22) पुत्र ओमप्रकाश निवासी बामनहेडा, मनीष माली (28) पुत्र रोशनलाल निवासी मालीवाडा (राजनगर), राहुल दीक्षित (22) पुत्र बबलू निवासी गोविन्द नगर, हाउसिंग बोर्ड, कांकरोली, अभय सिंह (22) पुत्र भंवर सिंह राठौड निवासी गोविन्द नगर को गिरफ्तार किया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

# लेपर्ड ने वनकर्मी पर किया हमला

**सवाई माधोपुर।** रणथम्भौर टाईगर रिजर्व में लेपर्ड के हमले में एक वनकर्मी घायल हो गया। लेपर्ड हमले में घायल हुवे वनकर्मी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक कि रणथम्भौर की तालडा रेंज से एक

- रणथम्भौर टाईगर रिजर्व में हुई घटना


लेपर्ड निकलकर नजदीकी डूंगरी गांव में एक खेत में जा पहुंचा। जहाँ लेपर्ड ने एक बकरी का शिकार कर लिया। लेपर्ड के गांव के नजदीक बनास नदी के बीहड़ों में स्थित खेतों में आने पर ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी।सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान लेपर्ड को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई ।

ग्रामीणों की भीड़ को हटाने के लिए वन विभाग के वॉलंटियर रतिराम मीणा आगे आये उसी दौरान लेपर्ड ने रतिराम मीणा पर हमला कर दिया। लेपर्ड के हमले में रतिराम घायल हो गया, हमले से रतिराम को सिर और हाथ में चोट आई है। गांव के खेत में अचानक लेपर्ड के आने और वन विभाग के वॉलंटियर पर हमला करने की खबर गांव में भी आग की तरह फैल गई। जिससे मौके पर पहले से ज्यादा लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वॉलंटियर को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। वनाधिकारियों के अनुसार लेपर्ड का मूवमेंट फिलहाल भी गांव के आसपास ही बना हुआ है। वहीं वन विभाग की ओर से एहतियात के तौर पर लेपर्ड की ट्रेकिंग करवाई जा रही है।

# भू-अभिलेख अधिकारी तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## यह रिश्वत राशि खेत में पत्थरगढ़ी की एवज में परिवादी के घर पर ही ली गई थी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वितीय यूनिट ने गुरुवार को भू-अभिलेख अधिकारी लालाराम कुमावत को 3 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथो गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत राशि खेत में पत्थरगढ़ी की एवज में परिवादी के घर पर ही ली गई थी।



आरोपी भू-अभिलेख निरीक्षक

- खेड़लिया निवासी देबीसिंह ने भू-अभिलेख अधिकारी से संपर्क किया था

एसीबी एएसपी ब्रजराज सिंह के अनुसार, खेड़लिया निवासी देबीसिंह राजपूत को अपने खेत पर पत्थरगढ़ी करवानी थी। इसके लिए उन्होंने बनेड़ा पंचायत के खेड़लिया के भू-अभिलेख अधिकारी लालाराम कुमावत से संपर्क किया। कुमावत ने इस कार्य के लिए देबी सिंह से 6 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। सिंह, गिरदावर को रिश्वत नहीं देना चाहते थे, इसके चलते उन्होंने एसीबी में शिकायत दी। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया। इस दौरान गिरदावर कुमावत ने 2 हजार रुपये परिवादी से बतौर रिश्वत प्राप्त कर लिये। शेष राशि गुरुवार को देना तय हुई। एसीबी ने ट्रैप की योजना तैयार की। आज गिरदावर लालाराम, परिवादी देबीसिंह के खेड़लिया स्थित निवास पर पहुंचा, जहां गिरदावर ने देबी सिंह से जैसे ही 3 हजार रुपये की रिश्वत ली, पहले से निगाह रखे एसीबी की टीम परिवादी का संकेत पाकर मौके पर पहुंची और गिरदावर लालाराम को रिश्वत राशि सहित गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में डीएसपी शिवप्रकाश टेलर, गोपाल जोशी, प्रहलाद पारीक, रामेश्वर, शिवराज, प्रेम, महेंद्र व अशोक शामिल थे।

# गांधी सागर में मिली इंजीनियर की लाश

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में स्थित गांधी सागर तालाब में न्यू हाउसिंग बोर्ड में रहने वाला सॉफ्टवेयर इंजीनियर मोहित तुलछानी की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मोहित बुधवार दोपहर बैंक जाने के लिए घर से निकला और लापता हो गया। मोहित की कार रपट के बालाजी के पास लावारिस हालत में मिली थी।

कार्यवाहक भीमगंज थाना अधिकारी एएसआई कैलाशचंद्र ने बताया कि न्यू हाउसिंग बोर्ड निवासी मोहित तुलछानी (सिंधी) उम्र 25 साल बुधवार दोपहर क़रीब 12 बजे बैंक जाने की कहकर घर से निकला था, जो लौटकर नहीं आया। उधर, मोहित की होंडा अमेज कार रपट के बालाजी के पास लावारिस हालत में खड़ी मिली। कार लॉक हालत में थी। इस बीच, परिजनों ने मोहित की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज करवाई। एएसआई ने बताया कि कार लावारिस हालत में मिलने के बाद लापता मोहित की तलाश शंका के आधार पर गांधी सागर तालाब में करवाई गई। रात 10 बजे तक चली तलाश के बावजूद मोहित का पता नहीं चला। मोहित के दोस्त ने पुलिस को बताया कि मोहित ने कथित तौर पर लोन ले रखा था, जिसकी किश्तें ड्यू चल रही है। उधर, अजमेर से आई एनडीआरएफ की टीमों ने आज सुबह से अथक प्रयासों के बाद मोहित की लाश को गांधी सागर तालाब से ढूँढ निकाला और महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी पहुँचाया है। जहां पुलिस अग्रिम कार्यवाही को अंजाम देने में जुटी हुई है।

# रेप मामले में आरोपी दस्तयाब

**जयपुर,** (निसं)। पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जयपुर ग्रामीण जिले के नरेना थाने में दर्ज महिला से रेप-मारपीट के मामले में दो साल से फरार चल रहे टॉप टेन वांछित अभियुक्तों में शुमार 5000 रुपये के इनामी अभियुक्त रामस्वरूप बलाई पुत्र नाथूराम निवासी गांव मम्माणा थाना दूदू को दस्तयाब कर उसे थाना दूदू को सुपुर्द किया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि जयपुर ग्रामीण जिले के नरैना थाने में साल 2021 में आरोपी रामस्वरूप के विरुद्ध महिला से मारपीट और रेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए काफी प्रयास किए गए। एसपी जयपुर ग्रामीण द्वारा आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित कर टॉप 10 वांछित अपराधियों में चयनित किया गया। एडीजी एमएन ने बताया कि इसी दौरान बुधवार को सीआईडी स्पेशल टीम के कान्स्टेबल मोहनलाल को अभियुक्त के बारे में पुख्ता सूचना मिलने पर डीआईजी डॉ. राहुल प्रकाश की मॉनिटरिंग एवं एएसपी नरोत्तम लाल वर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जयपुर ग्रामीण इलाके में भेजी गई। टीम ने आसूचना के आधार पर अथक प्रयास व तकनीकी पुलिसिंग अपनाते हुए दूदू-नरैना मार्ग से आरोपी रामस्वरूप को डिटेन कर थाना दूदू को पुलिस को सौंपा।

# प्रदेश की जनता आगामी चुनाव में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकेगी : सी.पी. जोशी

**बाड़मेर,** (निसं)। कमजोर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, किसान कर्जमाफी और फसल खराबे का मुआवजा, बेरोजगारी सहित अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर स्थानीय भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित जनाक्रोश महाघेराव कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित भाजपा नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया। जनाक्रोश महाघेराव कार्यक्रम में बडी संख्या में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं आमजन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष स्वरूप सिंह खारा सहित भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से पार्टी के संदेश को घर-घर पहुंचकर आमजन तक पहुंचाने का आव्हान किया। सभा के बाद पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कार्यकर्ताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया।

- युवाओं और किसानों सहित प्रदेश का हर वर्ग कांग्रेस के कुशासन एवं जंगलराज से परेशान : गजेंद्र सिंह शेखावत

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने जनाक्रोश महाघेराव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली प्रदेश कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों, माफियाओं और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण देने का काम कर रही है। माफियाओं और अपराधियों पर नकेल कसने का काम मुख्यमंत्री या गृहमंत्री का होता है, लेकिन दुर्भाग्य से यह दोनों पद पर एक ही आदमी बैठा हुआ है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने को प्राथमिकता देनी चाहिए, लेकिन उनके लिए उनकी कुर्सी बचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि युवाओं और किसानों सहित प्रदेश का हर वर्ग कांग्रेस के कुशासन एवं जंगलराज से परेशान हो चुका है। आगामी विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से प्रदेश की जनता वोट की चोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा सबक सिखाते हुए पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनाएगी। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले नौ साल से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राष्ट्रहित एवं जनहित में शानदार कार्य कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली प्रदेश कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार एवं आपसी लड़ाई में व्यस्त हैं। कांग्रेसी नेता माफियाओं को राजनीतिक सरंक्षण देने एवं अपनी जेबे भरने में लगे हुए है। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं को आमजन को राहत देने के लिए कमर कसकर मैदान में उतरना होगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर घर जाकर आमजन तक पहुंचाने का संदेश दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष स्वरूप सिंह खारा ने पार्टी की आगामी रणनीति एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के लिए हुए विभिन्न कार्यक्रमों का ब्यौरा पेश किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगडी एवं केके विश्नोई, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी, महंत प्रताप पुरी, पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी, पूर्व विधायक जालम सिंह रावलोत, तरुण राय कागा, शैतान सिंह, हरिसिंह सोढा, भाजपा बाडमेर जिलाध्यक्ष स्वरूप सिंह खारा, जिला प्रभारी शंकर सिंह राजपुरोहित, बालोतरा भाजपा जिलाध्यक्ष बाबू सिंह राजगुरु, पूर्व जिलाध्यक्ष आदुराम मेघवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप पालीवाल एवं स्वरूप सिंह चाडी, गणपत बांठिया वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# लाखों रुपए की ज्वैलरी व नगदी चोरी

## अलमारी का ताला तोड़ 11 तोला सोना सहित कपड़े लेकर फरार हुये चोर

**भीलवाड़ा।** जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र के कीड़ीमाल गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे से खिड़की तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश कर लाखों रुपए की ज्वैलरी व रुपए पर हाथ साफ कर लिया। कीड़ीमाल गांव में देर रात दो मकानों में चोरों ने लाखों रुपए की ज्वैलरी व नकदी पर हाथ साफ कर वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार कीडीमाल गांव के रहने वाले नारायण लाल सरगरा का पूरा परिवार आसींद कस्बे मे रहता है। इसी दौरान सूने मकान को देख कर चोरों ने करीब रात तीन बजे मकान में प्रवे कर अलमारी का ताला तोड़ 11 तोला सोना सहित कपड़े लेकर फरार हो गए।

कीड़ीमाल निवासी भैरूलाल सोनी के घर में शादी की तैयारी चल रही थी। बेटी रामकन्या सोनी प्रीवेडिंग शूट करके देर रात शादी की शॉपिंग करके गांव पहुंची थी। जहां दुल्हन रामकन्या सोनी की शादी की ज्वेलरी सुनार के वहां से कल ही लाए थे। भेरूलाल सोनी व उनकी पत्नी रात को बाहर चौक में ही सो रहे थे दुल्हन रामकन्या सोनी उसके रूम में सोने चली गई। इसी बीच करीब 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने पीछे की खिड़की तोड़ घर में प्रवेश किया और शादी के लिए बनाई ज्वैलरी व कपड़े सहित अन्य सामान चोरी करके फरार हो गए। सुबह जब दुल्हन की मां उठी और दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो चोरों ने अंदर से दरवाजा बंद किया हुआ था। इसी दौरान दुल्हन वह घर में आए मेहमान ने दरवाजा तोड़ा तो पता चला कि चोरों ने पीछे की खिड़की तोड़ अंदर प्रवेश किया।

वहीं अंदर से दरवाजा लॉक करके शादी के लिए लाए सोना-चांदी व शादी के कपड़े लेकर फरार हो गए। शादी के घर में चोरी की खबर मिलते ही मौके पर कोहराम मच गया। चोरी की सूचना सरपंच शीला देवी गुर्जर ने करेड़ा थानाधिकारी जसवंत सिंह को दी। सूचना पर शिवपुर चौकी प्रभारी श्रवण विश्नोई सहित में मय जाप्ता मौके पर पहुंचा और मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी। इधर बेटे और बेटी की शादी से ठीक पहले सब कुछ चोरी होना गांव और आसपास के इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# युवक को पेट्रोल छिड़ककर जलाया, अस्पताल में तोड़ा दम

## दलित समाज के लोग व नेता बैठे धरने पर, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और मुआवजे की मांग

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिले के नरवर गांव में 10 मई को पेट्रोल भरवाने गए दलित युवक के साथ पेट्रोल पंप मालिक और पेट्रोल पंप कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद युवक के परिजनों का आरोप है कि पेट्रोल पंप मालिक ने पहले रोहित को धमकी दी और उसके बाद उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। रोहित को घायल अवस्था में 10 मई को अजमेर संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां गुरूवार सुबह करीब सात बजे उसने दम तोड़ दिया। रोहित की मौत होने के बाद अनुसूचित जाति जनजाति के नेता और रोहित के परिजन मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। परिजनों की मांग है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और मुआवजा दिया जाए, उसके बाद ही पोस्टमार्टम करवाया जाएगा, लेकिन देर रात तक मृतक के परिजन शव उठाने के लिये राजी नही हुये थे और धरना जारी था।



अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर धरने पर बैठे मृतक के परिजन व जनप्रतिनिधि।

- अजमेर के नरवर गांव में 10 मई को युवक के साथ पंप मालिक और पंप कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया था

मृतक रोहित के पिता हरिराम ने बताया कि उनका बेटा नरवर गांव पेट्रोल पंप पर 10 मई की रात करीब 8:30 बजे पेट्रोल भरवाने गया था, वहां पर काम करने वाले तीन चार पेट्रोल पंप कर्मचारियों से उनका बेटा रूपयें मांगता था, पेट्रोल भरवाने के बाद जब रोहित ने अपने पैसों का तकाजा किया तो पेट्रोल पंप मालिक रासबिहारी ने रोहित के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धक्का-मुक्की करना शुरू कर दी और साथ ही जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। इसके बाद रोहित ने मामले की सूचना अपने पिता को दी और उसके पिता ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया और रोहित को लेकर घर आ गए। इसके बाद नरवर बस स्टैंड पर रोहित के साथ एक बार फिर मारपीट की गई और उसे चौकी में बैठा दिया, इसके चौकी वालों ने इसे घर छोडा, इसके बाद आरोपित रोहित के घर पहुंचे ओर रोहित पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी।

कांग्रेस नेता राजकुमार जयपाल व नगर निगम की प्रतिपक्ष नेता व पार्षद द्रोपदी देवी कोली ने बताया कि 10 मई को अनुसूचित जाति के रोहित के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की। मारपीट करने के बाद पुलिस वालों ने कोई मदद नहीं की और इसके बाद दबंगों ने रोहित पर पेट्रोल डालकर उसे जला दिया। राजकुमार जयपाल व कोली ने मांग की है, इस मामले में जो भी दोषी हैं उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। जयपाल ने पूरे मामले में प्रदेश की कांग्रेस सरकार से रोहित के परिवार में से एक को सरकारी नौकरी और मुआवजे की मांग की है।

अपनी मौत से पहले मृतक रोहित ने एक वीडियो भी बनाया था इस वीडियो में रोहित बता रहा है कि वह 1 दिन पहले पेट्रोल पंप पर गया था वहां उसे उसका दोस्त भास्कर वैष्णव और तरुण हाडा मिल गया। इनसे मैं पैसे मांगता था इसलिए मैं उनसे बात करने लग गया। इस दौरान वहां मौजूद रासबिहारी ने मेरे साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। मैंने भी गाली-गलौज की तो उसने मेरे पिता को बुला लिया उसने शराब पी हुई थी। रासबिहारी ने मेरे पिता को कहा कि मैं इसे जान से मार दूंगा इसके बाद उन्होंने मेरे साथ मार-पिटाई करना शुरू कर दिया और मैं भागकर चौकी में आ गया। चौकी वालों ने मुझे घर छोड़ा और उसके बाद वह कच्चे रास्ते से आकर मेरे ऊपर तेल की थैली, फेंकी और मुझे आग लगा दी।

# किसान ने सुसाइड किया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के केसरीसिंहपुर इलाके की चक तीन यू ढाणी में खेत पर कब्जा होने से परेशान किसान ने गुरुवार अल सुबह करीब दो से तीन बजे के बीच सुसाइड कर ली। मृतक ढाणी में बने कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजनों को मामले की जानकारी मिलते ही वे अस्पताल पहुंचे और धरना लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि मृतक का गांव के कुछ लोगों से जमीन संबंधी विवाद चल रहा है। ऐसे में इसी से परेशान होकर उसने जान दे दी। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक धरना लगाए रखने और शव नहीं लेने की बात कही। मृतक के परिजनों और प्रशासन के बीच वार्ता में गुरुवार दोपहर तक कोई नतीजा नहीं निकल पाया था।

केसरीसिंहपुर के वार्ड सोलह का रहने वाला विनोद कुमार मेघवाल बुधवार रात अपने चचेरे भाई, दोस्त और चाचा के साथ तीन यू ढाणी स्थित खेत में बने कमरे में सोया था। रात करीब दो बजे से तीन बजे के बीच किसी समय विनोद उठा और ढाणी में बने कमरे में छत के कुंडे से फंदा बनाकर जान दे दी। सुबह करीब साढ़े चार बजे ढाणी में उसके परिजन जागे तो उन्हें विनोद नजर नहीं आया। उन्होंने उसे तलाशा, आवाजें दीं लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कुछ देर बाद पास के कमरे में संभाला तो विनोद फंदे से लटका मिला। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

इस संबंध में मृतक विनोद की पत्नी सरोज देवी ने मामला दर्ज करवाया है। इसमें कहा गया कि उसके पति विनोद कुमार ने गुरुवार सुबह करीब दो बजे से तीन बजे के बीच चक तीन यू ढाणी में खेत में बने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसके पति विनोद का गांव बीस एफ के नायबसिंह पुत्र आसासिंह और नत्त्थासिंह पुत्र जीवन सिंह से जमीन संबंधी विवाद था।

# हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**बीकानेर,** (निसं)। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते बिगड़े मौसम के कारण सेना के दो हेलिकॉप्टर को बीकानेर के खारा गांव में कच्ची सड़क पर उतारना पड़ा। हेलिकॉप्टर और उसके पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं। ये हेलिकॉप्टर मौसम बिगड़ने से पहले जोधपुर के लोहावट से निकले थे। बीकानेर के खारा के पास इसका संपर्क कंट्रोल रूम से टूट गया था। आगे मौसम खराब होने के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। एक को गांव से कुछ ही दूरी पर आबादी एरिया में कच्ची सड़क पर उतार लिया गया, जबकि दूसरे को पास के ही खेत में उतारा गया। खारा के एन्क्लेव कॉलोनी में कच्ची सड़क पर दूसरे हेलिकॉप्टर को उतारा गया।


**कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा**
**(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)**
**दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001**
Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in
क्रमांक : एफ ( )/कृअके/2023-24/966-71 दिनांक 25.05.2023

**निविदा सूचना-02 (2023-24)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 12.06.2023 प्रात: 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन दोपहर 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह् 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| बोरवट फार्म, कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा में कृषि कार्य | 9,97,100/- | 19950/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान

# एक करोड़ की फिरौती के लिये हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

## वारदात का मास्टमाइंड मृतक हनुमान मीणा का बचपन का दोस्त ही निकला

**जयपुर**, (का.सं.)। राजधानी की सांगानेर थाना पुलिस ने एक करोड़ की फिरौती के लिये हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस वारदात का मास्टर माइंड मृतक का बचपन का वकील दोस्त निकला। उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर फिरौती के लिये उसका अपहरण किया था, लेकिन मुंह पर टेप ज्यादा लगने की वजह से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने गुरूवार सुबह द्रव्यवती नदी से मृतक का शव बरामद कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद विश्नोई ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने अपहरण व हत्या की वारदात करने वाले सांगानेर निवासी बृजभान सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह चौहान और दिवाकर टांक को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने मृतक हनुमान मीणा को कॉफी पीने के बहाने एक फ्लैट पर बुलाया था। इसके बाद उन लोगों ने फिरौती के लिये उसका अपहरण किया। इस दौरान मुंह पर टेप ज्यादा लगाने की वजह से हनुमान की मौत हो गई। आरोपितों ने पुलिस से बचने के लिए उसके शव को द्रव्यवती नदी में फेंक दिया था। जहां से आज उसे बरामद कर लिया गया। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था।

इस संबंध में 22 मई को परिवादी जगदीश मीणा ने सांगानेर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका बेटा हनुमान मीणा घर से निकला था, जो वापस नहीं लौटा। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। इसके बाद 23 मई को जगदीश मीणा के बेटे के व्हाट्सएप नंबर से वीडिया कॉल आया था। जिसमें उसे बंधक बनाने का वीडियो दिखाया गया। आरोपियो ने इस दौरान एक करोड़ की फिरौती की मांग की। पुलिस ने इसके बाद अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की जांच पड़ताल में सामने आया कि हनुमान मीणा का अपहरण उसके बचपन के दोस्त दिवाकर टांक ने अपने भाई योगेंद्र सिंह और बृजभान सिंह के साथ मिलकर किया था। इस दौरान मुंह पर ज्यादा टेप लगे होने से हनुमान की मौत हो गईं। ऐसे में आरोपितों ने शव को प्लास्टिक के कट्टे में डालकर 5-6 किलो वजनी लोहे के बांट के साथ द्रव्यवती नदी में फेंक दिया था। आरोपितों दिवाकर टांक पेशे से अधिवक्ता है और उसका मृतक के घर आना-जाना था। हनुमान सरस डेयरी में कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम करता था। दिवाकर को पता था कि हनुमान पैसे वाला था। दिवाकर टांक व योगेन्द्र दोस्त थे। योगेन्द्र का बड़ा भाई बृजभान भी दिवाकर का जानकार था। दिवाकर ने योगेन्द्र व बृजभान को बताया था कि हनुमान का अपहरण कर मोटी रकम ऐंठी जा सकती है। इस पर योंगेन्द्र ने हनुमान के घर के पास सन स्क्वायर अपार्टमेंट में फ्लैट नम्बर 509 को साढ़े 13 हजार रुपये में किराये पर लिया। 22 मई को सुबह हनुमान से योगेन्द्र ने संपर्क कर मिलने के लिये कहा। योगेन्द्र से मिलने के लिये हनुमान सुबह सन स्क्वायर अपार्टमेंट आ गया। योगेन्द्र उसे बातों में उलझाकर चीलगाड़ी रेस्टोरेंट के पास अपने फ्लैट में ले गया, जहां बृजभान और दिवाकर पहले से मौजूद थे। तीनों ने पहले हनुमान को कॉफी पिलाई, फिर योगेन्द्र ने उसका मुंह बंद कर दिया। तीनों ने मिलकर उसके मुंह पर टेप लगाई इसके बाद उसके तड़पते हुए का वीडियो भी बनाया। इसी दौरान हनुमान की मौत हो गई।



सांगानेर थाना पुलिस ने हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गुरूवार को गिरफ्तार किया है।

- मुंह पर टेप ज्यादा लगाने की वजह से हनुमान मीणा की मौत हो गई
- पुलिस ने गुरूवार को द्रव्यवती नदी से मृतक का शव बरामद किया

# जिंदगी की लड़ाई हारने के बाद तीन लोगों को जीवनदान दे गई कविता



कविता यादव

- परिजनों ने ब्रेनडेड होने के बाद सीकर के सवाईपुरा पलसाना रेवासा की रहने वाली कविता यादव के अंगदान किए
- दो किडनी एसएमएस अस्पताल में और हार्ट दिल्ली के आर्मी हॉस्पीटल में प्रत्यारोपित किया गया
- 21 मई को वह घर पर ही कार्य करते समय बेहोश होकर गिर पड़ी थी।

**जयपुर**। सीकर जिले के सवाईपुरा पलसाना रेवासा की रहने वाली कविता यादव देवदूत बन गई। अस्पताल में वह भले जिंदगी की जंग हार गई लेकिन तीन लोगों को नया जीवनदान देकर चली गई। चिकित्सकों के अनुसार सवाई मानसिंह अस्पताल में दो किडनियों का सफल ट्रांसप्लांट कर दो लोगों की जान बचाई गई। उसके हार्ट को ग्रीन कोरिडोर बनाकर दिल्ली के आर्मी हॉस्पिटल भेजा गया, जहां उसे एक मरीज के प्रत्यारोपित किया गया।

कविता यादव एनएम के तौर पर सीकर में ही कार्यरत थी। 21 मई को वह घर पर ही कार्य करते समय बेहोश होकर गिर पड़ी थी। परिजन उसे सीकर के ही एसके अस्पताल में लेकर गए। वहां उसे पहले जयपुर के मनीपाल अस्पताल में लाया गया। इसके बाद सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इसके बाद चिकित्सकों ने उसके परिजनों से कविता के अंगदान की समझाइश की तो, वे मान गए। फिर उसके हार्ट को दिल्ली के आर्मी हॉस्पीटल भेजा गया। वहीं दोनों किडनी एसएमएस अस्पताल में ही प्रत्यारोपित की गई।

किडनी प्रत्यारोपित करने के लिए यूरोलोजी विभाग की दो टीम ने एक साथ काम किया। इसमें डॉ. शिवम प्रियदर्शी, डॉ. नचिकेत व्यास, डॉ. नीरज अग्रवाल व एनेस्थेसिया विभाग से डॉ. वर्षा कोठारी तथा डॉ.इंदु वर्मा का सहयोग रहा। वहीं इस प्रोग्राम में सोटो टीम के मेंबर्स डॉ. सुधीर भंडारी, डॉ. अमरजीत मेहता, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. अजीत सिंह वी रोशन बहादुर का विशेष योगदान रहा।

चिकित्सकों ने बताया कि कविता के हार्ट को दिल्ली स्थित आर्मी अस्पताल के मरीज को प्रत्यारोपित किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली से एयरफोर्स के विशेष विमान से आर्मी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम आयी थी। हार्ट को ग्रीन कोरिडोर बनाकर एसएमएस अस्पताल से एयरपोर्ट भेजा गया। वहां से एयरफोर्स के विशेष विमान से उसे दिल्ली ले जाया गया।

# डॉ.सतीश पूनियां ने रोजगार मेले की टी-शर्ट लाँच की

**जयपुर** । आमेर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिये 3 जून को कूकस में आयोजित होने वाले रोजगार मेला की जयपुर स्थित जनसंवाद केन्द्र राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ टी-शर्ट की लॉन्चिंग की।

इसके बाद सतीश पूनियां ने अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र के कूकस में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये 3 जून को कूकस के आर्या कॉलेज में आयोजित होने वाले रोजगार मेला को लेकर विस्तार से चर्चा कर जानकारी दी। डॉ. पूनियां ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं से 3 जून को कूकस में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में पहुंचने की अपील और आव्हान किया। उन्होंने कहा कि, गाइडेंस के अभाव में अनुभवी एवं दक्ष ग्रामीण युवाओं को रोजगार के संकट से जूझना पड़ता है, लेकिन आमेर विधानसभा क्षेत्र में तीन जून को विशेष रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा और इसके माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसमें ऐसे युवा लाभांवित होंगे जो कि आइटीआई स्किल्ड, दसवीं एवं बारहवीं पास और तकनीकी और ग्रेजुएट हैं। स्वरोजगार को प्रेरित करने वाले उपायों पर विचार करते हुए बड़ी कंपनियों से संपर्क कर आमेर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को लाभांवित करने का नवाचार किया जा रहा है।

# 'मंत्री धारीवाल ने चहेतों को आवंटित किए बंगले'

**जयपुर** । सांसद डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल पर करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। डॉक्टर किरोड़ी ने स्किल डेवलपमेंट के नाम पर चहेतों को बंगले आवंटित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसमें पुनर्निर्माण नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए काले धन का उपयोग किया जा रहा है। डॉ किरोड़ी लाल मीना गुरुवार को अचानक एनआरआई कॉलोनी (राजआँगन ) पहुँचे। डॉ मीना ने तथ्यों के साथ आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने चहेतों को राज आँगन कॉलोनी में भ्रष्टाचार से आवंटन कर करोड़ों रुपए का घोटाला किया। राजधानी में खुले आम भ्रष्टाचार से बंदरबाट जारी है। डॉ मीना ने कहा कि इस घोटाले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सबसे खास मंत्री धारीवाल पूरी तरह लिप्त है। डॉ मीना ने कहा की अशोक गहलोत ने शांति धारीवाल को नगरीय विकास मंत्री जिस उद्देश्य के लिए बनाया लगभग वो उदेश्य पूरा हो ही गया।

हाउसिंग बोर्ड के खण्ड-3 की राज आंगन योजना, प्रतापनगर मंत्री शांति धारीवाल ने अपने खास व्यक्ति अश्विनी आर जी मैमोरियल एज्यूकेशन सोसायटी कोटा को 2377.36 वर्ग मीटर जमीन दी है। जिसकी कीमत 45 करोड़ है उस जमीन को मात्र 6 करोड़ 18 लाख रु. में अपने खास व्यक्ति को जिसका उद्देश्य कौशल विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र के उद्देश्य को पूरा करने हेतु आवंटन कर दी। जिस उद्देश्य से मंत्री ने यह बेशकीमती जमीन आवंटित की वहां वह कार्य नहीं होता वहां ना तो कौशल विकास का कार्य होता, ना ही कोई शिक्षा का। आवंटी ने वहां विशाल बंगला बना लिया है जहां देर रात तक शराब पार्टियां आये दिन चलती रहती हैं। पहले इस जमीन को अलग संस्था में रजिस्ट्रेशन कराकर आवंटन कराने की कोशिश की गई लेकिन वो पॉलिसी के नियमों में नही फिट हो रही थी क्योंकि उसके लिए 2500 मीटर की भूमि होना जरूरी था, फिर इसको वापिस बदलकर कौशल विकास में लगाकर आवंटन करा लिया। इस जमीन हेतु 12 मार्च 2020 आवेदन की फाईल लगाई गई जिसके आवंटन के लिए सभी अफसरों को एक जगह बुलाकर 20 मार्च 2020 को एक साथ नोटशीट पर 20 हस्ताक्षर किए। आखिर ऐसी क्या जल्दी थी जो नोट शीट पर एक साथ 20 हस्ताक्षर कराये गये, 45 दिन बाद फिर एक दिन इनके खास अधिकारियों की मीटिंग होती है और बाकी के हस्ताक्षर 13 मई 2020 को एक ही साथ एक ही दिन में हो जाते हैं। इस जमीन के आवंटन में लेन-देन की बात नही बनती है तो सात दिन बाद वो फाईल शांति धारीवाल के पास जाती है तो उनके द्वारा फाइल पर लिख दिया जाता है कि नोटशीट अवलोकनार्थ संलग्न है, पैसों की लेन-देन की मांग पूरी हो जाती है तो एक महिने बाद ही 12 जून 2020 में जमीन को धारीवाल द्वारा आवंटन कर दिया, इसका क्या मतलब है?

# कांग्रेस के जंगलराज में शांतिप्रिय राजस्थान अपराधों की पनाहस्थली बना : राजेन्द्र राठौड़

## 'मुख्यमंत्री के कमजोर नेतृत्व के कारण ही पुलिस को अपराधियों के समक्ष घुटने टेकने पड़ रहे हैं'

- 'जोधपुर में अवैध बजरी के डंपर का पीछा करने पर बजरी माफियाओं द्वारा एसीपी को पहले जान से मारने की धमकी देना और फिर जानलेवा हमला करने की घटना बजरी माफियाओं के बुलंद हौंसलों को दर्शाता है'

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर में अवैध बजरी के डंपर का पीछा करने पर बजरी माफियाओं द्वारा एसीपी को पहले जान से मारने की धमकी देना और फिर जानलेवा हमला करने की घटना बजरी माफियाओं के बुलंद हौंसलों को दर्शाता है। लाचार पुलिस प्रशासन की सुस्ती का आलम यह है कि अभी तक आरोपी उनकी गिरफ्त से कोसों दूर हैं।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के जंगलराज में शांतिप्रिय राजस्थान अपराधों की पनाहस्थली बन गया है जिसमें जोधपुर जिला जहां से मुख्यमंत्रीजी स्वयं आते हैं वहां अपराधी इस कदर बैखोफ हैं कि वह सरेराह पुलिस को धमकी दे रहे हैं, जानलेवा हमला कर रहे हैं और पुलिस उनसे लड़ने की बजाय भयक्रांत है। राज्य में अब खाकी भी सुरक्षित नहीं है और खाकी को ही सुरक्षा की दरकार है।

राठौड़ ने कहा कि जोधपुर में विगत 2 माह में पुलिस पर यह तीसरा हमला है। जब मुख्यमंत्रीजी जो गृह विभाग के भी मुखिया है उनके क्षेत्र में ही बजरी माफियाओं का आतंक लगातार खाकी को चुनौती देकर जानलेवा हमला कर रहा है तो अन्य जिलों की क्या स्थिति होगी, यह अत्यन्त चिंतनीय है। वास्तविकता यही है कि मुख्यमंत्रीजी के कमजोर नेतृत्व के कारण ही पुलिस को अपराधियों के समक्ष घुटने टेकने पड़ रहे हैं।

राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में एक और भ्रष्टाचार चरम पर है, महंगाई राहत कैंप आफत बने हुए हैं वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था को भगवान भरोसे छोड़कर मुख्यमंत्री कैंपों का राजनीतिकरण कर खुद की ब्रांडिंग में लगे हुए हैं। जोधपुर में बजरी माफिया के दुस्साहस से एक दिन पूर्व ही जोधपुर मैं दिनदहाड़े क्रेशर व्यापारी की हत्या कर दी गई वहीं भरतपुर के कामां में भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा पर पथराव कर सांप्रदायिक तनाव बिगाड़ा गया।

राठौड़ ने कहा कि पुलिस पर जब इस प्रकार से हमले होते रहे तो यह स्थिति ना तो पुलिस प्रशासन के लिए उचित है और ना ही आमजन के लिए। पुलिस पर हमले से पुलिसकर्मियों का भी मनोबल गिर रहा है और दहशतगर्दी के साये में जीने को मजबूर आमजन और ज्यादा स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

# शराब सेल्समैन पर जानलेवा हमला

**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर इलाके में बुधवार रात बदमाशों ने एक शराब दुकान के सेल्समैन पर जानलेवा हमला कर दिया। नकाबपोश बदमाशों ने पाइप-सरिए से ताबड़तोड वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। जमीन पर बेहोश होकर गिरे सेल्समैन को मरा समझकर हमलावर भाग निकले। घायल सेल्समैन का गंभीर हालत में प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। वैशाली नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि खातीपुरा वैशाली नगर निवासी विजेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसके साथी सेल्समैन नन्दू सिंह (36) को जाने से मारने का प्रयास किया गया है। वह दोनों खातीपुरा तिराहा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन का काम करते है। रोजाना की तरफ बुधवार रात 8 बजे दुकान बंद कर दोनों पास ही ग्रीन पार्क पर खाना खाने चले गए। रात करीब 9:45 बजे दोनों दुकान के बाहर खड़ी बाइक लेने वापस लौटे। इसी दौरान बाइक पर आए तीन लड़के रूककर पता पूछने लगे। सेल्समैन नन्दू सिंह के पता बताने के दौरान दूसरी पर बाइक पर तीन नकाबपोश बदमाश आए। लोहे की पाइप-सरिए से नन्दू सिंह पर हमला कर दिया। पाइप-सरिए से ताबड़तोड़ वार कर उसे लहुलूहान कर दिया। जमीन पर लहूलुहान हालत में गिरा देकर मरा समझकर हमलावर फरार हो गए। घायल नन्दू को साथी सेल्समैन विजेन्द्र सिंह ने मरूधर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

# गौ सेवा कर चतुर्वेदी ने जन्मदिन मनाया

**जयपुर** । भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एव पूर्व केबिनेट मंत्री डा.अरूण चतुर्वेदी ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन गौसेवा एवं पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर मनाया। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं सहित सिविल लाइन विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने अपने जननेता को बधाई दी।

जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश माथुर, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, जयपुर ग्रामीण के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी,भाजपा के संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर , राज्य विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, कैलाश चौधरी, गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्य विधान सभा में भाजपा के उपनेता डॉ. सतीश पूनिया, पूर्व विधान सभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह, विधायक नरपत सिंह राजवी, कालीचरण सर्राफ, निर्मल कुमावत, अशोक लाहोटी, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, सुरेन्द्र पारीक, राजपाल सिंह शेखावत सहित पार्टी के सभी नेताओ ने शुभकामनाए दी। इससे पूर्व डॉ. चतुर्वेदी ने प्रात: कोशल्या दासजी की बगीची में गो सेवा कर गायों को चारा खिलाया। कलेक्ट्री सर्किल, बनीपार्क में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे इसके बाद सुभाष नगर में बनीपार्क क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा चतुर्वेदी का स्वागत किया गया।

# चाकसू नगर पालिका चेयरमैन का चुनाव रद्द करने वाले आदेश पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय जयपुर महानगर प्रथम के गत बीस अप्रैल के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें अदालत ने चाकसू नगर पालिका चेयरमैन कमलेश कुमार बैरवा के चुनाव को रद्द कर दिया था। जस्टिस नरेन्द्र सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश कमलेश कुमार बैरवा की अपील पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

अपील में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि चाकसू नगर पालिका में चुनाव से पहले अपीलार्थी ने निर्माण कार्य पूरा कर दिया था और पालिका ने उसे एनओसी भी जारी कर दी थी। वहीं जिला न्यायालय की ओर से उसके चुनाव को रद्द करने के बाद स्टेट इलेक्शन कमीशन ने गत 11 मई को आदेश जारी कर उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। अपील में यह भी कहा गया कि निचली अदालत में चुनाव याचिका पेश करने वाला व्यक्ति के चार संतान है और वह स्वयं ही चुनाव लडने के लिए अयोग्य है। इसके अलावा अपील के निस्तारण में लंबा समय लगेगा। इसलिए उसके निर्वाचन रद्द करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाई जानी चाहिए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने अपील के निस्तारण तक निचली अदालत के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है।

# मानसरोवर से मान्यावास रोड निर्माण के आदेश पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एकलपीठ के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें एकलपीठ ने मानसरोवर से मान्यावास जाने वाली सौ फीट चौडी रोड का निर्माण तीन माह में करने को कहा था। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश पूरणमल सैनी व अन्य की अपीलों पर सुनवाई करते हुए दिए।

अपील में कहा गया कि मास्टर प्लान में बदलाव कर सडक की चौडाई को कम नहीं किया जा सकता और किसी को फायदा पहुंचाने के लिए रोड का अलाइनमेंट भी नहीं बदला जा सकता।

# प्रधानमंत्री मोदी की सभा के लिए लोगों को दिया निमंत्रण

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याण को समर्पित नौ वर्ष पूर्ण होने पर अजमेर के कायड़ विश्राम स्थली में आयोजित होने वाली आम सभा की तैयारियों को लेकर भाजपा ने तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली है। शहर को चप्पे-चप्पे पर भाजपा के झंडे और बैनर से सजाया जा रहा है।

प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेता तैयारियों में जुट गए हैं, कायड़ विश्राम स्थली के सभास्थल पर पंडाल, आर्डिनेशन के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के संपर्क मे राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला पदाधिकरी व आम कार्यकर्ता जुड़े रहेंगे।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ अजमेर व इसके समीपवर्ती सभी जिलों के लगातार प्रवास पर है। बैठकों के माध्यम से आम सभा में होने वाली व्यवस्थाओं व अधिकाधिक संख्या में आमजन को आम सभा से जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने केकड़ी की बैठक में कार्यकर्ताओं व आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के इस कुशासन से प्रदेश की जनता त्रस्त है, अब राजस्थान की जनता इस कांग्रेस से राहत चाहती है। कांग्रेस का यह राहत शिविर एक ढकोसला मात्र है, जिस कांग्रेस को साढ़े चार साल तक राजस्थान की जनता याद नहीं आई, वह कांग्रेस अब चुनाव से पहले जनता को झूठी घोषणाएं कर खुश करने की कोशिश मे जुटी है, लेकिन राजस्थान की जनता कांग्रेस के झूठे वादों में नहीं आकर आने वाले चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाएगी।

बैठक में ओंकार सिंह लखावत, देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा, महेंद्र सिंह मंझेवला, शत्रुघ्न गौतम, राजेंद्र विनायका, मिथिलेश गौतम, होनार सिंह राठौड़, गोपाल धोबी, रायचंद बागड़ी सहित अनेक कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।

भाजपा संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर,नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, ने अजमेर पेराफेरी क्षेत्र के लगभग 70 गांवों के कार्यकर्ताओं की बैठक में चंद्रशेखर ने कहा अजमेर फेराफेरी क्षेत्र से लाखों की संख्या मे आमजन अपने निजी साधनो के माध्यम से सभा स्थल तक पहुंचेंगे। हर घर से व्यक्ति मोदी की सभा में पहुंचने का आव्हान किया। पेराफेरी क्षेत्र के गांव के लिए प्रमुख नियुक्त किये बैठक में अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, ओकार सिंह लखावत, देवी शंकर भूतड़ा, पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत, प्रभारी वीरम देव सिंह, सरिता गेना, हरिराम बाना, पूर्व देहात अध्यक्ष भगवती प्रसाद सारस्वत, महामंत्री जीतमल प्रजापत, शक्ति सिंह रावत, महेंद्र सिंह मेझवला हरिराम बाना, जिलाध्यक्ष सरपंच संघ अजमेर, जिला सदस्य, प्रधान, सरपंच, सदस्य, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पार्षदों ने शोर-शराबे में गुजारा पूरा दिन, बजट पर चर्चा एक माह टली

## खेल अकादमी, ऑडिटोरियम व दो मंजिला पार्किंग बनाने और सामुदायिक केन्द्रों के विकास के लिए पैसा कहां से आएगा, इसका भी कोई रोडमैप नहीं

- उपमहापौर पुनीत कर्णावट और वित्त समिति की अध्यक्षा शील धाबाई ने कहा कि अगर अधिकारी बैठक में इन प्रोजेक्ट्स की डी.पी.आर. भी रखते और बताते कि बजट कहां से आएगा तो ज्यादा अच्छा रहता
- चेयरमैन प्रवीण यादव ने अजमेरी गेट से लेकर मुख्य टोंक रोड को मैकेनिकल स्वीपिंग के नाम पर एन.एस. कंपनी को मुफ्त विज्ञापन के लिए देने का मुद्दा उठाया

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । ग्रेटर निगम में करीब सवा साल बाद हुई साधारण सभा की बैठक हंगामे की भेंट चढ़कर रह गई। कांग्रेस-भाजपा पार्षदों ने पूरा दिन शोर-शराबे और हंगामे में गुजार दिया, इसके चलते शहर में सड़कें बनाने और वार्डों में विकास कार्य कराने जैसे अहम मुद्दे पर चर्चा तक नहीं हो सकी। अब महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने 27 जून तक बोर्ड मीटिंग स्थगित कर दी हैं, कहा जा रहा है कि इस प्रस्ताव पर तभी चर्चा होगी।

विडंबना यह है कि दिनभर में जयपुर ग्रेटर निगम द्वारा खेल अकादमी, ऑडिटोरियम व मुख्यालय भवन में दो मंजिला बेसमेंट पार्किंग बनाने और सामुदायिक केन्द्रों के विकास के लिए जो चर्चा हुई, उसके लिए भी पैसा कहां से आएगा और कितने समय में कौनसा प्रोजेक्ट पूरा होगा, इसका कोई रोडमैप नहीं दिखा।

उपमहापौर पुनीत कर्णावट और वित्त समिति की अध्यक्षा शील धाबाई ने कहा कि अगर अधिकारी बैठक में इन प्रोजेक्ट्स की डी.पी.आर. भी रखते और बजट कहां से आएगा, इसके बारे में भी जानकारी देते तो ज्यादा अच्छा रहता।

सामुदायिक केन्द्रों के विकास के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान शील धाबाई ने मेयर से कहा कि इसे लेकर बजट कहां से आएगा, इसके बारे में भी बता दीजिए। इस पर मेयर ने कहा कि आप पॉजिटिव चर्चा होने दीजिए। शील धाभाई ने कहा कि मैं तो पॉजिटिव ही बात ही कर रही हूं।

चेयरमैन प्रवीण यादव ने अजमेरी गेट से लेकर मुख्य टोंक रोड को मैकेनिकल स्वीपिंग के नाम पर एन.एस. कंपनी को मुफ्त विज्ञापन के लिए देने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बोर्ड मीटिंग में जयपुर शहर के सर्किल, डिवाइडर, तिराहे-चौराहे को विकास के लिए समितियों व कंपनियों को गोद देने का प्रस्ताव है, लेकिन यह कार्य जनसेवा का ही होना चाहिए। जब जयपुर शहर में नगर निगम प्रशासन रोड स्वीपिंग का काम करवा रहा है, तो फिर एन.एस. एडवरटाइजिंग को मुख्य टोंक रोड का काम क्यों दे रखा है, इसके बदले कंपनी को इस रोड पर विज्ञापन लगाने की छूट है। टोंक रोड पर होर्डिंग्स साइट्स की कीमत करोड़ों रुपये में है, जोकि इस कंपनी पर नगर निगम की खुली मेहरबानी दर्शाता है।

खेल अकादमी और ऑडिटोरियम बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान एक पार्षद ने कहा कि नगर निगम के पास पार्षद कार्यालय बनाने की जमीन तक तो है नहीं, फिर भी सपने ऐसे दिखाए जा रहे हैं। यह काम कब पूरा होगा, इसका कोई अता-पता नहीं है।

जयपुर के श्मशान घाटों पर नि:शुल्क गौकाष्ठ मुहैया करवाने के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के पार्षद एकजुट नजर आए। ई-व्हीकल चार्जिंग के लिए निगम मुख्यालय और जोन कार्यालयों में प्वाइंट बनाने का सुझाव आया।

इससे पहले आज सुबह बैठक तय समय से एक घंटे देरी से शुरू हुई। बैठक की शुरुआत में ही पक्ष व विपक्ष के सदस्यों ने सीट पर लगे माइक के ठीक से काम नहीं करने की बात कहकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान कांग्रेस के पार्षदों ने अपनी आवाज दबाने की बात कही तो भाजपा के पार्षदों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

इस पर मेयर सौम्या गुर्जर ने भी माइक ठीक से काम नहीं करने को लेकर अधिकारियों से नाराजगी जताई। उसके बाद वैकल्पिक माइक की व्यवस्था करके साधारण सभा की बैठक शुरू हुई। बैठक की शुरूआत में मेयर सौम्या गुर्जर विपक्ष से ज्यादा पक्ष के सदस्यों के निशानें पर रही। प्रस्तावों पर बोलने की व्यवस्था को लेकर जहां विपक्ष ने मेयर पर भेदभाव का आरोप लगाया तो पक्ष के वरिष्ठ पार्षद रामवतार ने तो मेयर सौम्या गुर्जर को सदन नियमों से चलाने की हिदायत ही दे डाली। दरअसल साधारण सभा की बैठक में 21 में से मात्र 15 प्रस्तावों पर चर्चा हो सकी।

बैठक की शुरूआत में मेयर डॉ. सौम्या ने व्यवस्था दी थी कि एक सदस्य एक ही प्रस्ताव पर बोलेगा, जिससे सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिले। लेकिन भाजपा के पार्षद रामवतार ने कहा कि सदन को चलाने के नियमों के तहत कोई भी सदस्य कितने भी प्रस्तावों पर बोल सकता है। भाजपा पार्षद जितेन्द्र श्रीमाली ने भी इसका समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि जो पार्षद एक से ज्यादा प्रस्तावों पर बोलने की तैयारी करके आए है। उनकी क्या गलती है। जो पार्षद नहीं बोलना चाहते है वो ना बोले। लेकिन जो पार्षद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेना चाहते है। उन्हें मौका दिया जाना चाहिए।

# कलयुगी पिता ने किया बेटी से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। जयसिंहपुरा खोर इलाके में एक बाप ने अपनी नाबालिग बेटी को ही हवस का शिकार बना लिया। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 16 वर्षीया किशोरी ने रिपोर्ट दी है कि 9 मई को मां, छोटे भाई को लेकर ननिहाल गई थी।

घर में छोटा भाई, बहन और पिता मौजूद थे। आरोप है 11 मई की रात करीब 12 बजे पिता जबरन उसके बगल में लेट गया और अश्लील हरकत करने लगा। उसने विरोध किया लेकिन पिता नहीं माना और दुष्कर्म किया।

घटना के बारे में किसी को बताने पर धमकी दी। पीड़िता ने अपनी मां को यह बात बताई तो उसने कहा तेरे पिता ऐसे नहीं है। वह ऐसा नहीं कर सकते, इसका क्या सबूत है।

# फायरिंग मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ़्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन

## मालोला चौराहे पर फायरिंग कर एक व्यक्ति को तीन गोलियां मारी थी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के मालोला चौराहे पर राजपूत समाज के युवक पर हुई सरेआम फायरिंग मामले में मुख्य आरोपी गोपाल गुर्जर सहित शेष आरोपित गिरफ्तार नहीं होने से नाराज समाज के लोगों ने कलेक्ट्री पर उग्र प्रदर्शन करते हुए अगले गुरुवार को

■ **इस मामले में प्रताप नगर पुलिस ने 14 में से 3 ही आरोपितों को गिरफ्तार किया है**

भीलवाड़ा बंद करने की चेतावनी दी है। करणी सेना के विश्व बंधु सिंह राठौड़ ने कहा कि मालोला चौराहे पर पिछले दिनों फायरिंग कर एक व्यक्ति को तीन गोलियां मारी गई थी। इस मामले में प्रताप नगर पुलिस ने 14 में से 3 ही आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि गोपाल गुर्जर सहित शेष आरोपितों की गिरफ्तारी में पुलिस कोताही बरत रही है। इसे लेकर मंगलवार को प्रताप नगर थाने का घेराव कर 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुये कलेक्ट्रेट के घेराव की चेतावनी दी गई। इसके बावजूद पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। इसे लेकर राजपूत समाज में भारी रोष है। समाज के सभी संगठनों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन कर मुख्य आरोपित गोपाल गुर्जर, छोटू बगड़ावत, छोटू बगड़ावत-2, नारु बंजारा, सत्तू बजाड़, राजू व्यास, देवजी गुर्जर, राजू जाट, कालू गुर्जर, बनवारी गुर्जर, मुकेश गुर्जर व अन्य को अविलंब गिरफ्तार कर हथियार और वाहन बरमाद करने की मांग की। आरोपितों व उनके फोलोवर्स द्वारा वाट्सएप्प, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर पीड़ित को डराया-धमकाया जा रहा है। इनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई। राठौड़ ने बताया कि राजपूत समाज ने आरोपितों के खिलाफ अलग-अलग थानों में केस दर्ज होने की बात कहते हुये इन आरोपितों के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोलने की मांग भी की। राठौड़ ने चेतावनी दी कि अगर आरोपित गिरफ्तार नहीं होते हैं तो अगले गुरुवार को राजपूत समाज भीलवाड़ा बंद करवाकर उठा आंदोलन करेगा और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



फायरिंग के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर राजपूत समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।

# मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## गैंग के पांच जने गिरफ्तार, पिकअप जप्त



प्रागपुरा थाना पुलिस ने मोबाइल टावर से बैटरी चुराने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**पावटा, (निसं)।** मोबाइल टावर्स से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का प्रागपुरा थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधिक्षक राजीव पचार ने बताया कि 5 अप्रेल को गांव बेरी बांध में लगे मोबाइल टावर्स से चोरों द्वारा 46 बैटरी सैल चोरी करने का मामला सामने आया। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश के निर्देशन, वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर संजीव चौधरी के निकटतम सुपरविजन व थानाधिकारी प्रागपुरा सवाई सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर तकनीकी सहायता से बैटरी चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर गैंग के 5 मुख्य आरोपियों हितेश पुत्र मुकेश कुमार निवासी बलुपुरा, दर्शन निवासी नारेहडा, सलीम निवासी नारेहडा, प्रमोद निवासी खेड़ा श्यामपुरा, राहुल निवासी हसामपुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्तो ने 2 महिने पहले गांव बामनवास में लगे मोबाइल टॉवर से 22 बैटरी, गांव हसामपुर में लगे मोबाइल टॉवर से 21 छोटी बेट्री, गांव घासीपुरा में लगे मोबाइल टॉवर से 21 बेट्री, गांव गठवाडी मे लगे मोबाइल टॉवर से 3 बेट्री चोरी करने की वारदातों को कबूल किया।

## दो गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थानान्तर्गत गांव मंडावर में गुरुवार को पुलिस ने 100 लीटर वॉश नष्ट कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव मण्डावर के समीप बनास नदी के रपटे के पास अवैध

■ **तीन अलग-अलग स्थानों से 400 लीटर वॉश की नष्ट**

देशी शराब बनाने का कार्य चल रहा है। इस पर पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचकर छापा मारा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके से 100 लीटर वॉश को जमीन पर फैलाकर नष्ट किया। मौके से एक प्लास्टिक के कट्टे में हथकढ शराब की दो लीटर की बोतल मिली। पुलिस ने तत्काल अवैध हथकढ शराब के मामले में जेके उर्फ श्रीधर पुत्र राज्या उर्फ राजू सांसी उम्र 28 निवासी मंडावर को गिरफ्तार कर लिया। हथकढ शराब के विरुद्ध अभियान के दौरान सदर पुलिस द्वारा ग्राम केथुनिया व बाढ दामोदरपुरा में शराब निकालने की भट्टियों व 300 लीटर वॉश नष्ट किया गया। पुलिस ने अवैध शराब के मामले में सुरज्ञान सांसी को दो लीटर अवैध हथकढ शराब के साथ गिरप्तार किया गया है।

# सप्त शक्ति कमान ने पश्चिमी सीमा पर किया "सुदर्शन शक्ति" अभ्यास

**जयुपर।** भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान ने 22 से 25 मई 2023 तक राजस्थान और पंजाब में पश्चिमी सीमाओं पर सुदर्शन शक्ति 2023 का युद्धाभ्यास किया। अभ्यास सुदर्शन शक्ति 2023 को नेटवर्क-केंद्रित वातावरण में आपरेशनल योजनाओं को संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

हाई टेम्पो ऑपरेशंस के हिस्से के रूप में ग्रे जोन वारफेयर सहित दुश्मन के खतरे के सभी क्षेत्रों के तहत एक समन्वित अनुप्रयोग में लड़ाकू शक्ति, युद्ध समर्थन और लॉजिस्टिक सपोर्ट का अभ्यास किया गया। मल्टीप्लायरों का एकीकृत उपयोग जैसे विशेष बलों, ड्रोन, टीथर्ड ड्रोन, लॉटर गोला-बारूद के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के प्रमुख पहलुओं को कवर करने वाली आला तकनीकों को सक्रिय रूप से शामिल कर इस अभ्यास के दायरे और उद्देश्य को पूरा किया। उच्च तापमान के बावजूद भाग लेने वाले सैनिकों ने अनुकरणीय प्रशिक्षण मानकों और उच्च मनोबल का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास ने जनवरी 2023 में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडे द्वारा प्रतिपादित परिवर्तन के पांच स्तंभों के घोषित उद्देश्यों को पूरा किया।

दक्षिण पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू और पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल पीएम सिन्हा इस अभ्यास के साक्षी रहे। उनकी भागीदारी विभिन्न आपरेशनल परिदृश्यों के दौरान सेना और वायु सेना के बीच संयुक्तता और अंतर-क्षमता का एक का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। "सुदर्शन शक्ति 2023" का सफल समापन दक्षिण पश्चिमी कमान और इसकी संबद्ध इकाइयों की उच्च स्तर की आपरेशनल तैयारियों और भविष्य की चुनौतियों से लड़ने की क्षमता के प्रति प्रतिबद्धता दिखाती है।



भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान ने राजस्थान और पंजाब में पश्चिमी सीमाओं पर युद्धाभ्यास किया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रेलर ने मारी टक्कर

**चाकसू, (निसं)।** गुरुवार को नेशनल हाइवे 52 कोटखावदा पुलिया के पास सरसों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी।

■ **हादसे में एक युवक घायल**

जिससे ट्रैक्टर चालक घायल हो गया जिसे उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

वहीं हादसे के बाद सरसों के कट्टे पुलिया पर बिखर गए और कुछ पुलिया से नीचे गिर गए। सरसों के कट्टे सड़क पर बिखरने से यातायात अवरुद्ध हो गया पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बिखरे कट्टों को एक तरफ करवाकर यातायात को सुचारू करवाया। गौरतलब है सरसों को चाकसू कृषि मंडी स्थित सरकारी खरीद केंद्र से खरीद कर भंडारण के लिए ले जाया जा रहा था तब यह हादसा चाकसू में बाईपास पर हुआ। दुर्घटना में ट्रैक्टर भी आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गुरूवार को पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर सदर थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत बामन बडौदा के खुदस्या गांव पहुंचे और पीडित परिवार को ढांढस बंधाया।

उल्लेखनीय है कि सात दिन से लापता मृतक देवनारायण गुर्जर उर्फ पप्पू (24) पुत्र हीरालाल गुर्जर का शव सोमवार देर शाम कुएं में मिला था। गुरुवार को पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर परिजनों को सांत्वना देने पीड़ित के घर पहुंचे। जहां पर उपस्थिति लोगों ने प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला स्पष्ट नहीं है जो जांच का विषय है।

लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि यह मर्डर का मामला हैं। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर वार्ता कर कहा कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा हो। अभी तक पुलिस द्वारा प्रारंभिक साक्ष्य नहीं लिए गए हैं। जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्डम बाहर खुले स्थान पर जमीन पर रखकर किया जो

■ **सात दिन से लापता युवक का शव सोमवार देर शाम कुएं में मिला था**

■ **पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने एएसपी से मर्डर का खुलासा करने की बात कही**

मानवाधिकारों के नियमों का उलंघन है। पूर्व विधायक ने सख्त लहजे में कहा कि प्रशासन की लाफरवाही बर्दाश्त के काबिल नहीं है। 3-4 दिन के अंदर मामले की जांच कर प्रगति लाए अन्यथा 3-4 दिन बाद आंदोलात्मक रुख अपनाया जाएगा। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के साथ सरपंच लाला अमरगढ, मनोज कुनकटा, सरपंच पप्पू बोहरा, पूर्व सरपंच राजूलाल वैध, पंचायत समिति सदस्य भीम सिंह आखोदिया सहित आसपास के दर्जनों गांवों के सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## फरार स्थाई वारंटी बलकार सिंह गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** सिद्धमुख थाना पुलिस द्वारा दो साल से फरार चल रहे एक स्थाई वांरटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रकरण अनुसार पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर, रैंज बीकानेर के द्वारा 10 वर्षो से अधिक अवधी के पैण्डिल प्रकरणों एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी व भगौड़ों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक चूरू राजेश मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ अशोक बुटोलिया, वृताधिकारी वृत राजगढ ओमप्रकाश गोदारा के निकटतम सुपरविजन व सिद्धमुख थानाधिकारी सुभाष चन्द्र उपनिरीक्षक के नेतृत्व में सिद्धमुख थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में दो साल से फरार चल रहे एक स्थाई वांरटी बलकार सिंह पुत्र निर्मल सिंह मजबी सिख उम्र 36 साल निवासी राईयां पुलिस थाना फूल जिला भटिंडा (पंजाब) को उसके गाँव राईयां से हांसियावास से गिरफ्तार किया गया है। स्थाई वांरटी की गिरफ्तारी में पुलिस थाना सिद्धमुख के रामेश्वरलाल सहायक उपनिरीक्षक, सुनिल कुमार कानि., प्रदीप कुमार कानि., रविन्द्र कुमार कानि., व बजरंगलाल कास्टेबल ने कार्यवाही को अंजाम दिया।

# सुलताना में दुकान से तीन लाख के कपड़े चोरी

**सुलताना, (निसं)।**थाना इलाके में चोरों के हौंसले बुलंद हैं। गश्त के बावजूद चोर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बीती रात को चिड़ावा थाना इलाके के सुलताना कस्बे में बस स्टैंड से मुख्य बाजार जाने वाले रास्ते पर स्थित दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सामान चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार जाने वाले रास्ते पर सोमानी मार्केट के पास वसीम रंगरेज की दुकान में बीती रात को चोरों ने ताले तोड़कर

■ **चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई**

लाखों रुपए के कपड़े चोरी कर लिए। पुलिस गश्त की गाड़ी जब बाजार की ओर से सोमानी मार्केट के पास पहुंची तो दुकान का खुला शटर देखकर व्यापारी को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद व्यापारी दुकान पर पहुंचा तो आधा शटर खुला था। इसके बाद दुकान के अंदर देखा तो दुकान से कपड़ों के बंडल गायब थे। व्यापारी वसीम ने बताया कि चोर दुकान से करीब 3 लाख के कपड़े चोरी कर ले गए। सुबह जब व्यापारियों को चोरी की घटना का पता चला तो व्यापारी इकठ्ठा हो गए चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश हैं। व्यापारी ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठाए हैं। इधर, सीसीटीवी कैमरों में चोरी की वारदात कैद हुई है। जिसके आधार पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# झौपड़ पट्टी में युवक जला, अस्पताल में भर्ती

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिला कलेक्ट्रेट के सामने की तरफ झोपड़ पट्टी में आग लगने से एक युवक जल गया। झोपड़पट्टी में आग लगते ही आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिल गई। उन्होंने पानी डालकर आग बुझा दी। मौके पर झोपड़पट्टी में से निकलकर एक आदमी भागा वहीं अन्य 75 प्रतिशत झुलसी हुई हालत में मिला। उसे श्रीगंगानगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से उसे गंभीर हालत होने पर अन्यत्र रैफर कर दिया गया। जिला कलेक्ट्रेट के सामने की तरफ रेलवे लाइन के पास के इलाके में कई झोपड़पट्टियां हैं। इनमें से एक झोपड़पट्टी में आग लग गई।

आग लगने और मौके से चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई देने पर आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। इसी दौरान झोपड़पट्टी में से एक युवक निकलकर भाग जबकि आग बुझने के बाद एक अन्य युवक जली हुई हालत में मौके पर मिला। आसपास के लोगों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसे बर्न यूनिट में भर्ती करने के बाद हालत गंभीर होने पर अन्यत्र रेफर कर दिया गया।

## विचारित सूची जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत कॉमर्स विषय के पदों के लिए पात्रता की जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की गई है। अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। वरिष्ठ उपसचिव एसएन शर्मा ने बताया कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा के अन्तर्गत ग्रुप-ए के प्रथम प्रश्न-पत्र सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन की परीक्षा का आयोजन 11 अक्टूबर 2022 को किया गया था।

# बीदासर क्षेत्र में जमकर बरसे बादल

## बरसाती पानी भरने से मुख्य बाजार में हवेली भरभराकर गिर गई

**बीदासर (निसं)।** कस्बे व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार की दोपहर से शुरू हुआ बरसात का दौर गुरुवार की सुबह नौ बजे तक जारी रहा। इस दौरान पुरे क्षेत्र में बादल जमकर बरसे। झमाझम हुई बरसात से कस्बे के मुख्य मार्ग पानी से लबालब हो गये तथा बरसाती पानी ने दरिया का रूप ले लिया।

बुधवार की दोपहर साढ़े 12 बजे बाद बारिश का दौर शुरू हुआ और करीब एक घण्टे तक जमकर बरसात हुई। इसके बाद गुरूवार की सुबह तक रुक रुक कर कभी हल्की तो कभी तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर चला। बारिश के कारण कस्बे मे वाल्मीकि बस्ती, मेघवाल बस्ती, शिव चौक, बडौदा बैंक रोड़, नेक नगर रोड़, गंगा माता मंदिर मार्ग सहित अनेक निचले ईलाकों व गली मोहल्लों में पानी भर गया। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बारिश के दौरान कस्बे की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प रही। तेज बरसात के दौरान मण्डी बाजार, चौरडिया मार्ग, पालिका मार्ग सहित अनेक सड़क मार्गो पर बने घरों में बरसाती पानी घुस गया।

वहीं कस्बे के वार्ड तीन मण्डी बाजार स्थित गांधी चौक व्यस्ततम भीड़-भाड़ वाले मुख्य सड़क मार्ग पर गुरूवार की सुबह पांच बजे के लगभग परशुराम चौधरी की बंद हवेली का आधा हिस्सा भरभराकर गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे में बुधवार की दोपहर बाद से लगातार हो रही बरसात से हवेली के पास ही बन रहे निर्माणाधीन बेसमेंट में पानी भर गया। जिसके कारण हवेली की नींव में पानी चले जाने के कारण हवेली का कमजोर हिस्सा ऊपर से भरभराकर गिर गया। गनीमत यह रही कि हवेली का हिस्सा गिरने के समय सुबह का समय होने के कारण कोई आवागमन नहीं था। जिससे किसी प्रकार की जनहानि नही हुई। यदि दिन के समय हवेली का हिस्सा गिरता तो शायद बड़ा हादसा हो सकता था।

मुकेश कुमार स्वामी, कनिष्ठ अभियंता, नगर पालिका बीदासर का कहना है हवेली का आधा हिस्सा गिरने के बाद खतरे को देखते हुये मुख्य मार्ग पर बलियाँ लगाकर मार्ग को बंद कर दिया गया है तथा हवेली के मालिक को बाकि हिस्से को गिराने का नोटिस जारी किया है तथा हवेली के पास ही बन रहे बैसमेंट को निर्माण स्वीकृति के अनुसार कार्य नहीं करने पर बैसमेंट मालिक को भी नोटिस जारी किया है।



बीदासर में बरसाती पानी भरने से गिरी हवेली।

## शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**चूरू, (का.सं.)।** जिले की रतननगर पुलिस ने बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर उंटवालिया चौराहे के पास नाकाबंदी के दौरान एक कंटेनर से हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब के 62 कार्टन जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शराब और कंटेनर को जब्त कर एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। रतननगर सीआई जसवीर कुमार ने बताया कि बुधवार देर रात एनएच-52 पर नाकाबंदी के दौरान उंटवालिया चौराहे के पास सामने से आ रहे कंटेनर को रोक कर तलाशी ली गई। कंटेनर के कैबिन के पीछे एक बॉक्स बना रखा था, जिसमें तस्कर ने 62 कार्टन हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब छीपा रखी थी। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर शराब तस्कर चित्तौड़गढ़ के मुरोली निवासी कैलाशचंद माली (28) को गिरफ्तार किया है। सीआई ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि शराब तस्कर हरियाणा से उदयपुर तस्करी करने के लिये ले जा रहा था। जब्त शराब की बाजार कीमत करीब पांच लाख रूपये बताई जा रही है। तस्कर कब से तस्करी कर रहा है। इसके लिये पुलिस इसके क्राइम रिकॉर्ड खंगाल रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में डीएसटी प्रभारी सीआई सुरेश कुमार, रतननगर सीआई जसवीर कुमार, हैड कॉन्स्टेबल अमरचंद, कॉन्स्टेबल मनोज कुमार, जयवीर व अनिल कुमार शामिल थे।

# विधायक कोष से बनी दो किलोमीटर की सड़क को खोदा



तुर्कियावास गांव में बनाई गई सड़क को उखाड़ दिया।

**किशनगढ़ रेनवाल, (निसं)।** किशनगढ़ रेनवाल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लुनियावास के तुर्कियावास गांव में आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सड़क बनाई गई। लेकिन स्थानीय जन प्रतिनिधियों की खुन्नस के कारण यह अब नाकारा साबित होती हुई दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत ने ग्राम पंचायत लुनियावास के तुर्कियावास में विधायक कोटे से 35 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण सड़क का निर्माण कराया था। इस सड़क के निर्माण से

■ **स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने डामर सड़क को बेवजह उखाड़ दिया**

आमजन को काफी राहत मिलती, इससे पहले ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने राजनीतिक खुन्नस दिखाते हुए विधायक कोष से निर्मित डामर सड़क को बेवजह उखाड़ दिया तथा उसके बगल में 10 फीट चौड़े और 200 फीट खुदाई कर डाली। जिससे 35 लाख रुपए की लागत से बनी विधायक कोष से निर्मित सड़क नाकारा साबित हो गई। कांग्रेस भाजपा की राजनीतिक प्रतिद्वंदिता आमजन पर इतनी भारी पड़ गई कि सुगम रास्ते पर चलने के मंसूबों ने पानी फेर दिया। मुकेश रणवा सहायक अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग किशनगढ़ रेनवाल का कहना है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग सड़क बनाने का कार्य करता है ना कि सड़क उखाड़ने का नहीं हैं, मेरी जानकारी में मामला अभी आया है और जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।




विकेट दोनों पारियों में समान खेला। हमें बस बेहतर बल्लेबाजी करनी थी-**क्रुणाल पांड्या**

लखनऊ सुपर जांयट्स के कप्तान, एलिमिनेटर मुकाबले में हार पर।




**आज का खिलाड़ी**

## नीरज चोपड़ा



युवा मामलों और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने गुरुवार को टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के फिनलैंड के कुओर्तने में प्रशिक्षण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। नीरज को जून में विश्व एथलेटिक्स के कई स्वर्ण स्तरीय आयोजनों में हिस्सा लेना है, जिसके लिये उन्होंने फिनलैंड के कुओर्तने ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र में तैयारी करने का फैसला लिया है। डायमंड लीग 2022 का खिताब जीतने वाले नीरज ने पिछले साल भी यही प्रशिक्षण योजना अपनाई थी। नीरज हाल ही में डायमंड लीग के दोहा चरण में पहले स्थान पर रहे।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# पहले क्वालीफायर की गलतियों से सीखना चाहेगी गुजरात

## मुंबई इंडियंस-गुजरात टाइटंस में दूसरा क्वालीफायर आज

अहमदाबाद, 25 मई। हार्दिक पांड्या की गुजरात टाइटन्स जब शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियन्स का मुकाबला करने उतरेगी तो उसका लक्ष्य होगा कि वह पहले क्वालीफायर की गलतियों से सीखकर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाये। दूसरी ओर, एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जायंट्स को 81 रन से रौंदने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज़ रोहित शर्मा की मुंबई इंडियन्स भी गुजरात को पछाड़कर रिकॉर्ड छठे खिताब की ओर कदम बढ़ाने के लिये तैयार होगी। गुजरात भले ही पहले क्वालीफायर में चेन्नई का चेपौक किला न भेद सकी हो, लेकिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर उसे हराना आसान न होगा। पांड्या की पलटन इस मैदान पर आठ में से पांच मैच जीत चुकी है, जिसमें 25 अप्रैल को मुंबई पर दर्ज की गयी विजय भी शामिल है। आमने-सामने के मुकाबलों में गुजरात मुंबई को दो बार हरा चुकी है।

इस मैदान पर गुजरात के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का रिकॉर्ड भी शानदार है। वह नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर 10 पारियों में 55.66 की औसत से 501 रन बना चुके हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा गुजरात के अग्रणी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस मैदान पर कुल 11 मैचों में 18 विकेट चटका चुके हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ आईपीएल प्रदर्शन (दिल्ली कैपिटल्स, 11 रन, चार विकेट) भी घरेलू मैदान पर ही आया है। इन दोनों प्रतिभावान भारतीयों के अलावा भी गुजरात कई मैच-जिताऊ खिलाड़ियों से भरी हुई है जो मौका मिलने पर मुंबई का फाइनल में पहुंचने का सपना तोड़ सकते हैं।

इसके बरक्स, मुंबई भले ही इस सीजन एक अपेक्षाकृत नयी टीम के साथ मैदान पर उतरी हो, लेकिन रोहित की कप्तानी ने उनके लिये चीजों को आसान बनाया है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में उत्तराखंड के आकाश मधवाल ने अपना जौहर दिखाया है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई युवा कैमरन ग्रीन एक फिनिशर होने के साथ-साथ ऊपरी क्रम में भी शतक जड़ चुके हैं। सूर्यकुमार यादव अगर अपने पूरे रंग में नज़र आयें तो अकेले ही गुजरात की गेंदबाजी पर भारी पड़ सकते हैं। गुजरात हालांकि मुंबई की छोटी-मोटी कमियों का फायदा उठाकर लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के लिये आतुर होगी। नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर हार्दिक टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना चाहेंगे। इसका मुख्य कारण यह होगा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इस मैदान पर कभी भी जीत नहीं सकी है। मुंबई भी रोहित की कप्तानी और युवा प्रतिभाओं के दम पर फाइनल में पहुंचकर चिर-प्रतिद्वंदी चेन्नई सुपर किंग्स से भेंट करना चाहेगी।

## सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है मुंबई इंडियंस : कैमरन ग्रीन

चेन्नई, 25 मई। मुंबई इंडियंस को जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तब कैमरन ग्रीन ने उन पर खर्च किये गए 17.5 करोड़ रूपये को सार्थक साबित कर दिया और उन्हें खुशी है कि शुरूआती संघर्ष के बाद अब उनकी टीम आईपीएल खिताब से दो कदम की दूरी पर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स को एलिमिनेटर में 81 रन से हराने के बाद दूसरे क्वालीफायर में मुंबई का सामना गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस से होगा। इसमें जीतने वाली टीम फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलेगी। ग्रीन ने स्टार स्पोटर्स से कहा ,'' रोहित (शर्मा) को भारत के लिये और आईपीएल में खेलने का इतना अनुभव है कि उसे पता है। मुझे लगता है कि मुंबई ने आईपीएल में अपना पहला मैच कभी नहीं जीता और उसने हमें यह बताया था।'' उन्होंने कहा ,'' हमारी शुरूआत धीमी रही लेकिन हम सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। यही सबसे जरूरी है।'' ग्रीन ने यह भी कहा कि दुनिया में सबसे आसान काम सूर्यकुमार यादव के साथ बल्लेबाजी करना है।

## सिंधू, श्रीकांत और प्रणय मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में, लक्ष्य सेन बाहर

कुआलालंपुर, 25 मई। भारत के स्टार खिलाड़ियों पीवी सिंधू, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन युवा सनसनी लक्ष्य सेन को हार का सामना करना पड़ा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और यहां छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल में जहां जापान की आया ओहोरी को आसानी से सीधे गेम में हराया वहीं प्रणय को चीन के शी फेंग ली को हराने के लिए तीन गेम तक संघर्ष करना पड़ा। श्रीकांत ने इंडिया ओपन चैंपियन और थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसर्न को सीधे गेम में पराजित किया।

पहले कोर्ट पर उतरने वाली विश्व में 13वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने ओहोरी पर दबदबा बनाए रखा और जापान की विश्व में 28वें नंबर की खिलाड़ी को 40 मिनट तक चले मैच में 21-16, 21-11 से पराजित किया। सिंधू क्वार्टर फाइनल में चीन की ही यी मैन झांग से भिड़ेगी। दुनिया में नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके विश्व में 11वें नंबर के खिलाड़ी ली को एक घंटा 10 मिनट तक चले मैच में 13-21, 21-16, 21-11 से हराया। प्रणय अब जापान के केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे, जिन्होंने पिछले साल जापान ओपन और इस वर्ष स्पेन मास्टर्स का खिताब जीता था। श्रीकांत ने इससे पहले वितिदसर्न के खिलाफ जो तीन मैच खेले थे उनमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां वह 21-19, 21-19 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। उनका अगला मुकाबला इंडोनेशियाई क्वालीफायर क्रिश्चियन एडिनाटा से होगा। भारत के युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन हालांकि हांगकांग के एंगस एनजी का लोंग से 14-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गए।

## अवनि ने पैरा-निशानेबाजी में जीता भारत का 100वां पदक

चांगवोन (कोरिया), 25 मई। भारतीय पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अवनि लेखरा ने यहां चांगवोन अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज में आयोजित पैरा-निशानेबाज़ी विश्व कप में गुरुवार को रजत पदक जीत लिया। अवनि 10 मीटर एयर राइफल में एसएच1 के फाइनल में स्वर्ण पदक से 0.1 अंक से चूक गयीं। भारत की 21 वर्षीय निशानेबाज ने 24वें राउंड में 10.3 के स्कोर के साथ कुल 250.1 अंक अर्जित किये, जबकि स्वीडन की ऐना बेन्सन 250.2 अंक अर्जित कर शीर्ष पर रहीं। अवनि ने इसी के साथ पैरा-निशानेबाजी खेलों में भारत का 100वां पदक हासिल किया। इससे पहले, उन्होंने क्वालिफिकेशन में 626.5 (तीसरा) अंक हासिल किये थे। चांगवोन 2023 विश्व कप विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स (डब्ल्यूएसपीएस) सीज़न का पहला आयोजन है और पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिये कोटा प्रदान करेगा।

## लास वेगास में मैच प्ले के पहले मुकाबले में हारी अदिति

लास वेगास, 25 मई। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक को यहां बैंक ऑफ होप एलपीजीए मैच प्ले के शुरुआती दौर के मुकाबले में फ्रांस की पेरिन डेलाकोर के खिलाफ अधिकांश समय बढ़त बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। अदिति ने अधिकांश समय मुकाबले में बढ़त बनाई हुई थी लेकिन अंतिम दो होल में पिछड़ गईं। अदिति और डेलोकोर ने अंतिम होल से पहले समान पांच बर्डी की थी लेकिन फ्रांस की खिलाड़ी ने 18वें और अंतिम होल में एक और बर्डी लगाकर भारतीय खिलाड़ी को पछाड़ दिया। टूर्नामेंट में 64 खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं जो तीन दिन राउंड रोबिन के आधार पर खेलेंगी। प्रत्येक 16 ग्रुप का विजेता नॉकआउट में जगह बनाएगा।

## फ्रांस की पहली ओलंपिक महिला प्रमुख ने इस्तीफा दिया

पेरिस, 25 मई। फ्रांस की ओलंपिक समिति की पहली महिला प्रमुख ब्रिगिट हेनरिक्स ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले यह फ्रांस में खेलों से जुड़ा एक और नेतृत्व परिवर्तन है। फ्रांस की पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी ब्रिगिट फ्रांस में ओलंपिक खेलों की अगुआई करने वाली पहली महिला थीं। फ्रांस ओलंपिक जगत में कड़ी अंदरूनी लड़ाई के बाद ब्रिगिट को अपना पद छोड़ना पड़ा। फ्रांस ओलंपिक समिति ने कहा कि उन्होंने गुरुवार को आम सभा की बैठक की शुरुआत में घोषणा की कि वह पद छोड़ रही हैं। समिति ने ब्रिगिट के पद छोड़ने के कारणों के बारे में नहीं बताया लेकिन कहा कि उन्होंने बैठक में मौजूद लोगों को इसके बारे में जानकारी दी। ब्रिगिट जून 2021 से इस पद पर काबिज थीं।

## पहलवानों के समर्थन में एसजीपीसी का प्रतिनिधिमंडल जाएगा दिल्ली : ग्रेवाल

अमृतसर 25 मई। दिल्ली के जंतर-मंतर पर संघर्ष कर रहे ओलंपियन पहलवानों की मदद के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) का एक प्रतिनिधिमंडल 29 मई को दिल्ली जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में शिरोमणि समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलदेव सिंह कैमपुर, महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल व अंतरिम कमेटी की सदस्य बीबी गुरिंदर कौर भोलूवाला शामिल होंगे। शिरोमणि कमेटी के महासचिव व प्रतिनिधिमंडल के सदस्य गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने गुरुवार को बताया कि हाल ही में शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने संघर्षरत पहलवानों को समर्थन देने की घोषणा की थी, जिसके अनुसार शिरोमणि समिति के पदाधिकारी दिल्ली में जंतर मंतर जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिख संगठन शिरोमणि कमेटी सच्चाई के लिए लड़ने वालों के साथ हमेशा खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी।

## सांस्थानिक लीग में गोलों की बौछार : महिप, कुलभूषण, अंकित की तिकड़ी

नयी दिल्ली, 25 मई। फुटबॉल दिल्ली सांस्थानिक लीग में अधिकाधिक गोल जमाने और बड़ी जीत हासिल करने की जैसे होड़ सी लगी है। डीटीसी पर दर्जन भर गोल जमाने के दिल्ली सरकार के रिकार्ड के एक दिन बाद दिल्ली ऑडिट ने शहरी विकास मंत्रालय को 13-0 से हराकर 24 घंटे में रिकॉर्ड तोड़ डाला। कुछ घंटे बाद नेहरू स्टेडियम पर कस्टम एंड एक्साइज ने तमाम रिकार्ड तोड़ते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी को बीस गोलों से पीट दिया। विजेता के लिए स्टार स्ट्राइकर महिप अधिकारी ने 14 गोल जमाए। मांगस्मिता ने तिकड़ी और रिपुदमन, माणिक और प्रेम ने एक-एक गोल जमाए। ऑडिट ने एकतरफा मुकाबले में कुलभूषण और अंकित के पांच-पांच गोलों की मदद से शहरी विकास मंत्रालय को 13- 0 से कुचल डाला। सौरभ, नितेश और गोलमेई ने एक-एक गोल किया। दिल्ली के चैंपियन वाटिका एफसी के कोच कुलभूषण ने अंकित के साथ मिलकर बड़ी उम्र के खिलाड़ियों से पटे प्रतिद्वंद्वी पर आखिर तक गोल जमाने का सिलसिला बनाये रखा। इसी बीच, फुटबॉल दिल्ली सी-डिवीजन लीग के रोमांचक मुकाबले में गोल हंटर्स ने सिग्नेचर एफसी को 3-1 से हराया। यमन, अजय पाल और कृष्ण ने हंटर्स के गोल किए। पराजित टीम का गोल सोनू के नाम रहा।

# रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया-ए से हारा भारत

एडिलेड, 25 मई। भारतीय महिला हॉकी टीम गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में संघर्ष के बावजूद 2-3 से हार गयी।

मेट स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिय-ए ने एलिस आर्नोट (18वां) के एक गोल और रूबी हैरिस (20वां, 35वां मिनट) के दो गोलों की मदद से 3-0 की बढ़त बना ली। भारत ने सलीमा टेटे (40वां मिनट) और संगीता कुमार (54वां मिनट) के गोलों की मदद से मैच के अंतिम हिस्से में शानदार वापसी की, लेकिन वह बचे हुए समय में तीसरा गोल नहीं दाग सका।

मुकाबले की शुरुआत भारत के पक्ष में रही और मेहमान टीम ने 10वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर भी अर्जित किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहला क्वार्टर समाप्त होने से पहले दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये, लेकिन भारतीय रक्षण ने उसे बढ़त लेने की अनुमति नहीं दी। पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद भारतीय महिलाओं ने दूसरे क्वार्टर में गेंद पर कब्जा रखने की कोशिश की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने 18वें मिनट में आर्नोट के गोल से खाता खोल लिया। दो मिनट बाद हैरिस ने आसानी ने गेंद को नेट में धकेल कर ऑस्ट्रेलिया-ए की बढ़त दोगुनी कर दी।

दो गोलों से पिछड़ने के बाद भारतीय महिलाओं ने फील्ड पर आक्रामकता दिखाई, लेकिन हाफ टाइम तक वे गेंद को नेट में नहीं पहुंचा सकीं। हैरिस ने तीसरे क्वार्टर के पांचवें ही मिनट में एक और गोल जमाकर भारत की चिंताओं को तिगुना कर दिया।

भारत ने इसके बावजूद आक्रामकता के साथ खेलने की नीति जारी रखी और सलीमा ने गोलपोस्ट में गेंद को पहुंचाकर मेहमान टीम का खाता खोला। चौथे क्वार्टर में इस तेजतर्रार रवैये ने भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर भी दिलाए, लेकिन वह इस बार भी उन्हें गोल में नहीं बदल सकी। संगीता ने मैच के अंतिम मिनटों में भारत का दूसरा गोल किया, लेकिन पेनल्टी कॉर्नरों को गोल में तब्दील न करना मेहमान टीम के लिये भारी पड़ा और ऑस्ट्रेलिया-ए 3-2 से मुकाबला जीत गयी।

यह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की तीसरी हार है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम ने तीन मैचों की शृंखला में भारतीय महिलाओं को 2-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच 4-2 से, जबकि दूसरा मैच 3-2 से जीता था। तीसरे मैच में भारतीय टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कंगारुओं को 1-1 के ड्रॉ पर रोक दिया था। भारत का यह ऑस्ट्रेलिया दौरा सितंबर में चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी का हिस्सा हैं। भारत शृंखला के अंतिम मैच में शनिवार को यहां फिर से ऑस्ट्रेलिया-ए से भिड़ेगा।

## जूनियर एशिया कप हॉकी : भारत ने जापान को हराया

नयी दिल्ली, 25 मई। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओमान में चल रहे जूनियर एशिया कप में पूल ए के दूसरे मैच में जापान को 3.1 से हरा दिया। भारत के लिये अराइजीत सिंह हुंडल (36वां), शारदानंद तिवारी (39वां) और उत्तम सिंह (56वां) ने गोल दागे। वहीं जापान के लिये कुंपेइ यासुडा (19वां) ने गोल किया।

भारत की यह लगातार दूसरी जीत है। भारतीय खिलाड़ियों ने पहले ही मिनट से दबाव बनाना शुरू कर दिया था हालांकि जापान को पहली सफलता मिली। पहले क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में जापान के लिये यासुडा ने गोल किया।

हाफटाइम के बाद जापान ने शुरूआत में आक्रामक खेल दिखाया लेकिन भारत ने वापसी करते हुए बराबरी का गोल दागा। इसके बाद भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले जिस पर शारदानंद ने गोल करके बढत दिलाई। आखिरी क्वार्टर में उत्तम सिंह ने पेनल्टी पर गोल करके बढत दो गोल की कर दी। भारत का सामना 27 मई को पाकिस्तान से और 28 मई को थाईलैंड से होगा।

# यूटीटी सीजन-4 से पहले रिटेन हुए सत्यन, शरत कमल

नयी दिल्ली, 25 मई। भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और सत्यन ज्ञानशेखरन सहित चार खिलाड़ियों को उनकी संबंधित फ्रेंचाइजियों ने अल्टिमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के आगामी चरण से पहले रिटेन किया है।

आयोजकों की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञिप्त के अनुसार, गत चैंपियन चेन्नई लायन्स ने 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन और खेल रत्न शरत कमल को टीम में बरकरार रखा है। पिछले सीजन की उपविजेता दबंग दिल्ली ने ज्ञानशेखरन को टीम में बरकरार रखने का फैसला लिया है। भारत की शीर्ष महिला पैडलर मणिका बत्रा को बेंगलुरु स्मैशर्स ने रिटेन किया है, जबकि एशिया खेलों के कांस्य पदक विजेता मानव ठक्कर यू मुंबा टीटी के साथ बने रहेंगे। ज्ञानशेखरन ने कहा, दबंग दिल्ली के लिये यह मेरा लगातार चौथा सीजन होगा। सबसे अविस्मरणीय क्षण निश्चित रूप से सीजन 2 में दबंग दिल्ली के लिये चैंपियनशिप प्वाइंट जीतना था। मैं इस साल फिर से दिल्ली परिवार के लिये खेलने और यूटीटी जीतने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

# लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचकर खिलाड़ियों ने जज्बा दिखाया : रोहित

नयी दिल्ली, 25 मई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि लगातार दूसरी बार इससे टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर उनकी टीम के खिलाड़ियों ने अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया विशेषकर तब जबकि टीम 2021 में खिताबी मुकाबले में हार गई थी। भारत सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की वेबसाइट पर जारी वीडियो में रोहित ने कहा,'' साउथम्पटन में पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद हमने तुरंत ही एकजुट होकर अगले चक्र के लिए तैयारियां शुरू कर दी थी।'' उन्होंने कहा,'' मेरा मानना है कि हमने इस चक्र में वास्तव में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली। हमारे सामने कई बार चुनौती पेश की गई और उससे पार पाने के लिए केवल कुछ खिलाड़ियों ने ही नहीं बल्कि सभी खिलाड़ियों ने शानदार जज्बा दिखाया।''

रोहित ने अपने साथी खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की जिन्होंने 2021 के फाइनल में न्यूजीलैंड से हारने की निराशा के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने कहा,'' यह दो साल का चक्र है और इस दौरान हमने काफी टेस्ट मैच खेले। इस चक्र में कई खिलाड़ी खेले। हर अवसर पर किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी संभाली। हम उनसे जिस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे थे उन्होंने वैसा प्रदर्शन किया।'' भारत अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपने तीन प्रमुख खिलाड़ियों ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर के बिना उतरेगा। यह तीनों खिलाड़ी चोटिल हैं। पहेले डब्ल्यूटीसी चक्र में रोहित के अलावा पंत और अय्यर का औसत ही 40 रन प्रति पारी से ऊपर रहा जबकि उस दौर में बुमराह ने 10 मैचों में 45 विकेट लिए।

वरिष्ठ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि टीम को इन तीनों खिलाड़ियों के योगदान को याद करना चाहिए। पुजारा ने कहा,'' कई खिलाड़ी हैं जिन्होंने टीम के लिए योगदान दिया। इनमें से कुछ खिलाड़ी अभी टीम का हिस्सा नहीं हैं लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि हम इस चक्र में योगदान देने वाले प्रत्येक खिलाड़ी के प्रयास को याद करें।'' वरिष्ठ ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

अश्विन ने कहा,'' इसकी शुरुआत निश्चित तौर पर 2014 से हो गई थी। महेंद्र सिंह धोनी ने संन्यास ले लिया था और हम सभी खिलाड़ियों ने बहुत कम टेस्ट मैच खेले थे तथा हमें वहां से अपनी यात्रा शुरू करनी थी।'' उन्होंने कहा,'' सीनियर खिलाड़ियों के बिना यह आसान काम नहीं था लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि हमने जो अथक प्रयास किए।

# एशिया कप आयोजन पर फैसला 28 को

मुंबई, 25 मई। एशिया कप 2023 के 'हाइब्रिड' आयोजन की अटकलों के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल के दौरान रविवार को इस टूर्नामेंट पर अंतिम फैसला ले सकता है। क्रिकबज़ की ओर से गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने श्रीलंका क्रिकेट, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्षों को आईपीएल फाइनल के लिये आमंत्रित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई सभी एशियाई बोर्डों की बैठक के बाद एशिया कप के आयोजन को लेकर घोषणा कर सकता है।

बीसीसीआई के सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, बंगलादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के संबंधित अध्यक्ष 28 मई को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2023 फाइनल की शोभा बढ़ाएंगे। हम एशिया कप 2023 के संबंध में भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने के लिये उनके साथ चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि 50 ओवर प्रारूप में होने वाले एशिया कप 2023 की मेजबानी मूल रूप से पाकिस्तान के हाथ में थी लेकिन बीसीसीआई ने इस टूर्नामेंट के लिये पड़ोसी देश का दौरा करने से साफ मना कर दिया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजम सेठी ने टूर्नामेंट के आयोजन के लिये 'हाइब्रिड मॉडल' का सुझाव दिया था जिसके तहत भारत अपने सभी मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेलेगा, जबकि अन्य मैच पाकिस्तान में खेले जायेंगे।

शाह के इस प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद सेठी ने नया मॉडल पेश किया था जिसके तहत एशिया कप के चार मैच पाकिस्तान में होने थे, जबकि अन्य मैच यूएई में आयोजित होने थे। क्रिकबज़ के अनुसार, पिछले एक हफ्ते में पर्दे के पीछे हुई बातचीत के बाद एसीसी के सदस्य आम सहमति पर पहुंच गये हैं। अब बस यह तय होना बाकी है कि एशिया कप का दूसरा आयोजन स्थल यूएई होगा या श्रीलंका। रिपोर्ट में कहा गया कि अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के एक अधिकारी आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से अमीरात में खेलने का अनुरोध करने के लिये भारत आये थे।

## भारत ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये तैयारियां शुरू की

लंदन, 25 मई। इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीमों के अभियान की समाप्ति के बाद लंदन पहुंच चुके भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिये तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया, भारतीय टीम की नयी प्रशिक्षण किट का अनावरण करते हुए। साथ ही, डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियां भी शुरू हुईं। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने स्पोर्ट्सवियर ब्रांड एडिडास के साथ पांच साल का अनुबंध किया है जिसके तहत भारतीय टीम की जर्सी एवं किट बदल गयी है। आईपीएल का सफर खत्म होने के बाद कोचिंग स्टाफ के साथ-साथ विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन, उमेश यादव, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज और जयदेव उनादकट लंदन रवाना हो चुके हैं। बीसीसीआई द्वारा जारी तस्वीरों में मुख्य कोच राहुल द्रविड़, बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, फील्डिंग कोच टी दिलीप और गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे के साथ शार्दुल और उमेश नज़र आये। भारत को सात जून से यहां द ओवल मैदान पर होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, ईशान किशन (विकेटकीपर)। स्टैंडबाय खिलाड़ी : रुतुराज गायकवाड़, मुकेश कुमार, सूर्यकुमार यादव।

## मैं बुमराह का विकल्प नहीं, सिर्फ अपनी जिम्मेदारी निभा रहा था : मधवाल

चेन्नई, 25 मई। इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स की 81 रन की आसान जीत में अहम भूमिका निभाने वाले आकाश मधवाल स्वयं को जसप्रीत बुमराह का विकल्प नहीं मानते और टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करके खुश हैं।

उत्तराखंड के इंजीनियर मधवाल ने बुधवार रात 3.3 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे मुंबई इंडियन्स की टीम फाइनल में जगह बनाने के एक और कदम करीब पहुंच गई। मधवाल ने मैच के बाद कहा, ''मैं टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। मैं बुमराह का विकल्प नहीं हूं लेकिन मैं जो कर सकता हूं उसे करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं।''

मौजूदा सत्र में चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच से तेज गेंदबाजों को अधिक मदद नहीं मिली लेकिन मधवाल ने बताया कि क्या चीज उनके पक्ष में रही। मधवाल ने कहा, ''चेपक का विकेट अच्छा था। आपने देखा होगा कि गेंद रुककर नहीं आ रही थी बल्कि तेजी से निकल रही थी। मैं स्विंग गेंदबाज हूं और मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करके विकेट हासिल करने की कोशिश करता हूं।''

इस बीच सुपरजाइंट्स के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने कहा कि उन्होंने बुधवार को स्टेडियम में 'कोहली, कोहली' के नारों का लुत्फ उठाया क्योंकि इससे उन्हें अपनी टीम के लिए अच्छा करने का जज्बा मिला। मौजूदा आईपीएल के लीग चरण के दौरान नवीन और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के स्टार बल्लेबाज कोहली के बीच तीखी बहस हुई थी। मुंबई के खिलाफ एलिमिनेटर में 38 रन पर चार विकेट चटकाने वाले नवीन ने कहा, ''मैंने इसका लुत्फ उठाया। मुझे मैदान पर सभी का उसका (विराट कोहली) या किसी अन्य खिलाड़ी का नाम लेना पसंद है। यह मुझे अपनी टीम के लिए अच्छा करने का जज्बा देता है।''

उन्होंने कहा, ''मैं बाहरी चीजों के बारे में नहीं सोचता। मैं सिर्फ अपने क्रिकेट और अपनी प्रक्रिया पर ध्यान लगाता हूं। दर्शकों के नारे लगाने या किसी और के कुछ कहने का मुझे पर कोई असर नहीं होता।'' नवीन ने कहा, ''पेशेवर खिलाड़ी के रूप में आपको इसके साथ चलना होगा। जब आप अपनी टीम के लिए अच्छा नहीं करोगे तो प्रशंसक आपको निशाना बनाएंगे।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए स्पष्ट पसंद होंगे भरत : शास्त्री

दुबई, 25 मई। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने इंग्लैंड में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में विकेटकीपर की भूमिका के लिए केएस भरत टीम प्रबंधन की 'स्पष्ट पसंद' होंगे।

भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत कार दुर्घटना से उबर रहे हैं और उनके विकल्प लोकेश राहुल की भी दाहिनी जांघ की सर्जरी हुई है। भारतीय टीम प्रबंधन इस बात को लेकर दुविधा में है कि ओवल में सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भरत और इशान किशन में से किसे चुना जाए।

शास्त्री ने कहा कि भरत ने इस साल की शुरुआत में बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान विकेटकीपिंग की थी इसलिए उन्हें उम्मीद है कि प्रबंधन इस 29 वर्षीय को इशान पर तरजीह देगा। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''आपको देखना होगा कि कौन बेहतर विकेटकीपर है। क्या यह भरत है या इशान किशन? अब तथ्य यह है कि भरत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका दिया गया था जहां उन्होंने सभी टेस्ट मैच खेले थे, मुझे लगता है कि वह एकादश में चुने जाने के लिए स्पष्ट पसंद होंगे।''

भरत ने विकेटकीपर के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। वह स्पिन की अनुकूल पिचों पर सिर्फ 101 रन ही बना पाए। दूसरी ओर किशन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका नहीं मिला और आईपीएल के दौरान राहुल के चोटिल होने के बाद उन्हें डब्ल्यूटीसी की भारतीय टीम में शामिल किया गया। शास्त्री ने संकेत दिया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के स्थल की परिस्थितियां तय करेंगी कि अंततः किस विकेटकीपर को खेलने का मौका मिलता है। शास्त्री ने कहा, ''देखिए, यह एक और कड़ा (फैसला) है। अब अगर दो स्पिनर खेल रहे हैं, तो आप चाहेंगे कि भरत खेलें।''

हालांकि भरत ने सिर्फ चार टेस्ट खेले हैं लेकिन लंबे प्रारूप में 90 प्रथम श्रेणी के मैचों का उनका घरेलू अनुभव उनका पलड़ा भारी करता है। दूसरी ओर इशान ने अभी टेस्ट में पदार्पण नहीं किया है और उन्होंने 48 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इशान ने भरत की तुलना में बल्ले से अधिक उपलब्धि हासिल की है।

# रोलां गैरो : सेमीफाइनल में भिड़ सकते है अल्काराज, जोकोविच

पेरिस, 25 मई। ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने गुरुवार को टूर्नामेंट का ड्रॉ जारी किया जिसके अनुसार शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ और दो बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में आमने-सामने हो सकते हैं। विश्व रैंकिंग के नंबर एक खिलाड़ी अल्काराज़ अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालिफायर खिलाड़ी के खिलाफ करेंगे, जबकि अपना 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब तलाश रहे जोकोविच का सामना पहले चरण में अमेरिका के एलेक्ज़ेंडर कोवासेविच से होगा। पिछले साल रिकॉर्ड 14वीं बार रोलां गैरो का खिताब जीतने वाले राफेल नडाल कूल्हे की चोट के कारण इस साल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। यह 2004 के बाद पहली बार होगा कि लाल बजरी के बेताज बादशाह नडाल अपने सबसे पसंदीदा टूर्नामेंट से दूर रहेंगे। रोलां गैरो 2022 के फाइनल में नडाल से हारने वाले कैस्पर रूड पहले चरण में क्वालिफायर खिलाड़ी का सामना करेंगे और क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला डेनमार्क के होल्गर रूने से हो सकता है। पिछले हफ्ते इटालियन ओपन में अपना पहला क्ले कोर्ट खिताब जीतने वाले दानील मेदवेदेव भी क्वालिफायर खिलाड़ी के विरुद्ध अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। क्वार्टरफाइनल में मेदवेदेव का मुकाबला इटली के जैनिक सिनर से हो सकता है। विश्व नंबर पांच स्तेफानोस सितसिपास पहले चरण में चेक गणराज्य के जिरी वेस्ली से मुकाबला करेंगे। पांचवीं सीड सितसिपास का मुकाबला क्वार्टरफाइनल में अल्काराज़ से हो सकता है।दूसरी ओर, फ्रेंच ओपन की गत महिला एकल चैंपियन और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक अपने अभियान की शुरुआत स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा के खिलाफ करेंगी। पोलैंड से आने वाली स्वियातेक क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की कोको गौफ से भिड़ सकती हैं। स्वियातेक ने पिछले साल रोलां गैरो जीतने के लिये गौफ को फाइनल में हराया था। मौजूदा विंबलडन चैंपियन ऐलीना रिबाकिना क्वालिफ़ायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तानी क्वार्टरफाइनल में विंबडलन उपविजेता ट्यूनीशिया की ओन्स जब्यूर से भिड़ सकती हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन और विश्व नंबर दो आर्यना सबालेंका अपने शुरुआती दौर में यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक का मुकाबला करेंगी। बेलारूस की इस खिलाड़ी का अंतिम आठ में संभावित मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रांस की कैरोलीन गार्सिया से होने की संभावना है। फ्रेंच ओपन का मुख्य ड्रॉ रविवार से शुरू होगा।

# जैसलमेर के मूलसागर में पाक विस्थापितों को ज़मीन आवंटित

## जैसलमेर कलैक्टर ने मूल सागर में यू.आई.टी. की ज़मीन पाक विस्थापितों को आवंटित की है

जैसलमेर, 25 मई (नि.सं.)। पाक विस्थापितों के घरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें इस तपती गर्मी में बेघर करने के मामले में हुये विरोध, आलोचनाओं और शिकायतों के बाद जिला कलैक्टर टीना डाबी ने इस मामले को शांत कराने का प्रयास किया है। उन्होंने पाक विस्थापितों को पुनः बसाने के लिए अन्यत्र जमीन चिन्हित कर दी है।

- **मूल सागर गांव जैसलमेर मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर है और यहां पर 40 बीघा ज़मीन विस्थापितों को दी गई है।**
- **कलैक्टर टीना डाबी खुद पाक विस्थापितों के बीच गईं व उन्हें ज़मीन आवंटित की। इस दौरान लोगों ने टीना डाबी का शानदार स्वागत किया।**
- **ज्ञातव्य है कि, टीना डाबी ने ही अमर सागर से विस्थापितों के घरों पर बुलडोज़र चलवाया था। उन्होंने यह कदम गांव के पूर्व सरपंच की शिकायत पर उठाया था, जिसके लिए उनकी कड़ी आलोचना हुई थी।**

गौरतलब है कि, जैसलमेर विधायक के दबाव में आकर कलैक्टर टीना डाबी ने आनन-फानन में जो फैसला लिया था उसके कारण पाक विस्थापितों को तपती गर्मी एवं धूप में घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, इससे पहले की यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर विरोध का विषय बनता उन्होंने मामले को शांत करवाने का उपाय ढूंढकर विधायक रुपाराम और पाक विस्थापितों, दोनों को ही राजी कर दिया है।

उन्होंने जैसलमेर मुख्यालय से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मूलसागर गांव की आबादी भूमि से 5 सौ मीटर की हद में जिला प्रशासन की पहल पर यू.आई.टी. ने 40 बीघा जमीन मुहैया करवाई है। जिला कलैक्टर टीना डाबी इस जमीन पर पाक विस्थापित परिवारों के बीच पहुंची और वहां पहुंचने पर उनका भावपूर्ण अंदाज में महिलाओं व पुरुषों ने स्वागत किया।

कलैक्टर का आभार जताने वालों में सीमांत लोक संगठन के अध्यक्ष हिंदूसिंह सोढ़ा भी इस मौके पर मौजूद रहे। विस्थापित परिवारों की महिलाओं के बीच जमीन पर बैठी कलैक्टर ने मिठाई मंगवाकर उनका मुंह मीठा करवाया तो एक वृद्धा ने पहले उनके हाथ से मिठाई लेकर उन्हें खिलाते हुए आशीर्वाद दिया कि, अवश्य उनके बेटा होगा और वे बहुत खुश रहेंगी। इस पर हंसते हुए कलैक्टर ने कहा कि, बेटी होगी तो भी चलेगी। कलैक्टर ने घूंघट से चेहरा ढंके महिलाओं से कहा कि, वे चेहरा तो दिखाएं। इस पर अनेक महिलाओं ने बहुत अनौपचारिक अंदाज में उनसे बातें की।



*जैसलमेर कलैक्टर टीना डाबी ने अमानवीय तरीके से पाक विस्थापितों के घरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर करने के बाद उपजे विरोध और आलोचनाओं को शांत करने का प्रयास किया। गुरूवार को टीना डाबी खुद पाक विस्थापितों के बीच पहुंचीं। उन्होंने बताया कि, पाक विस्थापितों के लिए यू.आई.टी. की अन्यत्र जमीन आवंटित कर दी गई है। उन्होंने पाक विस्थापित परिवारों की महिलाओं के बीच बैठकर उनसे बातचीत की।*

जिला कलैक्टर ने बताया कि, अमरसागर में कैचमेंट एरिया में और किसी अन्य को आवंटितशुदा भूखंड पर काबिज होने से पाकिस्तान से आए विस्थापितों को हटाने की कार्रवाई पूर्व सरपंच की शिकायतों पर की गई। इसके बाद विस्थापितों की मांग पर उनके रहने की तत्काल व्यवस्था करते हुए रैन बसेरे में रहने-खाने की व्यवस्था की गई और हमने वादा किया था कि, एक सप्ताह में उनके स्थायी रूप से बसने के लिए जमीन मुहैया करवाई जाएगी। इस बात की खुशी है कि, यह वादा तयशुदा समय से पहले पूरा किया गया। अब मूलसागर में आबादी भूमि से 5 सौ मीटर की परिधि में 40 बीघा जमीन केवल विस्थापितों के लिए आरक्षित की गई है।

जहां वे सुकून के साथ रह सकेंगे उन्हें उजाड़े जाने की कोई चिंता नहीं रहेगी। जिन्हें नागरिकता मिल चुकी है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर अपनी जमीन का पट्टा भी ले सकेंगे। जिनके पास अभी नागरिकता नहीं है, उन्हें भी यहां रहने में कोई परेशानी नहीं होगी।

कलैक्टर ने पीने के लिए पानी व बिजरी आदि आवश्यक व्यवस्थाएं भी जल्द करवाने का भरोसा दिलाया। हिंदूसिंह सोढ़ा ने कहा कि जब अमरसागर में कब्जे हटाने की कार्रवाई हुई तभी से वे जिला कलैक्टर के सम्पर्क में थे।

इस मौके पर यू.आई.टी. सचिव जगदीश सिंह आशिया सहित जिला प्रशासन व यूआइटी के कई अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

## कर्नाटक भाजपा विधायक पर एफ.आई.आर. दर्ज

मेंगलुरु, 25 मई (वार्ता)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर 24 हिंदुओं की हत्या में शामिल होने का कथित रूप से आरोप लगाने वाले भाजपा विधायक हरीश पूंजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

पूंजा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कथित रूप से यह टिप्पणी 22 मई को बेलथांगडी में एक जीत समारोह के दौरान की थी, जिसका आयोजन उनके दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी से विधायक के रूप में पुनः निर्वाचित होने के बाद किया गया था।

- **कर्नाटक के मु.मंत्री सिद्धारमैया पर 24 हिंदुओं की हत्या में शामिल होने का कथित रूप से आरोप लगाने के मामले में भाजपा विधायक हरीश पूंजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।**

पूंजा सामने आए एक वीडियो में कथित रूप से सिद्धारमैया पर 24 हिंदुओं की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाते हुए नजर आ रहे हैं।

सिद्धारमैया के खिलाफ कथित आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कर्नाटक कांग्रेस द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज की गई और उनके बाद विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पूंजा की विवादास्पद टिप्पणी की निंदा करते हुए सत्तारूढ़ कांग्रेस ने पुलिस से उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

# 'ऑस्ट्रेलिया में उनका पूरा विपक्ष मौजूद था'

नई दिल्ली, 25 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रेलिया के अपने तीन दिनों के दौरे से गुरुवार सुबह लौट आए। दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित करते हुए ऑस्ट्रेलिया की लोकतांत्रिक परम्परा का जिक्र किया तो वहीं इशारों में विपक्ष को भी सुना दिया। उन्होंने कहा कि, सिडनी में भारतीय समुदाय का जो कार्यक्रम में था, उसमें ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री, सांसद, विपक्षी दलों के नेता भी शामिल थे। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र की ताकत है। उन सभी लोगों ने साथ मिलकर भारतीय समुदाय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

- **प्र.मंत्री मोदी ने दिल्ली एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान ऑस्ट्रेलिया की लोकतांत्रिक परम्परा का वर्णन कर कांग्रेस और विपक्ष को जमकर घेरने का प्रयास किया।**
- **प्र.मंत्री मोदी ने कहा कि, सिडनी में 23 मई को भारतीय समुदाय का जो कार्यक्रम था, उसमें ऑस्ट्रेलिया के प्र.मंत्री एंथनी अल्बनीज़ के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री, सांसद, विपक्षी दलों के अधिकांश नेता भी शामिल थे। उन्होंने कहा, यही लोकतंत्र की ताकत है।**

अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने किसी का जिक्र तो नहीं किया, लेकिन उनका इशारा साफ था। उन्होंने ऐसे वक्त में यह बात कही है, जब नए संसद भवन के उद्घाटन का 19 विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। इस तरह पीएम नरेंद्र मोदी ने जब ऑस्ट्रेलिया के विपक्ष के भी कार्यक्रम में रहने की बात कही तो उन्होंने एक तरह से भारत में विपक्षी दलों के बायकॉट पर भी निशाना साध दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैंने वहां जिन भी लोगों और नेताओं से मुलाकात की, सभी ने भारत की जमकर तारीफ की। उन सभी लोगों ने हमारी तरफ से जी-20 की मेजबानी की सराहनी की और यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात रही। प्रधानमंत्री ने अपने दौरे की शुरुआत जापान से की थी। वह वहां जी-7 देशों के समिट में शामिल हुए थे। इसके बाद वह पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे। इस द्वीपीय देश की यात्रा रणनीतिक और कूटनीतिक लिहाज से बेहद अहम है। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने वहां के पीएम एंथनी अल्बनीज समेत विपक्ष के कई नेताओं से भी मुलाकात की। यही नहीं भारतीय समुदाय की ओर से आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

# 'कश्मीर में जी-20 बैठक का पाकिस्तान ने जमकर दुष्प्रचार किया'

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यह भी दावा किया कि, भारतीय सुरक्षाबलों की चौकसी के कारण जी-20 बैठक बेहद शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक माहौल में गुरुवार को सम्पन्न हुई है

श्रीनगर, 25 मई (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में तीन दिवसीय महत्वपूर्ण जी-20 गुरुवार को शांतिपूण तरीके से सम्पन्न हो गई। बैठक में भाग 60 विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गुरुवार को विदेशी प्रतिनिधियों के कश्मीर छोड़ने पर जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दावा किया कि, इस कार्यक्रम ने पड़ोसी देश (पाकिस्तान) की ओर से प्रचारित कई मिथकों की निंदा की है।

- **जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार जी-20 देशों के 60 प्रतिनिधियों ने पाकिस्तान द्वारा कश्मीर के संदर्भ में फैलाये जा रहे मिथकों एवं दुष्प्रचार की कड़ी निंदा की है।**
- **गौरतलब है कि, यह जी-20 बैठक पांच अगस्त 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना है।**

तीसरे पर्यटन जी-20 वर्किंग ग्रुप की बैठक जो सोमवार को शुरू हुई थी, अभूतपूर्व जमीनी सुरक्षा से लेकर हवाई सुरक्षा कवर के बीच आयोजित की गई थी। श्रीनगर में बैठक में लगभग 60 विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जी-20 बैठक पांच अगस्त 2019 के बाद से जम्मू और कश्मीर में पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना थी, जब तत्कालीन राज्य की विशेष स्थिति को समाप्त कर दिया गया था।

अधिकारियों ने कहा कि तीन दिवसीय सम्मेलन बुधवार को संपन्न हुआ और गुरुवार की सुबह विदेशी प्रतिनिधि चार्टर्ड विमान से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिनिधियों के वापस लौटने और जम्मू-कश्मीर के लोगों द्वारा लंबे समय तक संजोए जाने के लिए सभी अच्छी यादों को पीछे छोड़ने के साथ ही ऐतिहासिक कार्यक्रम का आज समापन हो गया।

प्रवक्ता ने कहा, इस घटना ने कई मिथकों और झूठे कश्मीर विरोधी और हमारे पड़ोसी देश द्वारा प्रचारित झूठे कश्मीर विरोधी और शांति विरोधी आख्यानों की निंदा करते हुए नए विस्तार और आशाएं खोली हैं।

प्रवक्ता ने कहा है कि कश्मीर के लोग पाक कथाओं के झूठ को देखने और हर तरह से पूरे दिल से स्वागत करने और इसमें भाग लेने के लिए विशेष प्रशंसा के पात्र हैं।

उन्होंने कहा, प्रतिनिधियों ने न केवल कश्मीर की सुंदरता का आनंद लिया बल्कि स्थानीय लोगों और उनके आतिथ्य की भी सराहना की।

पुलिस ने कहा कि लोगों के लिए पूर्ण सामान्य जीवन और व्यवसाय सुनिश्चित करने के लिए इस आयोजन के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंध कम से कम बाधक थे।

## 'भारतीयों का वीज़ा अमेरिका की सर्वोच्च प्राथमिकता'

नयी दिल्ली/ वाशिंगटन, 25 मई (वार्ता)। अमेरिका ने कहा है कि भारतीय वीजा प्रक्रिया में तेजी लाना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और भारत में उसकी कांसुलर टीमें वीजा प्रक्रिया तेजी से पूरा करने पर खासा जोर दे रही हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने इस मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा, फिर मैं विशेष रूप से अनुरोध के साथ कहूंगा-जैसा कि यह वीजा मुद्दे से संबंधित है। हम स्पष्ट रूप से मानते हैं कि यह चिंता का विषय है और हमारी कांसुलर टीमें प्रक्रिया में तेजी लाने पर खासा जोर दे रही हैं। उन्होंने कहा, यह हमारी सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है और मुझे पता है कि यह देश में हमारे दूतावास के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

- **अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि, हम इस ओर पूरा ध्यान दे रहे हैं तथा बहुत जल्द पुराने वीज़ा प्रोसैस को पूरा कर लिया जायेगा।**

दरअसल वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि भारत में वीजा प्रक्रिया में काफी देरी के मुद्दे पर क्या अमेरिका के नये राजदूत एरिक गारसेटी चुप्पी तोड़ेंगे।

# सुलह होगी या बढ़ेगी कलह, शुक्रवार को दिल्ली में होने वाली बैठक स्थगित

## राजस्थान की चुनावी रणनीति पर दिल्ली में खड़गे लेने वाले थे राजस्थान कांग्रेस नेताओं की बैठक

जयपुर, 25 मई (का.प्र.)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच सुलह हो सकती है या कलह यूं ही जारी रहेगी, इस बात का फैसला करने वाली 26 मई को दिल्ली मैं होने वाली बैठक स्थगित हो गई है। इधर, जयपुर में राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, दोनों नेताओं के बीच हो रही कलह व आंतरिक संघर्ष को लेकर बोले कि, जिस पार्टी, जिस घर में कुछ होता है लड़ाई उसी में होती है। जिस पार्टी, जिस घर में कुछ होता ही नहीं है तो उसमें क्या होगा? लड़ाई को हम कंट्रोल करेंगे।

- **प्रभारी रंधावा बोले- सचिन पायलट भी कांग्रेस के नेता, पार्टी को नहीं दिया कोई अल्टीमेटम।**
- **गहलोत ने भी पायलट पर आक्रामक होने की जगह एकजुट होकर चुनाव लड़ने और सरकार रिपीट करने की बातें की हैं।**

गुरुवार को जयपुर में बातचीत के दौरान, दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की बैठक में सचिन पायलट के शामिल होने के सवाल पर रंधावा ने कहा, "इस पर आपको कोई शक है? वे कांग्रेस पार्टी के नेता नहीं हैं क्या? कल आप बैठक में देख लेना जवाब मिल जाएगा।" वहीं सचिन पायलट के अल्टीमेटम पर रंधावा ने कहा कि, पायलट ने कांग्रेस को कोई अल्टीमेटम नहीं दिया है। जिन्हें अल्टीमेटम दिया है, वे इसका जवाब देंगे। मुझे अभी तक कोई अल्टीमेटम नहीं मिला है। अगर कांग्रेस हाईकमान को पायलट अल्टीमेटम देते तो मैं जवाब देता।

उल्लेखनीय है कि, कांग्रेस ने शुक्रवार को दिल्ली में चुनावी राज्यों के नेताओं की बैठक बुलाई थी, लेकिन गुरुवार शाम को इस बैठक को स्थगित कर दिया गया। इसमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान के चुनावों पर प्रमुखता से चर्चा होनी थी। राजस्थान प्रभारी रंधावा ने कहा था कि कल ए.आई.सी.सी. में चार राज्यों की बैठक है, चारों राज्यों की चुनावी रणनीति पर बात होगी।

इस बैठक में मुख्य मंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, चारों सह प्रभारी सहित कई नेता भाग लेने वाले थे। रंधावा ने पायलट के भी बैठक में भाग लेने की बात की थी।

प्रभारी रंधावा ने, सचिन पायलट की यात्रा और इसके बाद 15 मई की सभा में पायलट द्वारा अल्टीमेटम देने के मामले में बीच का रास्ता निकालकर सुलह करवाने के संकेत दिए हैं। एक दिन पहले ही गहलोत ने भी पायलट पर आक्रामक होने के बजाय एकजुट होकर चुनाव लड़ने और सरकार रिपीट करने की बातें की थीं।

बुधवार को गहलोत ने कहा था कि, पूरी कांग्रेस एकजुट होकर लड़े। पायलट के अल्टीमेटम के बारे में गहलोत ने कहा था कि, मीडिया बातों को ज्यादा फैला देता है, हम उस पर विश्वास नहीं करते हैं। हम मानते हैं कि पूरी कांग्रेस एकजुट होकर लड़े, हम चुनाव जीतकर आएंगे। गहलोत ने चुनावी बैठक के संदर्भ में कहा कि, हमारे यहां तो अनुशासन होता है, एक बार हाईकमान जो तय कर देता है, उस फैसले को सब मानते हैं। पहले सोनिया जी थीं, अब खड़गे साहब हैं, राहुल गांधी हैं, ये जब एक बार फैसला कर लेते हैं तो सभी लोग उनके फैसले को मानते हैं और सब अपने अपने काम पर लग जाते हैं।

दूसरी ओर सचिन पायलट ने भी ईस्टर्न रीजनल कनाल प्रोजेक्ट (ई.आर.सी.पी.) को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा इस मामले में मौन रहने को समझ से परे बताया है। दरअसल सचिन पायलट पर अब तक कांग्रेस के नेताओं की ओर से ही आरोप लगे हैं कि, वे गजेंद्र सिंह शेखावत को लेकर कोई बात नहीं कहते हैं। ऐसे में गजेंद्र सिंह शेखावत को लेकर पायलट द्वारा की गई ट्वीट से यह साफ हो गया कि, ई.आर.सी.पी. पर वे पार्टी के स्टैंड के साथ खड़े हैं।

## राहुल गांधी की अमेरिका...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेकिन अब आखिरी क्षणों में आए कानूनी पेंच से कांग्रेस चिंतित है। शुक्रवार को कोर्ट राहुल की पासपोर्ट के लिए एन.ओ.सी. जारी करने की मांग करने वाली याचिका पर फैसला सुना देगा। अमेरिका प्रवास के दौरान राहुल गांधी के सैन फ्रांसिस्को, न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन डी.सी. में कार्यक्रम हैं। वे तीनों शहरों में दो-दो दिन रहेंगे। सेंटा क्लारा के सेंटा क्लारा मैरिअट में वे 30 मई को एन.आर.आई. समुदाय से बातचीत करेंगे।

सिलीकॉन वैली में स्टैनफर्ड युनिवर्सिटी में वे 31 मई को "द न्यू ग्लोबल इक्वलीशियम" पर व्याख्यान देंगे। स्टैनफर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजऩैस में सैंटर कॉ डैमोक्रेसी, डैवलपमैंट एण्ड द रूल ऑफ लॉ ने यह आयोजन किया है

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बिज़नैस लीडर्स, कलाकारों के साथ भी पृथक वार्ताएं करेंगे तथा कुछ मीडिया इंटरव्यू भी देंगे।

राहुल एक और दो जून को वॉशिंगटन डी.सी. में रहेंगे वहां नैशनल प्रैस क्लब में भारतीय लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सतत व सबको साथ लेकर चलने वाले आर्थिक विकास पर व्याख्यान देंगे। सी.एन.एन. के लिए फरीद ज़कारिया के साथ इंटरव्यू की बात भी चल रही है। भारतीय मूल के एक अमेरिकी बिज़नैस मैन फ्रैंक इस्लाम उनके लिए रात्रि भोज देंगे जिसमें बिज़नैस लीडर्स और सीनेटर्स व कांग्रेस मैन शामिल होंगे।

राहुल 4 जून जाविट्स सैंटर में भारतीय मूल के अमेरिकन लोगों को संबोधित करेंगे और इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस मैम्बर्स से भी मिलेंगे।

## पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन तिहाड़ जेल के बाथरूम में फिसले

नयी दिल्ली, 25 मई (वार्ता)। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को गुरुवार सुबह तिहाड़ जेल के बाथरूम में फिसलकर गिर जाने के बाद दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया और उन्हें मामूली चोटें आयीं। तिहाड जेल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

तिहाड़ जेल के अधिकारी ने दावा किया कि आज सुबह करीब छह बजे जैन सेंट्रल जेल नंबर 7 स्थित अस्पताल के एमआई रूम के बाथरूम में गिर गए। उन्हें कमजोरी महसूस होने पर डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया था।

तिहाड़ जेल के अधिकारी ने कहा कि उन्हें पीठ, बाएं पैर और कंधे में दर्द की शिकायत के बाद डीडीयू अस्पताल स्थानांतरित किया गया है।

- **दिल्ली पुलिस ने बताया कि, उन्हें पीठ, बाएं पैर और कंधे पर चोटें आईं हैं।**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की तबीयत बिगड़ने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो इंसान जनता को अच्छा इलाज और अच्छी सेहत देने के लिए दिन-रात काम कर रहा था उसे एक तानाशाह मारने पर तुला है।

केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा,जो इंसान जनता को अच्छा इलाज और अच्छी सेहत देने के लिए दिन-रात काम कर रहा था, आज उस भले इंसान को एक तानाशाह मारने पर तुला है। उस तानाशाह की एक ही सोच है, सबको ख़त्म कर देने की।

## प्रवीण सूद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एडीजीपी; प्रधान सचिव (गृह); डीजीपी (आंतरिक सुरक्षा) तथा डीजीपी (सीआईडी) शामिल हैं। उन्होंने मॉरीशस सरकार के सलाहकार के रूप में काम किया। उन्होंने हाई नेट-वर्थ व्यक्तियों (-) से जुड़े हाई प्रोफाइल मामलों एवं अंतर-राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव वाले मामलों की जांच की और साइबर अपराध, सूचना प्रौद्योगिकी आदि सहित अपराध की जांच और ख़ोज की भी निगरानी की है। विशेष रूप से, उन्होंने सी.सी.टी.एन.एस. (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम्स) और न्यायपालिका के साथ आई सी जे एस (इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) नेटवर्क को कर्नाटक राज्य में मजबूत करने के लिए काम किया।

प्रवीण सूद को वर्ष 2011 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक एवं वर्ष 2002 में सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से अलंकृत/सम्मानित किया गया। उन्हें सेवा में उत्कृष्टता हेतु मुख्यमंत्री के स्वर्ण पदक से वर्ष 1996 में सम्मानित किया गया; वर्ष 2011 में "यातायात प्रबंधन हेतु प्रौद्योगिकी के सबसे नवीन उपयोग" के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नैन्स गोल्ड पुरस्कार एवं सड़क सुरक्षा व यातायात प्रबंधन में योगदान हेतु वर्ष 2006 में प्रिंस माइकल इंटरनेशनल रोड सेफ़्टी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात, प्रवीण सूद ने सी.बी.आई. के अधिकारियों से बातचीत की।

# 'राहुल और सोनिया ने किस हैसियत से छत्तीसगढ़ की विधानसभा का उद्‌घाटन किया था?'

## भाजपा ने इतिहास की घटनायें याद दिलाकर विपक्ष और कांग्रेस को, किसी भी चीज़ के उद्‌घाटन में राज्यपालों और राष्ट्रपतियों को ना बुलाने के कई मौकों की याद दिलाई

नई दिल्ली, 25 मई। नए संसद भवन के उद् घाटन के मसले पर विपक्ष की ओर से जताये जा रहे विरोध को लेकर इतिहास के पन्ने पलट कर भाजपा ने कांग्रेस और विपक्ष को जमकर घेरा है। भाजपा ने भी कांग्रेस और विपक्षी दलों की ओर से राज्यपालों और राष्ट्रपति को किसी भी चीज के उद्‌घाटन में ना बुलाने की याद दिलाई है। भाजपा आई.टी. सैल के प्रमुख अमित मालवीय ने तो छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा के शिलान्यस का शिलापट्ट ही सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

- **भाजपा आई.टी. सैल के प्रमुख, अमित मालवीय ने तो छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा के शिलान्यस का शिलापट्ट ही सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया है। उन्होंने लिखा है कि, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने सिर्फ एक सांसद की हैसियत से छत्तीसगढ़ विधानसभा के नये भवन का उद्‌घाटन किया था। तब उनको राज्यपाल की याद नहीं आई थी, राज्यपाल का पद राज्य में संवैधानिक तौर पर सर्वोच्च होता है।**

इस शिलापट्ट में उद्‌घाटन करने वाले नेताओं में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम हैं। दोनों ने ही सांसद की हैसियत से उद्‌घाटन किया था। इसी को लेकर भाजपा ने सवाल उठाया है कि आखिर तब गवर्नर को ना बुलाकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी से क्यों उद्‌घाटन कराया गया। अमित मालवीय ने लिखा, छत्तीसगढ़ में विधान सभा शिलान्यास के समय (अगस्त 2020 में) गवर्नर अनुसुइया उईके जी थीं। मध्य प्रदेश के छिन्दवाड़ा से आती हैं। जनजातीय समाज से हैं। उनका नाम शिलापट्ट पर नहीं है, लेकिन सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम अंकित है। सोनिया और राहुल गांधी मात्र सांसद हैं। फिर किस प्रोटोकॉल के अन्तर्गत उनसे भूमि पूजन करवाया? गवर्नर को क्यों नहीं बुलाया? उनसे पहले शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने भी याद दिलाया था कि अपने समय में इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने खुद ही संसद भवन की इमारतों का उद्‌घाटन कर दिया था। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि बीते 9 सालों में किसी भी राज्य में उद्‌घाटन कार्यक्रम के लिए राज्यपाल या राष्ट्रपति को नहीं बुलाया गया।

## 2021 से जबर्दस्ती ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई स्पष्ट तस्वीर नहीं है कि सरकारी नीतियों पर निर्णय कौन करता है तथा जो सलाहकार वैज्ञानिकों से पूछे बिना काम करते हैं वे आखिर किसके हित साध रहे हैं। देश की 80 करोड़ जनता 137 लाख टन फोर्टिफाइड चावल खा चुकी है जबकि इस पर कोई रिसर्च नहीं हुई है।

खेड़ा ने कहा, वैज्ञानिकों द्वारा निर्णय नहीं हुआ बल्कि ठेकेदार व सलाहकार फैसले कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसा क्यों किया? नीदरलैंड की एक कंपनी ने भारत में फैक्ट्री लगाई है और फोर्टिफाइड चावल तैयार कर 1800 करोड़ रु. कमा चुकी है। यह फर्म आधा दर्जन एन.जी.ओ. को पैसा देती है जो इसके लिए काम करते हैं।

उन्होंने कहा लौह तत्व युक्त चावल दिया जा रहा है जबकि यह थैलसीमिया व डायबिटीज़ के मरीजों को नुकसान पहुंचा सकता है।

## 'नई संसद के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है वे हैं भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), नैशनल पीपुल्स पार्टी (कॉनरॉड) संगमा), नैशनलिस्ट डैमोक्रेटिक प्रोग्रैसिव पार्टी (चिंगवांग कोन्याक), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (प्रेमसिंह तमांग) राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (चिराग पासवान), अपना दल (अनुप्रिया पटेल), रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (रामदास अठावले) तमिल मानीला कांग्रेस (जी.के. वासन), अन्नाद्रमुक (ई.पलानी स्वामी), ऑल झारखंड स्टूडैंट्स यूनियन (सुदेश महतो), मिज़ो नैशनल फ्रंट ऑफ ज़ोरामथंगा, जगन रेड्डी की पार्टी वाय.एस.आर.सी.पी.3, तेलुगूदेसम, शिरोमणि अकाली दल, बीजू जनता दल। 19 विपक्षी दलों, जिन्होंने संयुक्त वक्तव्य जारी कर मांग की थी कि उद्‌घाटन राष्ट्रपति से करवाया जाए, ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले दलों की लिस्ट को 2024 के चुनावों की भाजपा की तैयारी कहा और कहा चुनाव में 19 पार्टियों का मुकाबला 16 पार्टियों से होगा।

## 'लोकसभाध्यक्ष ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पत्र में इन प्रतिबंधों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई है, जो महत्वपूर्ण सूचनाओं और जानकारियों को जनता तक पहुँचने से रोकते हैं तथा नके जानकारी प्राप्त करने के अधिकार का निषेध करते हैं तथा प्रैस की स्वतंत्रता को सीधा प्रभावित करते हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 19 में प्रतिपादित की गई है।

जहाँ विपक्ष के अनेकानेक नेता लगातार माँग करते आ रहे हैं कि संसद के सैन्ट्रल हॉल तथा प्रैस गैलरी में मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर लगे इस प्रकार के प्रतिबंध तुरन्त हटाये जायें, यह गहरी चिंता का विषय है कि प्रैस क्लब ऑफ इण्डिया तथा पत्रकारों के अन्य विशिष्ट संगठनों, जिनमें एडिटर'स गिल्ड ऑफ इण्डिया भी शामिल है, के बार-बार अनुरोधों के बावजूद, इस पत्रकार विरोधी सोच के सुधार की दिशा में कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाया गया है।

## 'कर्नाटक में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कांग्रेस एक "पुजारी प्रकोष्ठ" बनाया है।

वर्ष 1995 और 2008 में जारी मध्यप्रदेश लैंड रैवेन्यु कोर्ड ने एक सर्कुलर जारी किया था जिसके बाद मंदिरों के रैवेन्यु रिकॉर्ड से पुजारियों के नाम हटा दिए गए थे और वे सिर्फ केयर टेकर बन कर रह गए।

इस निर्णय ने पुजारियों को नाराज़ कर दिया क्योंकि इसके बाद वे ना तो जमीन को बेच सकते थे और ना ही किसान क्रेडिट कार्ड, खाद सब्सिडी, कर्ज राहत जैसी कृषि कल्याण जोनाओं का फायदा ले सकते थे। कांग्रेस ने इस अवसर को भाजपा के हिंदुत्व वोट बैंक तक पहुंचने का जरिया बना लिया।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908